### मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 28.5 | 23.0 |
| डालटनगंज | 32.4 | 25.1 |
| धनबाद | 31.4 | 25.8 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, गुरुवार 31 जुलाई 2025 ● श्रावण शुक्ल पक्ष 07, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 114 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12


## पैसिफिक रिंग ऑफ फायर
### 12 देशों में तबाही और खौफ का मंजर

# रूस में 8.8 तीव्रता के भूकंप से हिली दुनिया, सुनामी अलर्ट

शुभम संदेश डेस्क

रूस के कामचटका प्रायद्वीप के पास बुधवार को आए 8.8 तीव्रता के भूकंप ने प्रशांत महासागर में हलचल मचा दी है. इस भूकंप की ताकत इतनी थी कि इसे हिरोशिमा जैसे 9,000 से 14,000 परमाणु बमों के विस्फोट के बराबर बताया गया. इसने 12 देशों में सुनामी का खतरा पैदा कर दिया है, जिससे तटीय इलाकों में तबाही और खौफ का माहौल है. यह समंदर जिसे पैसिफिक रिंग ऑफ फायर कहते हैं, भूकंप और सुनामी का एक खतरनाक घेरा है. आइए, समझें कि प्रशांत महासागर और ओखोत्सक सागर क्या हैं? यह रिंग ऑफ फायर क्या है? इसने किन देशों को प्रभावित किया? यह इतना खतरनाक क्यों है?



**प्रशांत महासागर और ओखोत्सक सागर:** प्रशांत महासागर दुनिया का सबसे बड़ा और गहरा महासागर है, जो 165.25 मिलियन वर्ग किलोमीटर में फैला है. इसकी औसत गहराई 4,280 मीटर है. यह एशिया और ऑस्ट्रेलिया को पश्चिम में और उत्तरी व दक्षिणी अमेरिका को पूर्व में जोड़ता है. इस महासागर में कई मार्जिनल सीज़ (उप-सागर) हैं, जिनमें से एक है ओखोत्सक सागर. ओखोट्स्क सागर प्रशांत महासागर का एक उत्तर-पश्चिमी हिस्सा है, जो रूस के कामचटका प्रायद्वीप, कुरील द्वीप, जापान के होक्काइडो द्वीप, सखालिन द्वीप और पूर्वी साइबेरियाई तट से घिरा है. यह 1.58 मिलियन वर्ग किमी में फैला है, जिसकी औसत गहराई 859 मीटर और अधिकतम गहराई 3,372 मीटर है.

### पैसिफिक रिंग ऑफ फायर क्या है

पैसिफिक रिंग ऑफ फायर प्रशांत महासागर के चारों ओर एक घेरा है, जहां पृथ्वी की टेक्टोनिक प्लेट्स (धरती की सतह की विशाल चट्टानें) आपस में टकराती हैं. यह घेरा चिली से शुरू होकर दक्षिण अमेरिका, मध्य अमेरिका, मेक्सिको, अमेरिका के पश्चिमी तट, अलास्का, जापान, फिलीपींस, न्यू गिनी और न्यूजीलैंड तक फैला है. दुनिया के 90% भूकंप इसी इलाके में आते हैं. ओखोत्सक सागर इस रिंग का एक हिस्सा है, जो कामचटका और कुरील द्वीपों के पास भूकंपीय रूप से बहुत सक्रिय है. जब इन टेक्टोनिक प्लेट्स में टकराव या हलचल होती है, तो समुद्र का तल हिल जाता है, जिससे सुनामी की लहरें पैदा होती हैं. 30 जुलाई 2025 का कामचटका भूकंप इसी रिंग ऑफ फायर का हिस्सा था, जिसने प्रशांत महासागर और ओखोत्सक सागर में सुनामी का खतरा पैदा किया.



### किन देशों और शहरों में सुनामी का खतरा

सुनामी की लहरें प्रशांत महासागर और ओखोत्सक सागर के तटीय इलाकों तक पहुंच रही हैं. नीचे प्रभावित देशों और उनके प्रमुख शहरों की स्थिति का विवरण है... रूस (कुरील द्वीप, पेट्रोपावलोव्स्क-कामचट्स्की), जापान (होक्काइडो, तोहोकु, फुकुशिमा), हवाई (होनोलूलू, हिलो, काउई, ओआहु), कैलिफोर्निया (क्रेसेंट सिटी, सैन फ्रांसिस्को, लॉस एंजिल्स), अलास्का (एल्यूशियन द्वीप, अमचित्का, कोडिएक), सोलोमन द्वीप, चिली, इक्वाडोर, पेरू, फिलीपींस, गुआम और नॉर्दर्न मारियाना द्वीप और न्यूजीलैंड.

**कामचटका भूकंप और सुनामी का खतरा :** बुधवार को सुबह 8:25 बजे (कामचटका समय, यानी 4:55 एएम आईएसटी), रूस के कामचटका प्रायद्वीप के पूर्वी तट से 126 किमी दूर ओखोत्सक सागर में 8.8 तीव्रता का भूकंप आया. इसकी गहराई सिर्फ 19.3 किमी थी, जिसकी वजह से समुद्र का तल हिल गया और सुनामी की लहरें पैदा हुईं. प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने बताया कि 1-3 मीटर ऊंची लहरें हवाई, जापान, सोलोमन द्वीप और चिली तक पहुंच सकती हैं, जबकि रूस और इक्वाडोर में 3 मीटर से ज्यादा ऊंची लहरें संभव हैं. यह भूकंप इतना शक्तिशाली था कि इसने रूस, जापान, हवाई, कैलिफोर्निया, अलास्का, सोलोमन द्वीप, चिली, इक्वाडोर, पेरू, फिलीपींस, गुआम और न्यूजीलैंड जैसे 12 देशों में सुनामी की चेतावनी जारी कर दी. इन देशों के तटीय इलाकों में लाखों लोग खतरे में हैं. कई जगहों पर निकासी शुरू हो चुकी है. -शेष पेज 09 पर

### ब्रीफ न्यूज

#### मुस्लिम बन कर धमकी देने वाला निकला हिंदू

**लंदन।** लंदन से एक भारतीय ने इजीजेट की उड़ान के दौरान हंगामा खड़ा कर दिया, जिससे फ्लाइट की स्कॉटलैंड के ग्लासगो में आपात लैंडिंग करानी पड़ी. अभय देवदास नायक नाम के शख्स ने फ्लाई में अल्लाहु अकबर के नारे लगाये और फ्लाइट को बम से उडाने की धमकी दी. घटना दो दिन पहले की है. प्लेन लंदन के ल्यूटन एयरपोर्ट से ग्लासगो के लिए चला था. इस दौरान, अभय देवदास नायक ने अचानक जोर-जोर से नारेबाज़ी शुरू कर दी. उसने बम की धमकी दी. उस व्यक्ति ने महिला के साथ भी धक्का-मुक्की की. उसे गिरफ्तार कर लिया गया.

#### गाड़ी पर गिरी चट्टान, दो सैन्य अफसर शहीद

**गलवान।** लद्दाख की गलवान घाटी में दुरबुक से चोंगताश की ओर जा रहा एक सैन्य वाहन भूस्खलन की चपेट में आ गया. घटना में सेना के दो अधिकारी शहीद हो गए, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं. घायलों को एयरलिफ्ट कर सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है. सेना की फायर एंड फ्यूरी कोर ने एक्स पर लिखा- जीओसी,लेफ्टिनेंट कर्नल भानु प्रताप सिंह और लांस दफादार दलजीत सिंह को सलाम करते हैं, जिन्होंने बुधवार को लद्दाख में कर्तव्य निभाते हुए बलिदान दिया. दुख की घड़ी में उनके परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं.

#### सुकमा में मारा गया 5 लाख का इनामी नक्सली

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के केरलापाल थाना क्षेत्रांतर्गत गोगुंडा-डोंगिनपारा में हुई मुठभेड़ में मारे गए नक्सली की शिनाख्त पांच लाख के इनामी केरलापाल एसीएम कैडर के रूप में हुई है. एसपी किरण चव्हाण ने बुधवार को बताया कि सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई. मुठभेड़ स्थल का सर्च करने पर एक पुरुष वर्दीधारी नक्सली का शव हथियार सहित बरामद हुआ. नक्सली की पहचान पांच लाख का इनामी कोटला गंगा उर्फ मुचाकी गंगा निवासी गोगुंडा सुकमा, एरिया कमेटी मेंबर के रूप में हुई है.

## प्रसंग : ऑपरेशन सिंदूर पर दो दिन की बहस

# संसद में लफ्फाजी के बीच आक्रामक शब्दों की आमद

आनंद सिंह

सोशल मीडिया पर इन दिनों दो-तीन आक्रामक शब्द खूब लिखे जा रहे हैं.



ये हैं- धो दिया. गर्दा उड़ा दिया. परखच्चे उड़ा दिए. इसी तरह के बड़े जुझारू शब्द लिखे जा रहे हैं. प्रसंग है संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर बहस. ये सारे जुझारू टाइप के शब्द प्रधानमंत्री मोदी के जवाब के बाद सोशल मीडिया पर अवतरित हुए हैं. प्रधानमंत्री मोदी के टारगेट पर सदैव से कांग्रेस रही है. इस बार भी कांग्रेस ही रही. प्रियंका गांधी ने ठीक ही कहा कि अरे आपको तो एक बहाना चाहिए नेहरू खानदान का नाम गिनाने का ! जब मौका मिलता है, आप नेहरू जी से लेकर हम लोगों का नाम लगते हो गिनाने.

प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर 'ताबड़तोड़ हमले' किये और पानी पी-पी कर कोसा. मोदी ने अपने भाषण में कहा: अगर सन 1971 में तत्कालीन नेतृत्व यानी इंदिरा गांधी के पास विजन होता तो पाक अधिकृत कश्मीर हमारा होता. उनके इस बयान पर संसद में जबरदस्त हंगामा हुआ. कांग्रेसियों ने संसद के अंदर और बाहर कहा कि 2025 में ऑपरेशन सिंदूर में उन्हें यानी प्रधानमंत्री मोदी को मौका मिला, तो उन्होंने इसे क्यों गंवा दिया? क्यों नहीं सेना को आदेश दिया और पीओके पर कब्जा कर लिया?

संसद में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर लगातार दो दिन चर्चा हुई. यह चर्चा ऑपरेशन सिंदूर पर कम, कांग्रेस और भाजपा के ज्यादा केंद्र में आकर खड़ी हो गई है. भाजपा वाले कांग्रेस पर हमला करते-करते एकाध बार ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र कर देते हैं. ऐसे ही कांग्रेस वाले भाजपा पर हमला करते-करते एकाध बार ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र कर देते हैं. दोनों ही पार्टियों ने ऑपरेशन सिंदूर की आड़ में एक-दूसरे पर जितने हमले करने थे, किये. देश को क्या मिला? देश को जो जवाब चाहिए था, वह तो मिला ही नहीं. देश के सामने यह सवाल था कि उसके कितने लड़ाकू विमान मार गिराए गये, हमने पाकिस्तान के कितने लड़ाकू विमान मार गिराये और भारत-पाक के कितने सैनिकों ने अपनी जान कुर्बान की? लेकिन, इस सवाल पर तो कोई चर्चा हुई ही नहीं. आपको कोई जवाब मिला हो, तो मुझे भी बताइएगा.

आपको याद होगा, इस चर्चा की शुरुआत रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने की थी. उन्होंने एक बार भी चीन का नाम नहीं लिया. उन्होंने एक बार भी हमारे लड़ाकू जहाजों के बारे में मुंह तक नहीं खोला. घंटा भर के भाषण में वह सरकार का ही, खास कर प्रधानमंत्री मोदी का ही गुणगान करते नजर आए. गोया अगर गुणगान नहीं करेंगे तो कहीं रक्षामंत्री की कुर्सी हाथ से न चली जाए. उन्होंने एक बार भी यह सच देश को बताने का प्रयास नहीं किया कि हमारे लड़ाकू जहाज गिराए गये या नहीं या फिर चीन की इसमें भूमिका क्या रही, जबकि पूरी दुनिया जानती है कि चीन और तुर्किए ही दो ऐसे देश थे, जिन्होंने ताल ठोक कर भारत के खिलाफ पाकिस्तान को हर तरह की सहायता दी. तुर्किए ने अपना समुद्री जंगी जहाज और ड्रोन आदि पाकिस्तान को दिया था और चीन ने तो आर्टिलरी से लेकर एचक्यू 9 और एचक्यू 15 (बैलेस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली) दिया था. इसके अलावा अपने घातक मिसाइल भी दिये थे. इन सभी पर राजनाथ सिंह ने एक शब्द भी नहीं बोला.

उन्हें प्रियंका गांधी और बाद में राहुल गांधी ने घेरा. दोनों ने ही चुभते हुए सवाल खड़े किये. राहुल गांधी ने नेता विपक्ष होते हुए हिंदी में कम, अंग्रेजी में ही अपना भाषण रखा, सवाल पूछे और उनकी बॉडी लैंग्वेज से लगा कि वह सरकार को हिलाने के मूड में हैं. उन्होंने सीधे-सीधे कहा कि मोदी, सेना की आड़ में अपनी छवि चमका रहे हैं. उनमें इतना आत्मबल नहीं कि ट्रंप के 29 बार के दावे में एक बार सिर्फ कह दें कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं. राजनीतिक इच्छाशक्ति मोदी में है ही नहीं. सेना का हाथ आपने बांध दिया. चीन ने पाकिस्तान की मदद की. लेकिन इसका जिक्र न तो रक्षामंत्री ने अपने भाषण में किया, न ही मोदी ने. दरअसल, संसद के दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जो बहस चली, और आज जिस बहस में विदेश मंत्री भी शामिल हुए, वह कोई मैसेज कम्युनिकेट कर पाने में अभी तक विफल रही है. यह बहस कम, लफ्फाजी ज्यादा है, जिसमें वर्तमान का कम, पचास साल पुराने इतिहास का ज्यादा जिक्र देखा जा रहा है. बड़ा सवाल यह है कि जब अमेरिका का राष्ट्रपति यह कहता है कि उसने भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध को रुकवाया और उसका हथियार बना बिजनेस डील, तो हमारी प्रतिक्रिया क्या रही? अमेरिकी राष्ट्रपति यह भी कहते हैं कि उन्होंने मोदी को फोन किया और युद्ध रुकवाया. अब मोदी ने डायलॉग मारा है कि दुनिया के किसी भी देश ने युद्ध रोकने को नहीं कहा. -शेष पेज 09 पर



### सोशल मीडिया में क्या चल रहा है...

सोशल मीडिया पर इस बहस को लोग जनता को उल्लू बनाने का उपक्रम बता रहे हैं. फेसबुक पर अनिल जैन नामक एक सज्जन ने वीडियो अपलोड किया है, जिसमें मोदी भाषण दे रहे हैं और सत्ता पक्ष के लोग सो रहे हैं. इस पर शानदार कमेंट्स भी आए हैं. एक ने लिखा : फेंकू को सुनकर अब नहीं झेलना होता. थोड़ा आराम ही कर लिया जाए. दूसरे ने इस पर टिप्पणी की : बकवास सुनकर नींद आना अच्छी सेहत की पहचान है. तीसरे यूजर ने लिखा : सबको पता है कि सूरज डूब रहा है. एक और सज्जन ने लिखा : उनको भी पता है कि ये नेहरू जी को याद करेंगे, बाकी तो कुछ करेंगे नबीं. जब जवाब नबीं देते बनेगा तो पानी पीयेंगे. एक सज्जन ने लिखा है-सुनते सुनते भाव विभोर हो गए भगत लोग....

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का रांची आगमन आज

# सीएम करेंगे आगवानी व वित्त मंत्री करेंगे विदा

शुभम संदेश। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को बिरसा एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की आगवानी करेंगे. वहीं वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर राष्ट्रपति को विदा करेंगे. राष्ट्रपति के दो दिवसीय झारखंड दौरे का शिड्युल फाइनल हो गया है. राष्ट्रपति भवन ने सरकार को कार्यक्रम का मिनट टू मिनट भेज दिया है. तय कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति गुरुवार को कोलकाता से दिन के 12.30 बजे देवघर आएंगी. वहां एम्स के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के बाद शाम 5.20 बजे रांची पहुंचेंगी. राजभवन में रात्रि विश्राम करने के बाद अगले दिन एक अगस्त को सुबह 10 बजे रांची एयरपोर्ट से दुर्गापुर के लिए रवाना होंगी. दुर्गापुर से हेलीकॉप्टर से वह 11.40 बजे धनबाद पहुंचेंगी. धनबाद में आईआईटी (आईएसएम) के दीक्षांत समारोह में भाग लेने के बाद 3.10 बजे हेलीकॉप्टर से दुर्गापुर चली जाएंगी.

**प्रशासन मुस्तैद:** इधर सरकार और जिला प्रशासन ने राष्ट्रपति के आगमन को लेकर अपनी तैयारियां पूरी कर ली है. राष्ट्रपति के आगमन को लेकर रांची एयरपोर्ट से राजभवन तक, मुख्य मार्ग पर बैरेकेटिंग की गयी है. राजधानी में राष्ट्रपति के आगमन को लेकर गुरुवार की शाम 4 बजे से 7 बजे तक यातायात का दबाव कम करने का निर्णय लिया गया है. इसके लिए लोगों से भी इस मार्ग पर कम चलने का आग्रह किया गया है. एक अगस्त की सुबह आठ बजे से 10 बजे तक इस मार्ग पर फिर आवागमन को रोका जाएगा.



### कई क्षेत्रों में नो फ्लाई जोन

राष्ट्रपति के रांची आगमन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही है. वहीं उनकी सुरक्षा को लेकर भी कड़े इंतजाम किये जा रहे हैं. इसी बीच सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने विशेष तैयारी की है. और बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से लेकर हिनू चौक, बिरसा चौक, अरगोड़ा चौक और राजभवन तक के 200 मीटर के दायरे को नो फ्लाइंग जोन घोषित कर दिया है. प्रशासन के द्वारा जारी ये आदेश ड्रोन, पैराग्लाइडिंग और हॉट एयर बैलून जैसी उड़ने वाली गतिविधियों पर लागू किया गया है. मतलब अब इस क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति या संस्था इन सब गतिविधियों का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे.

### घुसपैठ की कोशिश नाकाम पुंछ में दो आतंकवादी ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में बॉर्डर पर सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दी है. दो आतंकियों को मार गिराने में सफलता हासिल की है. कश्मीर में पुछ में बॉर्डर पर सीमापार से घुसपैठ की कोशिश को नाकाम किया गया. बलों ने दो आतंकियों को मार गिराया. अभी परेशन जारी है. बता दें कि पुंछ में एलएसी पर स्थित दिगवार सैक्टर में आतंकियों ने घुसने की कोशिश की. अलर्ट सुरक्षाबलों ने संदिग्ध गोलीबारी की. आतंकियों ने भी फायरिंग की. व्हाइटनाइट कॉर्प्स के अनुसार, ऑपरेशन शिवशक्ति के घुसपैठ को कोशिश को नाकाम किया गया है. भारतीय सेना के सतर्क जवानों ने एलएसी पर दो आतंकियों को मार गिराया.

# झारखंड की शमा परवीन बेंगलुरु से गिरफ्तार

### अलकायदा से जुड़े दस्तावेज जब्त

शुभम संदेश। रांची

आतंकी संगठनों से संबंध के मामले में झारखंड की एक और युवती की गिरफ्तारी ने सुरक्षा एजेंसियों को चौकन्ना कर दिया है. कोडरमा जिले के तिलैया की रहने वाली 30 वर्षीय शमा परवीन को बेंगलुरु में गुजरात एटीएस ने गिरफ्तार किया है. शमा पर आरोप है कि वह अलकायदा से जुड़ी थी और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के ज़रिए युवाओं को कट्टरपंथ की ओर उकसा रही थी. गुजरात एटीएस के डीआईजी सुनील जोशी के अनुसार, शमा परवीन पाकिस्तान में बैठे आतंकियों से सीधे संपर्क में थी और ऑनलाइन टेरर मॉड्यूल्स के जरिए भारत में शरिया कानून लागू करने की साजिश रच रही थी. उसका सोशल मीडिया अकाउंट लंबे समय से सुरक्षा एजेंसियों की निगरानी में था.



(शेष पेज-9 पर)

## बड़ी उपलब्धि: इसरो-नासा ने की निसार की सफल लॉन्चिंग, कोने-कोने से डाटा जुटाएंगे वैज्ञानिक

# अब कामचटका जैसे भूकंप-सुनामी से पहले बजेगा खतरे का सायरन

शुभम संदेश डेस्क

गुरुवार 30 जुलाई का दिन भारत और दुनिया के लिए ऐतिहासिक दिन बन गया, जब निसार (नासा-इसरो सिंथेटिक एपेरीच्योर रडार) सैटेलाइट को आंध्र के श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से शाम 5:40 बजे सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया. इसरो-नासा की इस साझेदारी ने एक ऐसा सैटेलाइट पृथ्वी की कक्षा में भेजा, जो भूकंप, सुनामी, ज्वालामुखी, और भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं की पहले से चेतावनी देगा.

इसे पृथ्वी का एमआरआई स्कैनर कहा जा रहा, क्योंकि यह धरती की सतह की इतनी बारीक तस्वीरें ले सकता है कि सेंटीमीटर के बदलाव भी पकड़ लेता है. बता दें कि 30 जुलाई को ही रूस के कामचटका द्वीप के पास ओखोट्स्क सागर में 8.8 तीव्रता का भूकंप आया, जिसने 12 देशों में सुनामी का खतरा पैदा किया. ऐसी आपदाओं की पहले से खबर मिलना जरूरी है. यही काम निसार करेगा. यह सैटेलाइट भूकंप से पहले जमीन की हलचल को पकड़ सकता है. सुनामी का अनुमान लगा सकता है. इसका डेटा आपदा प्रबंधन को सटीक बनाएगा, जिससे जान-माल का नुकसान कम हो सकेगा.



**भारत के लिए निसार क्यों जरूरी:** भारत में हिमालयी क्षेत्रों में भूकंप, असम-केरल में बाढ़ और उत्तराखंड में भूस्खलन जैसी आपदाएं आम हैं. निसार इनका पता लगाकर जान-माल बचाने में मदद करेगा. साथ ही...

- **कृषि:** फसलों और मिट्टी की नमी की जानकारी से किसानों को फायदा होगा.
- **जल प्रबंधन:** भूजल और नदियों के स्तर को मापकर पानी की कमी से निपटा जा सकेगा.
- **तटीय सुरक्षा:** तटीय कटाव और समुद्री बर्फ को ट्रैक करके समुद्री पर्यावरण बचेगा.

**लॉन्च की कहानी:** निसार को इसरो के जीएसएलवी-एफ 16 लॉन्च किया गया. इस बार जीएसएलवी सूर्य -समकालिक कक्षा में सेटेलाइट भेजा. सेटेलाइट का वजन 2,392-2800 किलो है. यह एसयूवी जितना बड़ा है. लॉन्च को इसरो के यूट्यूब चैनल पर लाखों लोगों ने देखा. इससे पहले यह मिशन मार्च 2024 में लॉन्च होने वाला था, लेकिन एंटीना के गर्म होने की समस्या के कारण इसे टाल दिया गया. नासा ने इसे ठीक कर दिया. अब यह मिशन पूरी तरह सफल है.

### निसार कैसे देगा भूकंप-सुनामी की चेतावनी?

निसार प्राकृतिक आपदाओं की पहले से खबर देने में माहिर है...

- **भूकंप :** यह फॉल्ट लाइनों (धरती की दरारें) में होने वाली छोटी हलचल को पकड़ लेता है. इससे भूकंप की संभावना का अनुमान लगाया जा सकता है.
- **सुनामी :** भूकंप के बाद समुद्र की हलचल और तटीय बाढ़ को मॉनिटर करके यह सुनामी की चेतावनी देगा.
- **ज्वालामुखी :** ज्वालामुखी के नीचे की गतिविधि या जमीन की सूजन को देखकर यह विस्फोट की खबर दे सकता है.
- **भूस्खलन और बाढ़ :** पहाड़ों में मिट्टी की हलचल या नदियों के जलस्तर को मापकर यह भूस्खलन और बाढ़ का अलर्ट देगा.

## डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा ऐलान, भारत पर लगेगा 25% टैरिफ

# दबाव के आगे नहीं झुकेगा भारत

शुभम संदेश। नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने की एकतरफा घोषणा कर दी, जिस पर भारत की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है. भारत सरकार की ओर से कहा गया है कि वो इस घोषणा के बारे में गहराई से स्टडी कर रही है. सरकार का कहना है कि राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे. भारत ने एक बार फिर क्लीयर कर दिया है कि किसी भी दबाव के आगे झुकने का सवाल ही नहीं उठता है.

**द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर भारत प्रतिबद्ध :** भारत सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के साथ पिछले कुछ महीनों से एक निष्पक्ष, संतुलित और परस्पर लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर बातचीत जारी है. भारत इस उद्देश्य के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और रचनात्मक संवाद के जरिए समाधान की दिशा में आगे बढ़ रहा है.



**राष्ट्रीय हित सर्वोपरि :** सरकार ने कहा है कि वह देश के किसानों, उद्यमियों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के हितों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है. इसके साथ ही सरकार ने यह भी आश्वासन दिया कि वह राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए आवश्यक सभी कदम उठाएगी, जैसा कि हाल ही में ब्रिटेन के साथ हुए व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते में देखा गया.

गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार (30 जुलाई, 2025) को एकतरफा ऐलान करते हुए कहा है कि भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया जाएगा. ट्रंप ने कहा कि भारत को एक अगस्त से 25 फीसदी टैरिफ चुकाना होगा. डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर लिखा, 'भारत हमारा मित्र है, लेकिन हमने भारत के साथ पिछले कई वर्षों में अपेक्षाकृत कम व्यापार किया है, क्योंकि उनके टैरिफ बहुत अधिक हैं, दुनिया में सबसे अधिक हैं.' ट्रंप ने आगे लिखा, 'इसलिए भारत को एक अगस्त से 25 फीसदी टैरिफ और जुर्माना भी देना होगा.'

# डीटीओ : एडीएम रैंक में रहने के कारण कुछ की सेवा वापस ली गयी, तो कुछ को डीटीओ बने रहने दिया गया

शुभम संदेश।रांची



एडीएम रैंक में प्रोन्नत अधिकारियों के संबंध में कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग ने परिवहन विभाग को निर्देश देते हुए कुछ डीटीओ की सेवा वापस ले ली है, जबकि इसी रैंक के कुछ अन्य अधिकारियों को डीटीओ पद पर बने रहने की अनुमति दी गई है. एडीएम रैंक में प्रमोशन पाने वाले संजय पीएम कुजूर (डीटीओ पाकुड़), सुरेंद्र कुमार (लातेहार), इंदर कुमार (चतरा), मनोज कुमार (जामताड़ा) और वंदना सेजवलकर (बोकारो) की सेवा डीटीओ पद से हटा दी गई है, क्योंकि यह पद अनुमंडल पदाधिकारी स्तर का माना जाता है. हालांकि, एडीएम रैंक के बावजूद ज्ञान शंकर जायसवाल की डीटीओ गुमला के पद पर तैनाती की गई है. इसके अलावा एडीएम रैंक के अधिकारी धनंजय कुमार (जमशेदपुर), अखिलेश कुमार (रांची), बैद्यनाथ कामत (हजारीबाग) और धीरज प्रकाश (गढ़वा) को उनके पद पर यथावत रखा गया है. बुधवार को परिवहन विभाग ने नई अधिसूचना जारी करते हुए दर्जन भर डीटीओ की पोस्टिंग की है, जिसमें दो अधिकारियों – जयप्रकाश करमाली (दुमका) और मनीषा वत्स (रामगढ़) की सेवा कार्मिक विभाग को वापस की गई है.

### नए पदस्थापित डीटीओ इस प्रकार हैं

- मृत्युंजय कुमार – डीटीओ दुमका
- जया शंखी मुर्मू – डीटीओ लोहरदगा
- ज्ञान शंकर जायसवाल – डीटीओ गुमला
- प्रवीण चौधरी – डीटीओ जामताड़ा
- गौतम कुमार – डीटीओ चाईबासा
- संतोष कुमार – डीटीओ गिरिडीह
- माहेश्वरी प्र. यादव – डीटीओ चतरा
- हरिशंकर बारीक – डीटीओ खूंटी
- उमेश मंडल – डीटीओ लातेहार
- मारुति मिंज – डीटीओ बोकारो
- शैलेश कु. प्रियदर्शी – डीटीओ देवघर
- थिलेश कुमार चौधरी – डीटीओ साहेबगंज (अतिरिक्त प्रभार – पाकुड़)

कांग्रेस ने भाजपा को भेजा 'बरनोल का डब्बा', कहा- जलन से मुक्ति के लिए लगाइए

# भाजपा के नौ सांसद होने के बावजूद ध्यान सिर्फ बयानबाजी पर ही : राकेश सिन्हा

शुभम संदेश।रांची



झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने भाजपा पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि भाजपा राज्य में अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए सिर्फ बयानबाजी कर रही है. बुधवार को रांची के कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए सिन्हा ने भाजपा नेतृत्व पर सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा को इस राज्य में अब तक मंडल अध्यक्ष तक नहीं मिल पाया, जबकि 27 राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति हो चुकी है.

सिन्हा ने भाजपा द्वारा महागठबंधन सरकार के विकास कार्यों पर लगातार सवाल उठाने को लेकर कहा कि जब राज्य में भाजपा की सरकार थी, तब सीएनटी/एसपीटी एक्ट में बदलाव का प्रस्ताव लाकर आदिवासियों की भावनाओं को आहत किया गया. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जब कांग्रेस ने सरना धर्मकोड को विधानसभा से पारित कर केंद्र को भेजा, तो भाजपा के सांसद इस पर कोई सवाल तक नहीं उठा पाए कि क्यों यह अभी तक लागू नहीं हुआ.

सिन्हा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य के विकास के मुद्दे पर भाजपा खामोश है और इसके बावजूद राज्य से भाजपा के नौ सांसद होने के बावजूद भाजपा का ध्यान सिर्फ बयानबाजी पर है. उन्होंने कहा कि भाजपा अपनी पार्टी में समन्वय स्थापित करने में नाकाम रही है और वही हमारी समन्वय की बात कर रही है, जबकि हमारे समन्वय का परिणाम यह है कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भाजपा को हमारी सीटों से भी कम सीटें मिलीं. सिन्हा ने भाजपा को सलाह दी कि वह अपनी जलन को शांत करने के लिए 'बरनोल' का इस्तेमाल करें, ताकि वह विपक्ष के रूप में सकारात्मक भूमिका निभाने के बजाय राज्य के विकास में अपना योगदान दे सके.

# राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर इधर- उधर हुए

### खास बातें

- 12 अफसरों की सेवा ग्रामीण विकास विभाग को
- 14 अफसरों की सेवा राजस्व विभाग को
- 08 अफसरों की सेवा खाद्य आपूर्ति विभाग में
- 08 आठ अफसरों की सेवा कार्मिक विभाग को

शुभम संदेश।रांची



राज्य सरकार ने मंगलवार को राज्य प्रशासनिक सेवा के 51 अफसरों को इधर से उधर किया है. राज्य सरकार ने 12 अफसरों की सेवा ग्रामीण विकास विभाग, 14 अफसरों की सेवा राजस्व विभाग, आठ अफसरों की सेवा खाद्य आपूर्ति विभाग और आठ अफसरों की सेवा कार्मिक विभाग में सौंप दी है. कार्मिक ने मंगलवार की देर शाम इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया.

### ग्रामीण विकास विभाग को सौंपी गयी सेवा

कमलेश दास, अनिल मिंज, रीना कुजूर, अमर कुमार, पवन कुमार, अनुरंजन झा, ओम प्रियदर्शी गुप्ता, मनोज कुमार रवि, अनंत झा, अंबिका कुमारी, अंजली मेहता, विपिनचंद्र विश्वास."

### जिनकी सेवा राजस्व विभाग को सौंपी

नवीन कुल्लू, प्रवीण कुमार, विनोद राम, अमन कुमार, रितिक कुमार, क्रिस्टीना इंदवार, शैलेंद्र चौरसिया, अन्वेष ओना, अमीर हामजा, विक्रम आनंद, खाखा सुशील कुमार, खगेश कुमार, सेवा राम साहू, अभय दिवेदी।

### जिनकी सेवा खाद्य आपूर्ति विभाग को दी गयी

मनीष कुमार, मो. क्यूम अंसारी, देवानंद राम, जुल्फकार अंसारी, पुष्कर सिंह मुंडा, मुरली यादव, पंकज कुमार, नीतू सिंह.

### कार्मिक विभाग को जिनकी सेवा सौंपी गयी

संजय कुजूर, सुरेंद्र कुमार, इंदर कुमार, मनोज कुमार, राजेश एक्का, बंदना सेजवलकर, सुधीर प्रकाश और राकेश गोप.

झारखंड के 360 स्कूलों को प्लस टू में अपग्रेड करने की योजना

# मंत्री रामदास सोरेन ने केंद्र से मांगे 3600 करोड़

शुभम संदेश।रांची





झारखंड सरकार ने राज्य के 360 हाई स्कूलों को प्लस टू स्तर (इंटरमीडिएट) में अपग्रेड करने के लिए केंद्र सरकार से 3600 करोड़ रुपये की सहायता मांगी है. इस संबंध में राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को प्रस्ताव सौंपा है. प्रस्ताव के अनुसार, राज्य के प्रत्येक जिले में 15 हाई स्कूलों को प्लस टू स्कूल में बदला जाएगा. हर स्कूल के अपग्रेडेशन पर औसतन 10 करोड़ रुपये खर्च होंगे, जिससे लैब, पुस्तकालय, शौचालय और अतिरिक्त कक्षाओं का निर्माण किया जा सकेगा.

**इंटर की पढ़ाई पर पड़ा असर:** शिक्षा मंत्री ने बताया कि नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद राज्य के डिग्री कॉलेजों और अंगीभूत कॉलेजों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई बंद कर दी गई है, जिससे छात्रों को परेशानी हो रही है. वर्तमान में झारखंड में हर साल करीब पांच लाख छात्र मैट्रिक पास करते हैं, ऐसे में प्लस टू स्कूलों की संख्या बढ़ाना जरूरी हो गया है.

### केंद्र सरकार से मांगी गई अन्य वित्तीय सहायता

राज्य में स्कूली शिक्षा को और बेहतर बनाने के लिए कुल 4440 करोड़ रुपये की मांग की गई है. इसमें अन्य मदों में सहायता के लिए निम्नलिखित अनुरोध शामिल हैं:

**आईसीटी लैब:**
- 160 स्कूलों में आईसीटी लैब के लिए 10.24 करोड़ रुपये
- 7488 मध्य विद्यालयों के लिए 479.23 करोड़ रुपये

**स्मार्ट क्लास:**
- 584 हाई और प्लस टू स्कूलों में स्मार्ट क्लास की स्थापना के लिए 14 करोड़ रुपये

**व्यावसायिक शिक्षा:**
- 1794 स्कूलों में कौशल आधारित शिक्षा शुरू करने के लिए 336.37 करोड़ रुपये


**अन्य बुनियादी सुविधाएं:**
- विज्ञान प्रयोगशाला, पुस्तकालय और शौचालय जैसी सुविधाओं के लिए 30.97 लाख रुपये प्रति स्कूल की दर से सहायता मांगी गई है.

रामदास सोरेन ने कहा कि यह पहल राज्य के शिक्षा ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगी.

जलाशयों पर अतिक्रमण मामले में हाईकोर्ट सख्त

# दो सचिव, रांची डीसी और नगर निगम प्रशासक को किया तलब

शुभम संदेश।रांची



झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को जलाशयों के आस पास हो रहे अतिक्रमण को रोकने के लिए दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान मामले को गंभीरता से लेते हुए हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस की की खंडपीठ ने गुरुवार को नगर विकास विभाग के सचिव, जल संसाधन विभाग के सचिव, रांची उपायुक्त और रांची नगर निगम के प्रशासक को कोर्ट में सशरीर उपस्थित रहने का निर्देश दिया है.

**अदालत ने मांगी जवाबदेही:** हाईकोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि 18 अप्रैल 2023 को हाईकोर्ट द्वारा दिए गए आदेश के आलोक में अब तक क्या कार्रवाई हुई है, इसकी विस्तृत जानकारी राज्य सरकार और नगर निगम से पेश करने को कहा गया है.

**जलाशयों और जल स्रोतों पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर:** बता दें की रांची के बड़ा तालाब और जिले के आसपास के जल स्रोतों को संरक्षित करने एवं इसमें हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है. जनहित याचिका में कहा गया है कि बड़ा तालाब, कांके डैम एवं धुर्वा डैम की सैकड़ों एकड़ जमीन अतिक्रमणकारियों ने हड़प ली है और वहां मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है, जिससे जलाशयों का स्वाभाविक प्रवाह और अस्तित्व खतरे में पड़ गया है. यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो भविष्य में जल संकट और पर्यावरणीय असंतुलन गहरा सकता है.

## एक नजर

### सरकार ने नहीं दी पूर्व मंत्री आलमगीर सहित तीन के खिलाफ केस चलाने की अनुमति

**रांची।** टेंडर घोटाला के जरिये करोड़ों रुपए की मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की ओर से रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट में याचिका दायर कर यह जानकारी दी गई है कि पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और उनके ओएसडी (ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी) संजीव लाल एवं ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व इंजीनियर इन चीफ वीरेंद्र राम के विरुद्ध अब तक अभियोजन स्वीकृति नहीं दी है. ईडी ने सरकार से मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों के मद्देनजर अभियोजन स्वीकृति मांगी थी. 120 दिन बाद भी सरकार से जवाब नहीं मिलने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिटीशन दायर कर न्यायालय से सरकार की तरफ से जवाब नहीं मिलने को अभियोजन स्वीकृति मानने का अनुरोध किया है. ईडी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आलोक में करीब पांच महीने पूर्व राज्य सरकार से पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और उनके ओएसडी संजीव लाल एवं वीरेंद्र राम के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति मांगी थी. लेकिन उक्त आरोपितों के विरुद्ध अब तक अभियोजन स्वीकृति नहीं मिली. दरअसल नवंबर 2024 से पहले तक मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में किसी अधिकारी के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए सरकार से अभियोजन स्वीकृति लेने की जरूरत नहीं होती थी. लेकिन इस मुद्दे को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गयी थी. सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर सुनवाई के बाद नवंबर 2024में दिये गये फैसले में सरकारी अधिकारियों के ख़िलाफ़ मुकदमा चलाने के लिए सरकार की अनुमति को आवश्यक बताया था.

### घूस लेने के आरोपी पीएचईडी क्लर्क को राहत

**रांची।** रांची एसीबी की स्पेशल कोर्ट ने रिश्वत लेने के मामले में आरोपी पीएचईडी के कलर्क के पद से रिटायर वीरेंद्र कुमार शुक्ला को बड़ी राहत दी है. कोर्ट ने सबूतों और गवाहों की समीक्षा के बाद वीरेंद्र कुमार शुक्ला को बरी कर दिया है. यह मामला रांची सदर विजिलेंस थाना कांड संख्या 9/2004 से जुड़ा है, जिसमें अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित फाइल को आगे बढ़ाने के लिए 12 हजार रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप था. प्राथमिकी के मुताबिक एसीबी ने वीरेंद्र कुमार शुक्ला को ट्रैप के दौरान रंगे हाथ पकड़ा था. कोर्ट में बचाव पक्ष के अधिवक्ता विद्युत चौरसिया ने यह तर्क रखते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ प्रमाण अपर्याप्त हैं, गवाहों के बयान भी विरोधाभासी हैं और मामले की जांच में गंभीर त्रुटियां हैं. इसलिए आरोपी को बरी किया जाना चाहिए. कोर्ट ने इन तथ्यों को संज्ञान में लेते हुए आरोपी वीरेंद्र कुमार शुक्ला को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया. इस मामले में एसीबी की ओर से 17 गवाह पेश किए गए थे लेकिन ये गवाह यह साबित नहीं कर पाए कि वीरेंद्र कुमार शुक्ला ने घूस ली थी.

कडरू को-ऑपरेटिव सोसाइटी में जमीन घोटाला : सीआईडी ने कसी नकेल

# बॉयलाज की अनदेखी : सोसाइटी के अध्यक्ष कपिलदेव गिरी ने खुद, बीबी व बेटे के नाम पर लिया प्लॉट

शुभम संदेश।रांची

रांची के कडरू स्थित एजी को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी में जमीन आवंटन को लेकर बड़ा घोटाला सामने आया है. फर्जी दस्तावेज के आधार पर भूखंड आवंटन, नियमों की अनदेखी और एक ही परिवार को एक से अधिक प्लॉट देने जैसी गंभीर अनियमितताओं की शिकायत के बाद मामला सीआईडी के पास पहुंचा. अब सीआईडी ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, इस मामले की जांच का जिम्मा एएसपी दीपक कुमार को सौंपा गया है. प्रारंभिक जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं और उम्मीद जताई जा रही है कि आगे और नामों का खुलासा हो सकता है.

**सोसाइटी अध्यक्ष समेत परिवार पर गंभीर आरोप :** सीआईडी द्वारा दर्ज एफआईआर में सोसाइटी के अध्यक्ष कपिलदेव गिरी, उनकी पत्नी कलावती बिहारी गिरी, पुत्र आशुतोष गिरी, एएन संडवार सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्यों को आरोपी बनाया गया है. इन सभी पर सोसाइटी के नियमों का उल्लंघन कर फर्जी दस्तावेजों के जरिए भूखंडों का अवैध आवंटन और हस्तांतरण करने का आरोप है.

जांच में सामने आया कि कपिलदेव गिरी और उनके परिवार को नियमों के विरुद्ध तीन प्लॉट दे दिए गए. बायलॉज के अनुसार, एक परिवार को केवल एक ही प्लॉट आवंटित किया जा सकता है, लेकिन कपिलदेव गिरी को प्लॉट संख्या 182, उनकी पत्नी को प्लॉट 80 और पुत्र को प्लॉट 191ए अवैध रूप से आवंटित किया गया.

**कड़ी कार्रवाई की तैयारी:** सीआईडी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए गहराई से जांच कर रही है. सीआईडी अधिकारियों का कहना है कि यह सिर्फ शुरुआत है और आगे और कई चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं. जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी. सोसाइटी के सदस्य और पीड़ित आवंटी न्याय की आस में हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि दोषियों को शीघ्र सजा मिलेगी.

### फर्जीवाड़े की लंबी फेहरिस्त

एफआईआर में कई अन्य गंभीर आरोप भी लगाए गए हैं. आरोप है कि कपिलदेव गिरी के कहने पर एक व्यक्ति को एक साथ चार प्लॉट दे दिए गए, जो सोसाइटी के नियमों के पूरी तरह खिलाफ है. वहीं, कई पुराने आवंटियों की जमीनें कब्जा कर बेच दी गईं. स्व. शशिभूषण मिश्रा को भुगतान के बावजूद प्लॉट संख्या 192 नहीं दिया गया. वह प्लॉट नियमों के खिलाफ जाकर सरदार प्रदीप सिंह को आवंटित कर दिया गया. सेवानिवृत्त ऑडिट अफसर कमलकांत चौधरी को आवंटित प्लॉट 208ए को भी रिकॉर्ड में हेरफेर कर जयकृष्ण सिंह को दे दिया गया. वहीं, स्व. परमानंद झा को दिए गए प्लॉट नं 193 पर अवैध अतिक्रमण कर बहुमंजिली इमारत खड़ी करने की कोशिश की गई.

# अच्छी खबर: 108 एंबुलेंस कर्मियों की हड़ताल समाप्त, मानी गईं सभी मांगें, सेवाएं हुईं बहाल

शुभम संदेश।रांची



झारखंड में 108 एंबुलेंस सेवा से जुड़े कर्मचारियों की हड़ताल का बुधवार को तीसरे दिन पटाक्षेप हो गया. यह निर्णय राज्य सचिवालय में आयोजित एक अहम बैठक के बाद लिया गया, जिसकी अध्यक्षता स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने की. बैठक में भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री राजीव रंजन सिंह, एंबुलेंस कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नीरज तिवारी और सेवा संचालित करने वाली संस्था सम्मान फाउंडेशन के प्रतिनिधि उपस्थित थे.

इस वार्ता में कर्मचारियों की प्रमुख मांगों पर सहमति बनी और कई अहम निर्णय लिए गए. बता दें कि 108 सेवा ठप होने से झारखंड के ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में सबसे ज्यादा असर पड़ा था, जहां मरीज पहले से ही सीमित स्वास्थ्य सुविधाओं पर निर्भर हैं. अस्पतालों में आपातकालीन मामलों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था फिलहाल नहीं की गई थी. जनता ने सरकार से अपील की थी कि वह इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करे और समाधान निकाले.

### समझौता बैठक में लिए गए मुख्य निर्णय

- कर्मचारियों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम के अंतर्गत तय न्यूनतम वेतन दिया जाएगा.
- भविष्य निधि (पीएफ) और कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआईसी) जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिलेगा.
- जिन कर्मचारियों को निलंबित किया गया था, उन्हें पुन: सेवा में लिया जाएगा.
- राज्य में 269 नई एंबुलेंस सेवाओं की शुरुआत की जाएगी, जिससे आपातकालीन सेवाएं और मजबूत होंगी.

**सेवाएं हुईं बहाल :** इन फैसलों के बाद सभी जिलों में एंबुलेंस कर्मचारी काम पर लौट आए हैं और सेवाएं सामान्य रूप से फिर से शुरू हो गई हैं. इससे मरीजों और उनके परिजनों को राहत मिलने की उम्मीद है.ज्ञात हो कि बीते कुछ दिनों से लगभग 2500 कर्मचारी 'सम्मान फाउंडेशन' के साथ उत्पन्न विवाद के कारण कार्य बहिष्कार पर थे, जिससे राज्यभर में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई थीं. अब सरकार द्वारा मांगें माने जाने के बाद सेवाओं के स्थायित्व की उम्मीद जताई जा रही है.

9 से 11 अगस्त तक आयोजित होगा झारखंड आदिवासी महोत्सव

# 11 राज्यों के कलाकार होंगे शामिल

शुभम संदेश।रांची



विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले झारखंड आदिवासी महोत्सव 2025 की रूपरेखा तय कर ली गई है. यह भव्य आयोजन 9 से 11 अगस्त तक राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में किया जाएगा. महोत्सव में झारखंड सहित देशभर के 11 राज्यों के जनजातीय कलाकार अपनी पारंपरिक कला और संस्कृति की प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे. महोत्सव में जिन राज्यों की सांस्कृतिक मंडलियां भाग लेंगी, उनमें त्रिपुरा, छत्तीसगढ़, असम, राजस्थान, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, मिजोरम, महाराष्ट्र, बिहार, मध्य प्रदेश और झारखंड शामिल हैं. खास बात यह है कि इस बार बिहार के जनजातीय नृत्य समूह को पहली बार इस आयोजन में शामिल किया गया है.

**आदिवासी रंग और संस्कृति से सराबोर रहेगा आयोजन :** कार्यक्रम को पूर्ण रूप से आदिवासी रीति-रिवाज, संस्कृति और रंग-रूप से सजाया जाएगा. महोत्सव में पारंपरिक नृत्य, लोकगीत, हस्तशिल्प, पारंपरिक खानपान और वेशभूषा की झलक देखने को मिलेगी. इस अवसर पर दिशोम गुरु शिबू सोरेन को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है. विश्व आदिवासी दिवस का संदेश जनसामान्य तक पहुंचाने के उद्देश्य से जागरूकता रथ की शुरुआत मंगलवार को की गई. सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के विशेष सचिव राजीव लोचन बक्शी ने रांची से इस रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. रथ शहर के प्रमुख चौराहों, विद्यालयों और बाजारों से होकर गुजरेगा और उस पर प्रदर्शित पोस्टर और संदेशों के माध्यम से लोगों को आदिवासी संस्कृति, वेशभूषा और खानपान से अवगत कराएगा.

### आदिवासी महोत्सव में कब क्या होगा

**9 अगस्त**
- रीझ रंग रसिका स्वागत रैली टैगोर हिल रोड से मोरहाबादी मैदान पहुंचेगी. इसमें 32 आदिवासी जनजातीय समूह शामिल होंगे.
- शहीद वेदी पर पुष्प अर्पण किया जाएगा.
- डाक टिकट का अनावरण होगा.
- मुख्यमंत्री, मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों का संबोधन होगा.
- मोनिका मुंडू और मेघा डाल्टन आधुनिक नागपुरी गीत गाएंगी.
- पद्मश्री मुकुंद नायक के द्वारा नागपुरी गीत की प्रस्तुति दी जाएगी.
- सेलिब्रिटी आर्टिस्ट का परफॉर्मेंस और मालदीव बैंड का प्रस्तुति होगी.
- रात में लेजर शो होगा.

**10 अगस्त**
- कॉलेज बैंड प्रतियोगिता
- खड़िया नृत्य : नीली अनीता डुंगडुंग (सिमडेगा), उरांव नृत्य : कृष्णा भगत (रांची), मुंडारी नृत्य : लखन गुड़िया (खूंटी), संथाली नृत्य : देवला मुर्मू, पंचपरगनिया नृत्य : बूटन देवी, खोरठा घोड़ा नृत्य : विनोद महतो, सारंगी धुन : महेश पाहन और श्रेया तिवारी की प्रस्तुति.
- पद्मश्री मधु मंसूरी हसमुख द्वारा नागपुरी गीत–नृत्य की प्रस्तुति.
- हास्य कवि का कार्यक्रम. स्थानीय जनजातीय बैंड

**11 अगस्त**
- पवन कुमार राय : आधुनिक नागपुरी गायन
- सुलेखा कुमारी व जनानी : मुमर
- सृष्टिधर मेहता : मानमुम छऊ
- मंदार धुन मनपुरन नायक
- त्रिपुरा, छत्तीसगढ़, असम, राजस्थान, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, मिजोरम, महाराष्ट्र, बिहार, मध्य प्रदेश के नृत्य समूह के द्वारा नृत्य–संगीत की प्रस्तुति.
- शाम 6 बजे समापन

झारखंड में साइबर ठगी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

# 40 बैंक खाताधारकों पर एफआईआर दर्ज

शुभम संदेश।रांची

झारखंड सीआईडी की साइबर क्राइम ब्रांच ने साइबर अपराध से जुड़े मामलों में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए ऐसे 40 बैंक खाताधारकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है, जिनके खातों में एक बार में 10 लाख रुपये या उससे अधिक की साइबर ठगी की रकम ट्रांसफर की गई थी. यह कार्रवाई राज्य में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराध पर रोक लगाने के उद्देश्य से की गई है. सीआईडी की साइबर क्राइम थाना, रांची की प्रभारी डीएसपी नेहा बाला ने अपने स्वयं के बयान के आधार पर एफआईआर दर्ज कराई है. यह मामला साइबर क्राइम थाना में केस संख्या 89/25 के तहत दर्ज किया गया है.

**क्या है मामला:** झारखंड में 10 लाख रुपये या उससे अधिक की साइबर ठगी के मामलों की जांच राज्य की सीआईडी साइबर क्राइम ब्रांच करती है. आमतौर पर इनकी प्रारंभिक शिकायतें नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर दर्ज की जाती हैं. ठगी की रकम को सिटिजन फाइनेंशियल साइबर फ्रॉड रिपोर्टिंग एंड मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से फ्रीज किया जाता है. साथ ही, गृह मंत्रालय के समन्वय पोर्टल का उपयोग अपराधियों की प्रोफाइलिंग, नोटिस भेजने, नाम-पते की पुष्टि और संदिग्ध खातों की जानकारी जुटाने के लिए किया जाता है.

**जांच में क्या सामने आया:** डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर डीएसपी नेहा बाला ने समन्वय पोर्टल और एनसीआरपी के समन्वित उपयोग से उन बैंक खातों की पहचान की, जिनमें ठगी की बड़ी रकम ट्रांसफर की गई थी. जांच के दौरान ऐसे 40 बैंक खातों का पता चला, जिनमें एक बार में 10 लाख रुपये या उससे अधिक की राशि ट्रांसफर की गई थी. इन खातों में बैंक ऑफ बड़ौदा, आईडीबीआई बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक, यूको बैंक, इंडसइंड बैंक, जम्मू एंड कश्मीर बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, आईडीएफसी बैंक, फेडरल बैंक, बंधन बैंक, फिनो पेमेंट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, एचडीएफसी बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, सेंट्रल बैंक और एक्सिस बैंक शामिल हैं.

**किन धाराओं में दर्ज हुई एफआईआर:** इन सभी खाताधारकों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराएं 318(2), 318(3), 318(4), 319(2), 336(2), 336(3), 338, 340(2), 61(2) तथा आईटी एक्ट की धारा 66(बी), 66(सी), 66(डी) के तहत मामला दर्ज किया गया है. डीएसपी ने यह भी कहा है कि ये बैंक खाताधारक केवल साइबर ठगी के शिकार बने ही नहीं, बल्कि धोखाधड़ी की रकम के लाभार्थी व मनी लॉन्ड्रिंग में भी शामिल पाए गए हैं.

https://epaper.shubhamsandesh.net

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, गुरुवार 31 जुलाई 2025 I श्रावण शुक्ल पक्ष 07, संवत 2082 I रांची एवं पटना से प्रकाशित I वर्ष : 3, अंक : 114 I मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12





आमिर खान का बड़ा ऐलान, यूट्यूब पर रिलीज होगी सितारे ज़मीन पर




पेज 07

## सदर अस्पताल में आज

| | | |
|---|---|---|
| मेडिसिन | - | डॉ मंगेश और डॉ शीला |
| हड्डी रोग | - | डॉ हरेंद्र कुमार |
| सर्जरी | - | डॉ प्रभात कुमार |
| नेत्र रोग | - | डॉ गोलु पिनाज |
| दंत रोग | - | डॉ स्नेहा केशरी |
| शिशु रोग | - | डॉ उमेन्द्र |
| मनोरोग | - | -- |
| स्त्री एवं प्रसूति रोग | - | डॉ अपूर्वा दत्ता |
| फिजियोथेरेपी | - | -- |
| **गायनी इमर्जेंसी** | | |
| सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक | - | डॉ सुरभी |
| दोपहर 2 से रात 8 बजे तक | - | डॉ संध्या तिवारी |
| रात 8 से सुबह 8 बजे तक | - | डॉ रुमा प्रसाद |
| **जेनरल इमर्जेंसी** | | |
| सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक | - | डॉ पीपी पांडेय |
| दोपहर 3 से रात 9 बजे तक | - | डॉ शीला |
| रात 9 से सुबह 9 बजे तक | - | डॉ मासूम आलम |

# मनरेगा में गड़बड़ियों पर आयुक्त ने लिया संज्ञान

## गोविंदपुर और तोपचांची में मनरेगा की गड़बड़ी पर उपायुक्त को जांच के निर्देश

शुभम संदेश। धनबाद

गोविंदपुर और तोपचांची प्रखंडों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) योजना के तहत संचालित कार्यों में अनियमितताओं की शिकायतों पर मनरेगा आयुक्त ने सख्त रुख अपनाया है. आयुक्त ने धनबाद उपायुक्त को इन अनियमितताओं की जांच के निर्देश दिए हैं. यह कार्रवाई ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी पत्र (आरई-IV-पार्ट(1) (390039) और विभागीय पत्रांक (एन) 982 (अनु०) के आधार पर की गई है, जिसमें मनरेगा के अंतर्गत नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमएमएस) ऐप के दुरुपयोग और अनियमितताओं को लेकर गंभीर चिंता जताई गई है.




शुभम संदेश की खबर का असर

### ऐप में अनियमितताओं का खुलासा

ग्रामीण विकास मंत्रालय ने अपने पत्र में एनएमएमएस ऐप के माध्यम से कार्यस्थल पर मजदूरों की उपस्थिति और तस्वीरें अपलोड करने में कई गड़बड़ियों की पहचान की है. इनमें अप्रासंगिक या असंबंधित तस्वीरों का अपलोड, कार्यस्थल से संबंधित न होने वाली तस्वीरें अपलोड की गईं, फोटो-टू-फोटो कैप्चरिंग यानि लाइव फोटो के बजाय पहले से ली गई तस्वीरों का उपयोग हुआ है. उपस्थिति में भिन्नता यानि मस्टर रोल में दर्ज मजदूरों की संख्या और फोटो में दिख रहे मजदूरों की संख्या में अंतर दिख रहे हैं. लिंग पहचान में गड़बड़ी यानि महिला श्रमिकों की जगह पुरुष और पुरुष श्रमिकों की जगह महिला की तस्वीरें अपलोड की गई है. . एक ही तस्वीर का दोहरा उपयोग किया गया है. सुबह-दोपहर की तस्वीरों में अंतर है और दोनों सत्रों की तस्वीरों में श्रमिकों की संख्या और पहचान में भिन्नता पाई गई. मंत्रालय ने इन अनियमितताओं को वित्तीय गड़बड़ी का संकेत मानते हुए इसे ऐप की पारदर्शिता और जवाबदेही पर सवाल उठाने वाला बताया है.

### नई निगरानी प्रक्रिया और सख्त कार्रवाई

इन गड़बड़ियों को रोकने के लिए मंत्रालय ने तत्काल प्रभाव से नई निगरानी प्रक्रिया लागू करने के निर्देश दिए हैं, ग्राम पंचायत स्तर : पंचायत पदाधिकारियों द्वारा एनएमएमएस ऐप पर अपलोड की गई सभी तस्वीरों और उपस्थिति का उसी दिन 100% सत्यापन हो. प्रखंड स्तर पर कार्यक्रम पदाधिकारी और कर्मी 200 तस्वीरों या 20% तस्वीरों (जो भी कम हो) की अगले दिन जांच करेंगे. जिला स्तर पर उपायुक्त,जिला कार्यक्रम समन्वयक द्वारा 30 तस्वीरों की रैंडम जांच, स्थाई कर्मियों द्वारा 100 तस्वीरों या 10% और संविदा कर्मियों द्वारा 200 तस्वीरों या 10% की जांच और राज्य स्तर पर रैंडम चयन के आधार पर तस्वीरों की जांच हो.

### दोषियों पर कठोर कार्रवाई

एनएमएमएस प्रणाली के दुरुपयोग या जानबूझकर गलत तस्वीरें अपलोड करने वाले कर्मियों और पदाधिकारियों के खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं. साथ ही, कार्रवाई प्रतिवेदन (एटीआर) को नियमित रूप से ग्रामीण विकास मंत्रालय को भेजने का आदेश है.

## ब्रीफ खबरें

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पंद्रह वर्ष की कैद

**धनबाद ।** नाबालिग छात्रा को बहला फुसलाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के एक मामले में बुधवार को पोक्सो के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने सजा की बिंदु पर अपना फैसला सुनाया. अदालत ने मामले के नामजद आरोपी निमियाघाट थाना क्षेत्र के इसरी निवासी अमर सोनी को 15 वर्ष की कैद एवं 25 हजार रुपए जुर्माना से दंडित किया. अदालत ने 26 जुलाई को आरोपी को दोषी करार दिया था.अपर लोक अभियोजक समित प्रकाश ने सजा की बिंदु पर बहस की. प्राथमिकी पीड़िता के पिता की शिकायत पर बरवाअड्डा थाने में दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक 28 अगस्त 2024 को सुबह साढ़े नौ बजे उसके नाबालिग पुत्री रोज की तरह स्कूल जाने के लिए निकली और शाम को घर वापस आकर सारी बात अपनी मां से बताई. उसने अपनी मां से बताया कि अमर सोनी उसे स्कूल जाने के क्रम में बहला फुसलाकर कर गलत नीयत से सफेद रंग की गाड़ी में जबरन बिठा कर धनबाद के एक होटल में ले गया था और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और वापस घर के रास्ते में छोड़ दिया. साथ ही धमकी दी कि घर में किसी को नंहीं बताना, बात करते रहना, नहीं तो तुम्हारा फोटो वायरल कर देंगे और तुम्हारे मां, पिता व भाई को जान से मार देंगे. केस के अनुसंधानकर्ता ने अनुसंधान के उपरांत आरोपी के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दायर किया. अदालत ने आरोपी के खिलाफ आरोप गठित कर केस का विचारण शुरू किया.

### कल से बारिश में आएगी कमी

**रांची।** झारखंड के विभिन्न जिलों में एक अगस्त से बारिश में कमी आएगी और मौसम भी साफ होगा. इसके साथ ही तापमान में भी दो से तीन डिग्री की वृद्धि दर्ज की जाएगी. यह जानकारी मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को दी. उन्होंने बताया कि एक जून से 29 जुलाई तक राजभर में अच्छी बारिश दर्ज की गई है. दो जिलों गोड्डा और पाकुड़ को छोड़कर शेष 22 जिलों में अच्छी बारिश हुई है. इधर, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश धनबाद जिले के टुंडी में 174 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई है. वहीं बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से बादल छाए रहे और हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई. रांची में अधिकतम तापमान 27.6 जमशेदपुर में 30.4 डाल्टनगंज में 30.2, बोकारो में 30.1 और चाईबासा में अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया.

### सेल कर्मी प्रवीण राय हत्याकांड में धीरज को लगा सुप्रीम कोर्ट से झटका

**धनबाद।** सेल कर्मी प्रवीण राय हत्याकांड के आरोपी धीरज सिंह को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है. सुप्रीम कोर्ट ने धीरज सिंह के रिव्यू पिटीशन को खारिज कर दिया है. धीरज सिंह सुप्रीम कोर्ट की ही आदेश पर पुनर्विचार करने की प्रार्थना की थी जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने धीरज सिंह की जमानत को खारिज करते हुए दो सप्ताह के अंदर अदालत में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया था. धीरज सिंह की जमानत झारखंड उच्च न्यायालय से हो गई थी जिसकी चुनौती वादी द्वारा सुप्रीम कोर्ट में की गई थी. धीरज सिंह का नाम यूपी एसटीएफ की टीम द्वारा गिरफ्तार शूटर ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में लिया था।

# पहले चरण में बांसजोड़ा 12 नंबर के 77 परिवार होंगे पुनर्वासित

## झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकरण जरेडा की टीम ने किया निरीक्षण

### मास्टर प्लान के तहत पुनर्वास योजना की दी जानकारी

शुभम संदेश। लोयाबाद




बांसजोड़ा कोलियरी के 12 नंबर क्षेत्र में बुधवार को झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकरण जरेड़ा की टीम ने निरीक्षण किया. टीम का नेतृत्व कर रहे बीसीसीएल के खनन प्रबंधक रमेश महतो ने क्षेत्र के बदतर हालातों का जायजा लिया और लगभग एक घंटे तक इलाके का निरीक्षण किया. निरीक्षण के बाद रमेश महतो ने स्थानीय लोगों को झरिया मास्टर प्लान के तहत प्रस्तावित पुनर्वास योजना की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि जिन लोगों के पास जमीन नहीं है, उन्हें 80 वर्गफुट का मकान और 2.5 लाख की सहायता राशि दी जाएगी. जिन्हें मकान उपलब्ध नहीं कराया जा सकेगा,उन्हें एकमुश्त 5 लाख की राशि प्रदान की जाएगी ताकि वे किसी अन्य स्थान पर स्वेच्छा से स्थानांतरित हो सकें. प्रबंधन के अनुसार,नए मास्टर प्लान के तहत अगले तीन वर्षों में सभी प्रभावित परिवारों को पुनर्वासित किया जाना है. पहले चरण में बांसजोड़ा 12 नंबर के 77 परिवारों को पुनर्वासित किया जाएगा, जिनके लिए बेलगड़िया में बसाने का प्रस्ताव रखा गया है.

हालांकि, इस प्रस्ताव पर स्थानीय प्रतिनिधि राजकुमार महतो और असलम मंसूरी ने विरोध जताया. उन्होंने कहा कि बेलगड़िया में बसना स्थानीय लोगों को मंजूर नहीं है क्योंकि यह क्षेत्र रोजगार के लिहाज से अनुकूल नहीं है. नेताओं ने सभी प्रभावित परिवारों को तेतुलमारी,मोहलीडीह और निचितपुर टाउनशिप जैसे क्षेत्रों में बसाने की मांग रखी है,जहां मूल रूप से लोग अपने रोजगार से जुड़े रहे हैं. राम रहीम ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि बीसीसीएल और केंद्र सरकार को विस्थापितों के रोजगार के मुद्दे को हल्के में नहीं लेना चाहिए. यहां के अधिकांश लोग किसी न किसी रूप में अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं. पुनर्वास के साथ-साथ रोजगार की गारंटी भी आवश्यक है. स्थानीय लोगों की इस आपत्ति के बाद पुनर्वास योजना को लेकर जमीनी हकीकत सामने आई है.अब देखना यह होगा कि प्रशासन इन मांगों को कितनी गंभीरता से लेता है. मौके पर जरेडा के खनन प्रबंधक रमेश महतो,मन्नू शर्मा,एम आई हक,देवेन्द्र कुमार सिजुआ एरिया के अशोक कुमार सहित कांग्रेस नेता डब्लू पासवान आदि मौजूद थे.

# 'नीरज के शव के साथ किसने की थी छेड़छाड़'

शुभम संदेश। धनबाद

**बचाव पक्ष ने उठाए सवाल**

- मौत के बाद कैसे हुआ इलाज, शव में लगा था पानी चढ़ाने वाला डीप
- सरायढेला थानेदार के बजाय चिरकुंडा थानेदार कैसे बने केस के आईओ
- वारदात के बाद तत्काल क्यों नहीं हुई एफआईआर

पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्याकांड में जेल में बंद झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह की ओर से बहस के दूसरे दिन दलील देते हुए सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता एमए नियाजी ने कहा कि मृतक नीरज सिंह के शव के साथ किसने क्यों और कब छेड़छाड़ की और पुलिस ने इसे क्यों छुपाया ? अनुसंधानकर्ता, पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टर के बयानों का हवाला देते हुए अधिवक्ता नियाजी ने कहा कि नीरज सिंह को सेंट्रल अस्पताल में मृत अवस्था में लाया गया था. डॉक्टरों ने इस बात का सर्टिफिकेट भी दिया. फिर उसके शव में पानी चढ़ाने वाला डीप कैसे लगा था. किसी मृतक को कभी भी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती नहीं किया जाता, और न ही उसे पानी चढ़ाने वाला डीप लगाया जाता है. परंतु पोस्टमार्टम में इस बात का खुलासा हुआ है कि नीरज सिंह के हाथ में पानी चढ़ाने वाला डीप लगाया गया था तो सवाल यह उठता है कि किसने मृतक के शव के साथ छेड़खानी की? और इसे क्यों अदालत से छुपाया गया. उन्होंने फिर इस बात को दोहराते हुए कहा कि कानून इस चीज़ का मोहताज नहीं है कि किसी संज्ञेय अपराध की सूचना कोई बहुत काबिल व्यक्ति ही देगा. कोई भी व्यक्ति किसी संज्ञेय अपराध की सूचना दे सकता है. नीरज सिंह की हत्या की सूचना मिलते ही सरायढेला थाना प्रभारी अरविंद कुमार धनबल बल के साथ मौके ए वारदात पर पहुंच गए थे, जहां उन्होंने जांच शुरू कर दी थी. मौके वारदात से गोली का खोखा, ब्लड सैंपल अन्य चीजें जब्त की थी, वहीं मृतकों का मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट भी बना ली गई थी. (शेष पेज-11 पर)

### पानी भरे गड्ढे में डूबने से जुड़वा भाइयों की हुई मौत

**जामताड़ा (शुभम संदेश)।** जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव में मंगलवार को एक हृदयविदारक घटना घटित हुई, जहां पांच वर्षीय जुड़वा भाइयों उमेर अंसारी और उजेर अंसारी की पानी भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई. घटना उस समय हुई जब दोनों मासूम दोपहर का भोजन करने के बाद घर के पास स्थित एक निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र के समीप खेल रहे थे. खेलते-खेलते वे निर्माण स्थल के बगल में बने गहरे जलजमाव वाले गड्ढे में गिर गए. गड्ढे में पानी भरा हुआ था, जिससे दोनों बच्चे उसमें डूब गए. स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी मिलते ही तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और बच्चों को गड्ढे से बाहर निकालकर जामताड़ा सदर अस्पताल ले जाया गया. हालांकि, अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया. सिविल सर्जन डॉ. आनंद मोहन सोरेन ने पुष्टि की कि बच्चों की मृत्यु अस्पताल लाए जाने से पहले ही हो चुकी थी.

**एक्सक्लूसिव : धनबाद में बनेगा इंस्टिट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च सेंटर**

# जिला प्रशासन से पंद्रह एकड़ जमीन की मांग

- परिवहन सचिव के निर्देश पर शुरू हुई कवायद

शुभम संदेश। धनबाद

झारखंड सरकार के परिवहन सचिव के निर्देश पर धनबाद के जिला परिवहन पदाधिकारी ने जिला प्रशासन से 15 एकड़ जमीन उपलब्ध कराने की मांग की है. यह मांग सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 15वीं वित्त आयोग (वित्तीय वर्ष 2025-26) के तहत धनबाद सहित सात जिलों-रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, देवघर, बोकारो और पलामू में इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च, रीजनल ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर और ड्राइविंग टेस्टिंग सेंटर की स्थापना के लिए की गई है. परिवहन विभाग के पत्र से मिले निर्देश के बाद धनबाद डीटीओ ने इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए भूमि की आवश्यकता बताई है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के पत्र में भी पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के तहत इन केंद्रों की स्थापना के लिए मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रस्ताव जमा करने का निर्देश है.

(शेष पेज-11 पर)

### ऑटोमेटेड टेस्टिंग ट्रैक के लिए भी जमीन की मांग

जिला परिवहन पदाधिकारी ने जिला प्रशासन से ऑटोमेटेड टेस्टिंग ट्रैक की स्थापना के लिए 3-4 एकड़ विवादरहित भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है. डीटीओ द्वारा जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि इस ट्रैक के लिए ऐसी भूमि की आवश्यकता है, जहां पहुंच के लिए रास्ता उपलब्ध हो. परिवहन विभाग, रांची ने पत्र के माध्यम से सभी उपायुक्तों को राज्य के सभी जिलों में ऑटोमेटेड टेस्टिंग ट्रैक स्थापित करने की योजना से अवगत कराया था. रांची, पश्चिमी सिंहभूम, हजारीबाग, पलामू और साहेबगंज ने इस हेतु भूमि संबंधी प्रतिवेदन जमा कर दिया है. विभाग ने शेष जिलों से चिह्नित भूमि को हस्तांतरित करने और आवंटित भूमि की स्थिति की जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है.

### जेपीएससी 14वीं सिविल सेवा परीक्षा की राह हो गई साफ

**रांची (शुभम संदेश)।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की 11वीं से 13वीं सिविल सेवा परीक्षा का अंतिम परिणाम जारी होने के बाद अब 14वीं सिविल सेवा परीक्षा के आयोजन का रास्ता साफ हो गया है. प्रारंभिक परीक्षा वर्ष 2025 में ही आयोजित किए जाने की संभावना है, और जेपीएससी इसकी तैयारियों में जुट चुका है. हालांकि, इस परीक्षा के लिए अभी आयोग को कार्मिक विभाग की अधियाचना का इंतजार है. अधियाचना मिलते ही परीक्षा की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी और विज्ञापन जारी कर दिया जाएगा.

**बड़ी पहल** झारखंड सरकार छात्रों को दिलाएगी अपने खर्च पर मुफ्त कोचिंग

# हर साल 300 आदिवासी छात्र बनेंगे डॉक्टर-इंजीनियर

शुभम संदेश। रांची



झारखंड की हेमंत सरकार राज्य के 300 प्रतिभाशाली आदिवासी छात्र-छात्राओं को हर साल डॉक्टर और इंजीनियर बनाने के लिए विशेष योजना पर काम कर रही है. इसके तहत चयनित छात्रों को नीट (नीट) और जेईई (जेईई) की मुफ्त कोचिंग दी जाएगी. कोचिंग संचालित करने के लिए एजेंसी के चयन की प्रक्रिया जारी है, जिसे 13 अगस्त तक पूरा करने का लक्ष्य है. इसके बाद एक परीक्षा के माध्यम से योग्य छात्रों का चयन कर उन्हें कोचिंग की सुविधा प्रदान की जाएगी.

11वीं और 12वीं के छात्रों को दो अलग बैचों में कोचिंगः कल्याण विभाग के अनुसार, कोचिंग के लिए छात्रों को उनकी कक्षा के अनुसार अलग-अलग बैचों में बांटा जाएगा. 11वीं में पढ़ रहे छात्रों को दो साल की कोचिंग दी जाएगी – जिनमें से 75 छात्रों को जेईई और 75 छात्रों को नीट की तैयारी करवाई जाएगी. वहीं, 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को एक वर्ष की कोचिंग दी जाएगी, जिसमें दोनों ही परीक्षाओं के लिए 75-75 छात्रों का चयन किया जाएगा. फिलहाल रांची के हिंदपीढ़ी इलाके में स्थित कल्याण विभाग की इमारतों में यह कोचिंग शुरू की जाएगी. भवन निर्माण का प्रस्ताव भी तैयार है, और नए भवन बनने तक इन्हीं इमारतों में छात्रों के रहने-खाने की व्यवस्था रहेगी. पहली बार राज्य सरकार इस तरह की मुफ्त आवासीय कोचिंग योजना खासकर आर्थिक रूप से कमजोर आदिवासी छात्रों के लिए शुरू कर रही है.

सुरक्षा को लेकर विभाग ने दिया भरोसाः जब हिंदपीढ़ी में कोचिंग सेंटर की सुरक्षा को लेकर सवाल उठे, तो कल्याण विभाग के सचिव कृपानंद झा ने आश्वस्त किया कि वे स्वयं स्थल का निरीक्षण कर चुके हैं. उनके अनुसार, विभाग की इमारतें घनी आबादी के बीच सुरक्षित स्थान पर स्थित हैं. एजेंसी का चयन पूरी तरह ओपन टेंडर प्रक्रिया से किया जाएगा और उसके बाद छात्रों का चयन मेरिट के आधार पर होगा. हालांकि चयन प्रक्रिया की अंतिम रूपरेखा अभी तय नहीं हुई है.

### आकांक्षी योजना से मिली प्रेरणा

राज्य सरकार की पहले से चल रही आकांक्षी योजना ने इस दिशा में रास्ता दिखाया है. इस योजना के अंतर्गत 11वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं को मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की मुफ्त आवासीय कोचिंग दी जाती है. पहले साल 40-40 छात्रों के साथ शुरू हुई यह योजना अब विस्तार पा चुकी है, जिसमें मेडिकल के लिए 75 और इंजीनियरिंग के लिए 100 छात्रों का चयन किया जाता है. झारखंड एकेडमिक काउंसिल इसके लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित करता है. आकांक्षी योजना की शुरुआत 2016-17 में स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा की गई थी. अब कल्याण विभाग इस प्रयास को और बड़े पैमाने पर आगे बढ़ाने की योजना पर काम कर रहा है.

# कांग्रेस कार्यालय की मांग पर मंत्री दीपिका ने दिया आश्वासन

शुभम संदेश। धनबाद



झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने बुधवार को सर्किट हाउस में मीडिया से बात करते हुए बताया कि ग्रामीण विकास विभाग के तहत मनरेगा, अबुआ आवास योजना, और जेएसएलपीएस जैसी योजनाओं के माध्यम से गांव की महिलाओं और परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है. सरकार पूर्व स्वीकृत योजनाओं को पूरा कर रही है और भविष्य के लिए नया वर्क प्लान भी तैयार किया जा रहा है. वे पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के बुलावे पर धनबाद आयी थीं.

उन्होंने बताया कि धनबाद जिले से जुड़े ग्रामीण विकास के मुद्दों पर राष्ट्रपति दौरे और मानसून सत्र के बाद विभागीय समीक्षा बैठक की जाएगी. कांग्रेस कार्यालय को लेकर भी उन्होंने आश्वासन दिया. धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव रविंद्र वर्मा ने बताया कि पार्टी कार्यालय की मांग पर मंत्री से चर्चा हुई जिसपर उन्होंने जल्द समाधान का भरोसा दिया. मंत्री दीपिका पांडे सिंह धनबाद से जामताड़ा रवाना हो गईं. वे 31 जुलाई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दुमका दौरे में शामिल होंगी.

## नदी में डूबने से सात वर्षीय बच्ची की मौत

### कीचड़ लगने के बाद धोने गई थी पैर, फिसलकर तेज बहाव में डूबी

**शुभम संदेश।कतरास**



कतरास थाना क्षेत्र के पत्थरगढ़ा निवासी मंटू कुमार के सात वर्षीय पुत्री खुशी कुमारी की बुधवार को कतरी नदी में डूबने से मौत हो गई. मृतका अपने सहेलियों के साथ कुछ सामान लाने के दुकान लिए घर से निकली थी. रास्ते में पैर में कीचड़ लगने से खुशी पैर धोने के लिए नदी किनारे चली गई. पैर धोने के दौरान फिसलने से नदी के तेज बहाव में डूब गई. खुशी के सहेलियों ने परिजन को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद परिजन और आसपास के लोग कतरी नदी में पहुंचे और खुशी को ढूंढने लगे. घंटों खोजबीन के बाद कतरी नदी में खुशी झाड़ी में फंसी मिली. खुशी को बाहर निकाला गया और स्थानीय क्लीनिक ले जाया गया. जहां डॉक्टर ने खुशी को मृत घोषित कर दिया. वहीं खुशी की मौत की खबर से मुहल्ले में मातम का माहौल है. प्रशासन की ओर से लोगों को हिदायत दी जा रही है कि वह अपने बच्चों को नदी नाला में अकेले जाने से रोके, पानी का बहाव होने से दुर्घटना हो रही है. बचाव जरूरी है. जहां भी पानी में गहराई या बहाव तेज हो वहां जाने से बचना चाहिए.

## लोयला स्कूल चिरकुंडा में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**चिरकुंडा (शुभम संदेश)।** लोयला स्कूल चिरकुंडा तालडांगा में बुधवार को लोयला दिवस के उपलक्ष्य पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत सेंट इग्नाटियस लोयोला के तस्वीर पर माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि एवं प्रिंसिपल ने दीप प्रज्वलित कर किया. बच्चों ने एक से बढ़कर एक नृत्य एवं नाटक प्रस्तुत किये. उपस्थित बच्चों एवं अतिथियों ने कार्यक्रम को खूब सराहा. इस अवसर पर मुख्य अतिथि अजय टिरु निदेशक (डोमियन सोशल वेलफेयर सेन्टा) गोविंदपुर, प्राचार्य फादर जॉनी पी देवासिया, सचिव फादर अलफोंस ने कहा की सेंट इग्नाटियस लोयोला की याद में कार्यक्रम किया जाता रहा है. वे एक शांति एवं शिक्षा के महत्वपूर्ण दूत थे. सेंट इग्नाटियस के जीवन पर आधारित एक एकांकी प्रस्तुत किया गया. समाज के प्रति उनका समर्पण भाव एवं शिक्षा के जगत में क्रांतिकारी निर्णय और भारत में शिक्षा का अलख जगाने का महत्वपूर्ण योगदान के बारे में बताया गया.

## बांसजोड़ा में कोयला लोड मालगाड़ी दो भाग में बंटी, मची अफरातफरी

**शुभम संदेश।लोयाबाद**



डीसी रेलवे लाइन पर बुधवार की शाम करीब 4 बजे बांसजोड़ा रेलवे स्टेशन के समीप कतरास से मैथन पावर प्लांट जा रही कोयला लदी मालगाड़ी दो भागों में बंट गई. घटना के वक्त फाटक बंद कर रेलकर्मी हरी झंडी दिखा रहे थे,तभी जोरदार आवाज सुनाई दी. फाटक के पास खड़े राहगीरों और स्टेशन में बैठे यात्रियों में अचानक अफरातफरी मच गई. मौके पर तैनात गेटमैन ने देखा कि मालगाड़ी के डिब्बे दो हिस्सों में बंट गए हैं. उसने तत्काल स्टेशन मास्टर को सूचना दी. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मालगाड़ी का अगला भाग करीब 100 मीटर दूर जाकर स्वतः रुक गया. ड्राइवर को गड़बड़ी का अंदेशा पहले ही हो गया था, जिससे ब्रेक लगाए गए. घटना के बाद गेटमैन ने तत्परता दिखाते हुए स्वयं कपलिंग को दोबारा जोड़ा. लगभग 40 मिनट की मशक्कत के बाद मालगाड़ी को बांसजोड़ा स्टेशन से रवाना की जा सकी. स्थानीय लोगों ने चिंता जताते हुए कहा कि यदि मालगाड़ी का पिछला भाग खुद से न रुकता तो बड़ा हादसा हो सकता था. रेल प्रशासन से इस तरह की तकनीकी खामियों की पहचान कर सतर्कता बढ़ाने की मांग की गई है.

### ब्रीफ खबरें

#### सुग्गी जोरिया पर बने पुल का गार्डवाल टूटा

**बरवाअड्डा।** लगातार हो रही बारिश के कारण यादवपुर से कुलबेड़ा जाने वाले पथ में सुग्गी जोरिया में बने पुल का गार्डवाल टूट कर बह गया. गार्डवाल टुटने से रोड का भी एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है और दरार पड़ गई है. रोड के क्षतिग्रस्त होने से चार चक्का वाहनों में आवागमन बाधित है. वाहनों के आवागमन बाधित होने से क्षेत्र के छात्र छात्राएं सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं. गांव तक स्कूल वाहन के ना पहुंच पाने से वाहनों के माध्यम से स्कूल जाने वाले छात्राएं स्कूल नहीं जा पा रहे हैं. इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि सिंदरी विधायक चन्द्र देव उर्फ बबलू महतो कुछ दिन पहले कुलबेड़ा आए थे. उस वक्त उन्होंने लगातार हो रही वर्षा को देखते हुए गार्डवाल टूटने का अंदेशा जताया था. इसे देखते हुए सिंदरी विधायक महतो ने धनबाद उपायुक्त को पत्र लिखकर कर डीएमएफटी फंड से गार्डवाल की मरम्मत कार्य करने की मांग की थी. लेकिन विधायक महतो द्वारा लिखित पत्र पर कोई कार्रवाई नहीं की गई. अंततः गार्डवाल और रोड टूट ही गया, ग्रामीण गार्डवाल और रोड मरम्मती के इंतजार में हैं.

#### अपराजिता के हत्यारोपियों के घर कुर्की का इश्तिहार

**मधुबन।** सिनिडीह वर्कशॉप कॉलोनी स्थित अपराजिता झा दहेज हत्या कांड के कांड संख्या 95/25 में फरार चल रहे प्राथमिक अभियुक्त काशीनाथ झा, पिता स्वर्गीय दिनेश्वर झा एवं सृष्टि कुमारी पिता प्रमोद कुमार झा के घर पर ढोल नगाड़ा बजा कर कुर्की का इस्तिहार चिपकाया है.आपको बता दे कि सिनिडीह वर्कशॉप कॉलोनी के रहने वाले नीरज झा पिता काशीनाथ झा उसकी मां ननद ने मिलकर अपराजिता की हत्या कर दी थी. अपराध को छुपाने के लिए नीरज झा ने मधुबन थाना में एक लिखित शिकायत की थी जिसमें लिखा था कि मेरी पत्नी 15 दिसंबर से बिना किसी को कुछ बताए घर से कही चली गई है.जिसके बाद उस समय के तात्कालिक थाना प्रभारी पिकु प्रसाद ने सूझ बूझ दिखाते हुए इस कांड का उद्भेदन किया था. हत्या में कुल छह लोगों की संलिप्तता की बात सामने आई थी जिसके बाद अपराजिता की हत्या में संलिप्त अपराजिता के पति नीरज झा सास शोभा देवी ननद सुनीता और विनीता को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था.

#### अरुप चटर्जी की माता की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

**कुमारधुबी।** निरसा के पूर्व विधायक स्व गुरुदास चटर्जी की पत्नी कामरेड अंजली चटर्जी के पुण्यतिथि के अवसर पर 30 जुलाई को मुगमा मोड स्थित कार्यालय में स्मृति दिवस मनाई गई. उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजली दी गई. मौके पर एग्याकुण्ड प्रखंड सचिव सह जिला परिषद सदस्य कामरेड बादल चन्द्र बाउरी ने कहा कि अंजली चटर्जी निरसा के पूर्व विधायक कामरेड गुरुदास चटर्जी की पत्नी थी और माले विधायक कामरेड अरूप चटर्जी की मां. घरेलू महिला रहने के बावजूद भी राजनीतिक सोच रखती थी. भाकपा माले व मासस के नेताओ व कार्यकर्ताओं को बहुत नजदीक से जानती थी. पार्टी के नेताओ को अपने घर में सेंटर देने का काम करती थी. कामरेड गुरुदास चटर्जी की हत्या के बाद निरसा विधान सभा चुनाव में कमान भी सम्हाली थी और अपने पुत्र कामरेड अरूप चटर्जी को जीताने में अहम भुमिका निभाई थी.

### हथुडीह गांव में बिजली कनेक्शन नहीं मिलने पर ग्रामीणों का हंगामा

## पीएम आवास में अब तक नहीं पहुंची बिजली, फूटा गुस्सा



**शुभम संदेश।महुदा**

धनबाद जिले के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत हथुडीह पंचायत के हथुडीह गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्षों पहले बने गरीबों के घर अब भी अंधेरे में डूबे हुए हैं. बिजली विभाग की लापरवाही के चलते आज तक इन घरों में बिजली कनेक्शन नहीं मिल पाया है. बिजली की इस गंभीर समस्या से परेशान होकर लाभुकों ने अपने-अपने आवास के सामने विरोध प्रदर्शन किया. ग्रामीणों ने बताया कि कई साल पहले उनके लिए पीएम आवास बना दिया गया था, लेकिन आज तक बिजली का तार तक नहीं खिंचा गया. रात के अंधेरे में चोर लगातार घरों से सीट और अन्य सामान चुरा ले जाते हैं, लेकिन विभाग को कोई फर्क नहीं पड़ रहा. इस मामले पर जब बिजली विभाग के जेई समद से बात की गई तो उन्होंने कहा कि काम का ठेका तो दे दिया गया है, लेकिन बारिश के कारण काम शुरू नहीं हो पाया है. बहुत जल्द सभी घरों में कनेक्शन दे दिया जाएगा. वहीं पंचायत समिति सदस्य सना उल्लाह अंसारी ने बताया कि गणेशपुर और अन्य संबंधित कार्यालयों में कई बार आवेदन देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है. अधिकारी सिर्फ टालमटोल कर रहे हैं. उन्होंने चेतावनी दी कि अगर 48 घंटे के भीतर बिजली कनेक्शन नहीं दिया गया, तो ग्रामीण गणेशपुर कार्यालय के बाहर धरना देंगे और इसकी जिम्मेदारी पूरी तरह बिजली विभाग की होगी.

### फुलारीटांड़ के भुइयां पट्टी में गोफ से हड़कंप



**मधुबन।** फुलारीटांड़ पंचायत अंतर्गत भुइयां पट्टी में रहने वाले 250 लोगों की जान जोखिम में है. यहां के हिरामन भुइयां के घर के दीवार के करीब ही एक दो फीट व्यास और लगभग दस फीट गहरा गोफ़ बन गया. गोफ़ बनने से लोगों में दहशत का माहौल है. लोगों का कहना है कि एक जमाने में भुइयां पट्टी में कंपनी के समय में अंडरग्राउंड माइनिंग चली थी. काम तो सालों पहले बंद हो गया पर खदान की भराई न हो पाने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हो गई है. कभी भी पूरी भुइयां पट्टी जमीनदोज हो सकती है. घटना की सूचना तुरत पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि दिलीप विश्वकर्मा को दी गई. जिसके बाद दिलीप विश्वकर्मा ने बीसीसीएल एरिया एक के पदाधिकारियों से बात कर उक्त गोफ़ की भराई कराने को कहा है. खबर मिलते ही बीसीसीएल एरिया एक के अधिकारी उक्त स्थल पर पहुंचे और गुरुवार को भुइयां पट्टी में बने गोफ़ में बालू भराई की बात कही है.

### हिलटॉप के आरोपियों के घर चिपकाया इश्तेहार

**मधुबन।** मधुबन थाना व धर्माबांध ओपी सीमा क्षेत्र के चर्चित हिलटॉप आउटसोर्सिंग कंपनी में कांड संख्या 2/25 के नामजद आरोपी के घरों में पुलिस ने ढोल नगाड़ा बजा कर बुधवार को इश्तेहार चिपकाया है.आपको बता दें कि 9 जनवरी 25 को धर्माबांध ओपी क्षेत्र हिलटॉप आउटसोर्सिंग कंपनी में वर्चस्व स्थापित करने को लेकर दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हुई थी. जिसमें दो दर्जन से अधिक दो पहिया वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया था. खरखरी बाजार स्थित सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के आवासीय कार्यालय में आगजनी की गई थी. एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार सिंह एवं पुलिस के जवानों पर पथराव भी हुआ था. इस मामले अभी तक फरार चल रहे नामजद आरोपियों में फुलारीटांड़ आशा कोठी खटाल के विनोद यादव पिता कारू यादव उर्फ देवेंद्र यादव, जयप्रकाश यादव, राहुल उर्फ प्राची यादव, विक्की यादव, कमलेश यादव, सुरेंद्र यादव, मंटू यादव, ललन यादव, जयप्रकाश यादव के घर के दरवाजे पर पुलिस ने ढोल नगाड़ा बजा कर इश्तेहार चिपकाया है. मौके पर कपूरिया ओपी प्रभारी प्रमोद लकड़ा,मधुबन थाना के एसआई लव कुमार चौधरी के साथ मधुबन पुलिस के जवान मौजूद थे.

### न्यूज अपडेट

#### संकल्प एजुकेशन में मानसिक योग्यता परीक्षा



**कतरास (शुभम संदेश)।** बुधवार को संकल्प एजुकेशन अंगार पथरा में मानसिक योग्यता परीक्षा का आयोजन किया गया. कतरास क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया. प्रतियोगिता में अनन्या कुमारी राजकीय मध्य विद्यालय टाटा सिजुआ 65% अंक लाकर प्रथम स्थान, सनज्योति कुमारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर तेतुलमारी 63% अंक लाकर दूसरे स्थान, आराध्या कुमारी डीएवी मध्य विद्यालय कतरास 60% अंक लाकर तीसरे स्थान पर रही. आयुष चरण शर्मा प्राथमिक विद्यालय श्याम बाजार 60% अंक लाकर चौथे स्थान पर रहे, शबनम टुडू मध्य विद्यालय रूदी कपूरिया 50% अंक लाकर पांचवें स्थान और तारा कुमारी डीएवी मध्य विद्यालय कतरास 46% अंक लाकर छठे स्थान पर रहे. इसके अलावा शिवम महतो ,रिया कुमारी ,आरोही कुमारी ,शौर्य कुमार, आकाश प्रमाणिक, आरोही कुमारी, पूर्णिमा कुमारी आदि का प्रदर्शन संतोषजनक रहा. संस्थान के निदेशक सह जय धरती मां फाउंडेशन के जिला सचिव सहदेव महतो ने कहा कि प्रत्येक बच्चे की मानसिक स्थिति अलग-अलग होती है. वर्कशॉप में मानसिक परिश्रम करवाया जाता है, जिससे उनकी मानसिक योग्यता में वृद्धि होती है. प्रतियोगिता को सफल बनाने में संकल्प एजुकेशन के प्रबंध निदेशक मनोरमा देवी अमित यादव, कुणाल कुमार शर्मा आदि का सराहनीय योगदान रहा.

#### डीएवी महुदा के प्राचार्य बने शुभाशीष चट्टोराज



**महुदा (शुभम संदेश)।** बुधवार को डीएवी पब्लिक स्कूल महुदा में नवपदस्थापित प्राचार्य शुभाशीष चट्टोराज ने पदभार ग्रहण किया. इस दौरान विद्यालय परिवार की ओर से विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य आरके सिंह, भीबी पांडेय, पी के झा, बी सिंह, ए डी सिंह, एस के बाग, भी, कुमार, ए श्रेष्ठा, पी महतो ने उन्हें गुलदस्ता देकर तथा धर्म शिक्षक एडी सिंह ने तिलक लगाकर गर्म जोशी के साथ उनका स्वागत किया. एस चट्टोराज इससे पूर्व मुगमा डीएवी के प्राचार्य रह चुके है. उन्होंने विद्यालय के सर्वांगीण विकास में अपना बहुमूल्य योगदान देने की बात कही. उन्होंने कहा कि बच्चों को गुणवतापुर्ण अच्छी शिक्षा देने के साथ विद्यालय हित को हमेशा ऊंचा रखुंगा और मैं आशा करता हुँ कि विद्यालय परिवार, अभिभावक व क्षेत्र की ओर से भरपूर सहयोग मिलेगा.

#### शिक्षकों के सेवा सत्यापन शिविर का आयोजन



**बाघमारा (शुभम संदेश)।** प्रखंड संसाधन केंद्र में बुधवार को कैंप लगाकर शिक्षकों की सेवा सत्यापन और वेतन वृद्धि का संधारण किया गया. साथ ही शिक्षकों को प्रशस्त एप और नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का प्रशिक्षण दिया गया. मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विनोद प्रसाद मोदी, श्रवण कुमार महतो, प्रवीण कुमार लाला ,मोहम्मद असलम, सुरेन महतो, गुंजीलाल महतो, बीआरपी मोहम्मद नसीम, विकास लाल दास, रमाकांत सिंह, श्यामाशंकर भट्टाचार्य आदि उपस्थित थे. कैंप लगाकर शिक्षकों का सेवा सत्यापन करने के लिए अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के अंचल सचिव रामेश्वर महतो उर्फ बॉबी ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का आभार व्यक्त किया है.

#### नगरकियारी से जमडीहा तक सड़क का शिलान्यास



**गोविंदपुर (शुभम संदेश)।** गोविंदपुर प्रखंड के अंतर्गत नगरकियारी पंचायत सचिवालय के आगे से जमडीहा मुख्य सड़क तक पथ निर्माण का शिलान्यास जिप प्रतिनिधि एजाज अहमद एवं नगरकियारी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुधीर महतो ने किया. उन्होंने कहा कि इस सड़क के जर्जर रहने से काफी परेशानी होती थी जिला परिषद की जिला योजना अनाबध निधि से इस पथ का निर्माण होगा. मौके पर अजय मालाकार, राहुल सिंह, दुलाल लायक, सुबोध मंडल, राजू महतो, पप्पू बाउरी, अजय रजक, बिशू सिंह आदि उपस्थित थे.

### मारवाड़ी विद्यालय में कौशल विकास कार्यशाला सम्पन्न

## रचनात्मक शिक्षा से ही बनेंगे आत्मनिर्भर : पूनम भुसानिया

**शुभम संदेश।झरिया**



रक्षाबंधन के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच – झरिया शाखा द्वारा कौशल विकास सप्ताह के तहत मारवाड़ी विद्यालय, झरिया में आयोजित दो दिवसीय रचनात्मक कार्यशाला सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई. पहले दिन छात्राओं ने मिट्टी (क्ले) से पारंपरिक व आधुनिक राखियाँ बनाईं, जबकि दूसरे दिन उन्हें टाई एंड डाई तकनीक से फैब्रिक डिज़ाइनिंग सिखाई गई. पिडिलाइट कंपनी से आई प्रशिक्षक भूमि अग्रवाल ने बच्चियों को रंग संयोजन, फोल्डिंग पैटर्न और डाई की परतों जैसी तकनीकें सरल रूप में सिखाईं. छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सुंदर व अनोखे डिज़ाइन तैयार किए. शाखा अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य छात्राओं को केवल हुनरमंद बनाना नहीं, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास से भरना है. कार्यक्रम संयोजक श्रीमती पूनम भुसानिया ने कहा कि रचनात्मक शिक्षा आत्म-विश्वास, अभिव्यक्ति और संस्कृति का संगम है. यह कार्यशाला आत्मनिर्भरता की दिशा में एक प्रेरक कदम रही. इस अवसर पर सुनीता अग्रवाल सहित विद्यालय समिति, शिक्षिकाएँ व मंच के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे. प्रतिभागी छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र दिए जाएंगे. कार्यशाला का अगला चरण 31 जुलाई को महिला इंटर कॉलेज, झरिया में प्रातः 8 बजे से आरंभ होगा, जिसमें ग्लास पेंटिंग जैसी गतिविधियाँ शामिल होंगी.

## तोपचांची के लोगों को नहीं मिल रहा जमुनिया जलापूर्ति योजना का लाभ

- जनप्रतिनिधियों ने कमिशन खोरी का लगाया आरोप
- जल समस्या पर एसडीओ के जवाब से असंतुष्ट ग्रामीणों ने किया हंगामा

**शुभम संदेश।गोमो**



तोपचांची प्रखंड कार्यालय में बुधवार को तोपचांची में उत्पन्न पानी की समस्या को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी एजाज हुसैन अंसारी की अगुआई में बैठक हुई. बैठक में प्रखंड प्रमुख आनन्द महतो, पीएचईडी एसडीओ जनार्दन सिंह, जेई दीपेन्द्र स्वर्णकार, कोर्डिनेटर अभिषेक जयसवाल, संत कुमार मंडल, तोपचांची मुखिया गुलाम सरवर खान सहित बडी संख्या में स्थानीय जन प्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे. बैठक में बीते सालों से जमुनिया जलापूर्ति योजना से जलापूर्ति नहीं होने पर उत्पन्न पानी की समस्या के निदान पर बातें रखी गई . परंतु विभाग के द्वारा कोई संतोष जनक जवाब नहीं मिलने पर बैठक में जम कर हंगामा हुआ. ग्रामीणों ने आरोप लगाया पानी की सप्लाई सही तरीके से नहीं हो रही है. कार्य अधूरा है तो फिर किस स्थिति विभाग ने ठीकेदार से हेंडओवर कर लिया. ग्रामीणों की ओर से महिला नेत्री रीना देवी ने आरोप लगाया कि जलापूर्ति योजना में जम कर कमिशन खोरी हुई है. गुणवत्ता पूर्ण कार्य नहीं किया गया है. पम्प लोवर सहित अन्य सामग्री घटिया किस्म का लगाया गया है. बार-बार मोटर पम्प खराब होने की बात कही जाती है. एसडीओ ने कहा जो पंप खराब है उसे बनवाया जाएगा और पाइप बिछाने का कार्य किया जायगा. पानी आपूर्ति पर उन्होंने कोई ठोस जवाब नहीं दे पाए, जिससे बैठक बेनतिजा रही. जन प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपये की लागत से जमुनिया नदी जल आपूर्ति योजना से जनता को कोई लाभ नहीं मिल रहा है.

## पीबी एरिया में फिर रघुकुल और सिंह मेंशन आमने-सामने

### मेंशन समर्थक ने लगाया है डीओ, विधायक रागिनी ने लगाया पक्षपात का आरोप

**शुभम संदेश।पुटकी**



पीबी एरिया के गोपालीचक लोडिंग स्थल पर डीओ धारक का कोयला लोड करने को लेकर विवाद पुनः गहरा गया है. भाजपा की झरिया विधायक में मामले में लाव लश्कर के साथ गोपालीचक पहुंचने के बाद सिंह मेंशन व रघुकुल परिवार एक बार फिर आमने सामने आ गया है. गोपालीचक फायर ओसीपी में कोयला खनन का कार्य रघुकुल समर्थक सिंह नेचुरल आउटसोर्सिंग को मिला है. काफी अर्से के बाद कोलियरी में डीओ लगा है. पिछले बार कोयला लोड करने के विवाद में खून खराबा हो गया था. गोलियां और बम चले थे. मामले में तीन एफआईआर दर्ज हुए थे. अब पुनः डीओ का कोयला को लेकर विवाद उतपन्न हो गया है. सिंह मेंशन समर्थक ने 2200 टन का डीओ लगाया है. दो सौ टन कोयला का उठाव किया पर अब झरिया विधायक व जनता श्रमिक संघ की महामंत्री रागिनी सिंह ने कोयला डीओ धारकों के साथ कोयला की क्वालिटी खराब देने व भेदभाव बरतने की शिकायत की है. डीओ होल्डरों एवं चालकों से बातचीत के बाद बीसीसीएल सीएमडी को फोन कर पूरे मामले की जानकारी दी. कहा आर मर्चेंट, जय मां तारा डीओ होल्डरों के ट्रकों का लोडिंग का सीरियल नंबर आने पर भी दलालों की मिलीभगत से बीसीसीएल प्रबंधन ट्रकों को 15-15 दिन तक खड़ा रखा जा रहा है. आउटसोर्सिंग कंपनी कोयले में पत्थर मिलाकर सप्लाई कर रही है.इससे भारी नुकसान हो रहा है. जबकि दूसरी ओर मनचाहे डीओ धारकों को बेहतर गुणवत्ता का कोयला दिया जा रहा है. जो बर्दाश्त नहीं होगा. विधायक रागिनी ने दो टुक कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन दो दिन के अंदर स्थिति स्पष्ट कर सभी डीओ धारकों को सामान रूप से लोडिंग कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा लोडिंग पॉइंट पर टेंट लगाकर धरना में बैठ जायेंगे. मौके पर मौजूद पीबी एरिया जीएम धर्मेन्द्र मित्तल ने लोडिंग के दौरान ट्रकों के सीरियल नंबर में हेरा-फेरी करने वाले क्लर्क को बर्खास्त करने की बात कहीं. कहा कि कोयला लोडिंग पूरी तरह नियम और नंबर सिस्टम के तहत किया जा रहा है. अगर किसी प्रकार की गड़बड़ी सामने आती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी. डीओ धारक रंजीत रवानी ने बताया कि पहले भी कोयला उठाव को लेकर इसी तरह विवाद खड़ा किया गया था और उनके खिलाफ दो रंगदारी केस भी दर्ज कराए गए हैं. उन्होंने कहा मैनुअल लोडिंग की व्यवस्था की जाए ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिले और कोयले की गुणवत्ता में सुधार हो सके.मौके पर प्रदीप गुप्ता, मुकेश पासवान, सुमित पासवान, सोनू सिंह, कांति देवी, उमा देवी आदि मौजूद थे.

## निरसा हाईवा सहकारी समिति ने थामा भाकपा का दामन

**शुभम संदेश।निरसा**



निरसा के गुरदास भवन में, भाकपा माले के पार्टी कार्यालय में बुधवार को निरसा हाईवा परिवहन स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के सचिव अभिजीत चक्रवर्ती ने अपने दर्जनों हाईवा मालिकों के साथ भाकपा माले पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. इस अवसर पर निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने सभी नए सदस्यों का पार्टी का पट्टा पहनाकर हार्दिक स्वागत किया. मौके पर भाकपा माले के वरिष्ठ नेताओं ने अपनी बात रखी. मौके पर पार्टी के संयोजक आगम राम, निरसा प्रखंड सचिव टूटुन मुखर्जी, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि विश्वनाथ, अमल मिश्रा सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे. सदस्यता ग्रहण करने वालों में अभिजीत चक्रवर्ती के साथ इंद्रनील चटराज, चंदन दत्ता, राजेश भगत, विश्वजीत कर, मो. सफरूल, जियाउल हक, रामजी पाण्डेय, रंजीत गोप, उमेश गिरी, मिस्टर अंसारी, बुधन रुद्रा सहित कई अन्य लोग शामिल रहे. इन सभी ने भाकपा माले के सिद्धांतों और जनहित के लिए कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई. विधायक ने कहा कि निरसा हाईवा परिवहन स्वावलंबी सहकारी समिति के सदस्यों का भाकपा माले में शामिल होना न केवल सराहनीय कदम है बल्कि परिवहन क्षेत्र से जुड़े लोगों के हितों को और मजबूत करने में सहायक होगा. नए सदस्यों ने संकल्प लिया कि वे पार्टी के सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए निरसा और आसपास के क्षेत्रों में विकास और सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करेंगे.

# वर्चस्व की लड़ाई में तीन गिरफ्तार, हथियार भी बरामद

शुभम संदेश। बोकारो

सिटी थाना अंतर्गत सेक्टर तीन सी में दो गुटों के बीच वर्चस्व की लड़ाई के मामले में पुलिस ने एक गुट के मनु राय, हर्षित कुमार और मुकुल ठाकुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. इनमें से एक आरोपी का संबंध पुलिसकर्मी से बताया जा रहा है. इस संबंध में बुधवार को पुलिस मुख्यालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पुलिस कप्तान हरविंदर सिंह ने बताया कि 29 जुलाई 2025 को उन्हें जानकारी मिली थी कि बीएस सिटी थाना क्षेत्र के सेक्टर तीन सी में दो गुट हथियारबंद होकर मारपीट कर रहे हैं, जिससे किसी अप्रिय घटना की आशंका है. सूचना मिलने पर पुलिस कप्तान ने पुलिस अधीक्षक, नगर आलोक रंजन को तत्काल एक पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करने का निर्देश दिया. निर्देशानुसार पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची तो पुलिस वाहन देखकर मारपीट कर रहे सभी लोग इधर-उधर भागने लगे. भागने के क्रम में पुलिस टीम ने दो व्यक्ति मनु भूमिहार और हर्षित कुमार को पकड़ लिया.



**थाना गेट पर पकड़ा गया तीसरा आरोपी**

पकड़ाए दोनों व्यक्तियों को थाने लाने के दौरान तीन-चार बाइक पर सवार होकर करीब आठ-दस व्यक्ति थाना गेट के करीब पहुँचे. संदेह होने पर पुलिस पार्टी द्वारा जब बाइक सवार लोगों को पकड़ने का प्रयास किया गया तो सभी भागने लगे. भागने के क्रम में एक बुलेट पर सवार मुकुल ठाकुर नामक व्यक्ति को पकड़ लिया गया. पकड़ाए व्यक्ति की तलाशी लेने पर उसकी कमर से एक देसी कट्टा, एक लोडेड जिंदा कारतूस और एक धारदार भुजाली बरामद हुई. मुकुल ठाकुर ने बताया कि सेक्टर तीन में हो रही मारपीट में मनु भूमिहार और अमन यादव के कहने पर वह हथियार लेकर आया था. जब मनु भूमिहार और हर्षित कुमार को पुलिस थाना ला रही थी, तो उन्हें पुलिस से छुड़ाने के लिए हथियार लेकर आठ-दस लोग थाने के पास पहुंचे थे, जहां पुलिस द्वारा उसे हथियार के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया गया. इस संबंध में बीएस सिटी थाना कांड संख्या 159/25 दिनांक 30 जुलाई 2025 को धारा 132/162/163 बीएनएस एवं आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है. पुलिस कप्तान ने बताया कि मनु भूमिहार पर पहले से तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं. पुलिस कप्तान ने बताया कि इस अभियान में आरक्षी विजय कुमार सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही. छापेमारी दल में सुदामा कुमार दास (थाना प्रभारी, बीएस सिटी), संजय कुमार (थाना प्रभारी, सेक्टर चार थाना), शशिकांत कुमार, महंती बोयपाय, नीरज सेठ, आरक्षी मदन प्रसाद एवं अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे.

# बोकारो आस्था ज्वेलर्स लूटकांड में दो और अपराधी गिरफ्तार

**खास बात**

- अब तक कुल नौ अपराधी पकड़े गए

शुभम संदेश। बोकारो

23 जून 2025 को चास थाना क्षेत्र के बाईपास रोड स्थित आस्था ज्वेलर्स में शाम को हुए लूटकांड में पुलिस ने दो और अपराधियों रोनित कुमार राय और नवीन कुमार को बिहार के सीतामढ़ी से लूट के माल के साथ गिरफ्तार किया है. इस मामले में अब तक कुल नौ अपराधी पुलिस के हत्थे चढ़ चुके हैं.



**दो गिरफ्तार और बरामदगी**

कांड के अग्रतर अनुसंधान के क्रम में एसआईटी टीम द्वारा 19 जुलाई 2025 को रोनित राय (पिता अनिल राय, एसडीओ रोड थाना नगर, वैशाली, बिहार) और नवीन कुमार (पिता दिलीप ठाकुर, पता कुंपड़ी गाँव, सत्यम कुमार के किराए के मकान, थाना कुपड़ी, जिला सीतामढ़ी) को गिरफ्तार किया गया है. इनकी निशानदेही पर कांड में लूटे गए सोने-चाँदी के जेवरातों को नवीन कुमार के किराए के मकान से बरामद किया गया है.

## ब्रीफ खबरें

### नाबालिग से यौन शोषण आरोपित गिरफ्तार

**साहिबगंज।** उधवा प्रखंड के राधानगर थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग लड़की से शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने के मामले में पुलिस ने एक नामजद आरोपित को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपित नसीम शेख को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया. पुलिस सूत्रों के अनुसार, नाबालिग लड़की के पिता ने पुलिस को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि मनिहारी टोला गाँव के नसीम शेख ने उनकी नाबालिग पुत्री के साथ शादी का झांसा देकर यौन शोषण किया.

### अवैध शराब के साथ पांच धंधेबाज गिरफ्तार

**गिरिडीह।** खोरीमहुआ एसडीएम अनिमेश रंजन के नेतृत्व में उत्पाद निरीक्षक रवि रंजन ने गुप्त सूचना के आधार पर जिले के धनवार थाना क्षेत्र और घोड़थंबा के लाइन होटलों में छापेमारी की. इस दौरान अवैध विदेशी शराब और बीयर की बोतलों के साथ अवैध चुलाई शराब भी जब्त की गई है. साथ ही मामले में पांच धंधेबाज़ों को गिरफ्तार किया गया.जिसमें खोरीमहुआ के आनंद रजक, धनवार गंगा होटल के संचालक कुलदीप राम और महेंद्र राम, घोड़थंबा लाइन होटल संचालक सुनील कुमार और धनवार उबरी के होटल संचालक दीपक शर्मा शामिल है.

### डीसी ने किया कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण

**बोकारो।** उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने पेटरवार स्थित कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) का निरीक्षण किया. इस अवसर पर उन्होंने केवीके सभागार में कृषि, आत्मा, पशुपालन, गव्य विकास एवं भू-संरक्षण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की क्रमवार समीक्षा की और जरूरी दिशा-निर्देश दिए. बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि योजनाओं का उद्देश्य केवल लक्ष्य पूर्ति नहीं, बल्कि किसानों की आय में वृद्धि करना, नई कृषि पद्धति का विस्तार और कृषि-आधारित रोजगार को बढ़ावा देना है. पशुपालन विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिले में 'गोटरी बैंक' की स्थापना का प्रस्ताव रखा. उन्होंने कहा कि इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों, विशेषकर महिलाओं को, स्वरोजगार और आय वृद्धि का अवसर मिलेगा. उन्होंने ज़िला पशुपालन पदाधिकारी और उनकी टीम को निर्देश दिया कि वे इस दिशा में काम करें और आगामी 15 अगस्त तक ऐसे गांव व क्षेत्रों को चिह्नित कर मैपिंग करें.

# उपायुक्त ने किया पॉलिटेक्निक कॉलेज खुंटरी-जरीडीह का निरीक्षण

शुभम संदेश। बोकारो

पिछले दिनों सोशल मीडिया के माध्यम से पॉलिटेक्निक कॉलेज, खुंटरी-जरीडीह के छात्रावास में पेयजल संकट, शौचालय की खराब स्थिति एवं अन्य सुविधाओं की कमी की शिकायत प्राप्त हुई थी. इसी के आलोक में उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने बुधवार को टीम के साथ कॉलेज का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने कॉलेज के शैक्षणिक माहौल, छात्रावास व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, स्वास्थ्य सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आधारभूत संरचनाओं का जायजा लिया.



**छात्रों की मूलभूत आवश्यकताओं पर जोर**

उपायुक्त ने कॉलेज स्थित सभागार में बैठक भी की. उन्होंने मौके पर उपस्थित कॉलेज प्राचार्य मनोज कुमार महतो व अन्य को छात्रों की मूलभूत आवश्यकताओं से कोई समझौता नहीं करने की बात कही. उन्होंने सभी आवश्यक संसाधन एवं सुविधाएं अविलंब उपलब्ध कराने की दिशा में तत्काल कार्य करने को कहा.

**स्वच्छता पर गंभीर चिंता और 15 दिन का अल्टीमेटम**

उपायुक्त ने कॉलेज परिसर, क्लासरूम, छात्रावास, शौचालय, खेल मैदान और अन्य हिस्सों की स्थिति को देखकर स्वच्छता को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की. परिसर में झाड़ियां, कूड़ा-कचरा एवं शौचालयों की दुर्व्यवस्था को देखकर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने कॉलेज प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिया कि 15 दिनों में समुचित सफाई सुनिश्चित करें. साथ ही, नियमित साफ-सफाई का स्थायी तंत्र विकसित करने को भी कहा.

**सरकारी आवंटन और व्यय की रिपोर्ट मांगी**

उपायुक्त ने बीडीओ सीमा कुमारी और सीओ जरीडीह प्रणव ऋतुराज को निर्देश दिया कि वे पिछले तीन वर्षों में कॉलेज को प्राप्त सरकारी आवंटन एवं खर्च का विस्तृत रिपोर्ट कॉलेज प्रबंधन के सहयोग से तैयार करें और उसकी समीक्षा करें. उन्होंने किस मद में कितनी राशि और कहाँ खर्च हुई है, कितनी राशि सरेंडर हुई है, आदि की जानकारी मांगी. साथ ही, वर्तमान जरूरतों का आंकलन कर एक समेकित रिपोर्ट एक सप्ताह में जिला को समर्पित करने को कहा.

**समग्र विकास के लिए कई निर्देश**

बैठक के क्रम में उपायुक्त ने कॉलेज के छात्रों के समग्र विकास के लिए उपस्थित सिविल सर्जन डॉ. ए.बी. प्रसाद को निर्देशित किया कि वह कॉलेज में एक नियमित चिकित्सक की व्यवस्था करें. सभी छात्रों का हेल्थ कार्ड बनाएं और नामांकन के बाद ही इसे सुनिश्चित करें. एक मेडिकल रूम तैयार करें, जहां आवश्यकतानुसार छात्र, कॉलेज के लेक्चरर, समस्त कर्मी उपचार की सुविधा प्राप्त करेंगे. इसके अलावा, पेयजल समस्या को अविलंब दूर करने, एक विशेष वाई-फाई युक्त स्टडी रूम की स्थापना करने, पुस्तकालय का संचालन सुबह आठ बजे से रात्रि आठ बजे तक सुनिश्चित करने, कक्षा, परिसर, छात्रावास आदि स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित करने, एक माह का बैकअप क्षमता रखने, छात्र–छात्राओं के छात्रावास में वार्डन की नियुक्ति करने, दिवा-रात्रि 06-06 होमगार्डों की प्रतिनियुक्ति का निर्देश दिया. उपायुक्त ने छात्र–छात्राओं के आउट-इन रजिस्टर तैयार करने और गेट स्लिप देने को कहा, साथ ही यह सुनिश्चित करने एवं सख्ती से पालन करने को कहा कि बिना अनुमति के कोई भी छात्र–छात्रा परिसर से बाहर नहीं जाए. पूरे परिसर में अनुशासन बनाए रखने हेतु टीम गठित करने को कहा. बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी बिपिन चंद्र महतो को नियमित औचक निरीक्षण का निर्देश दिया. उपायुक्त ने कॉलेज प्रबंधन को आगामी खेल दिवस पर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता/सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं व अन्य गतिविधियों का आयोजन करने को कहा, ताकि छात्र–छात्राओं का सर्वांगीण विकास संभव हो.

**छात्रों से सीधा संवाद और आश्वासन**

उपायुक्त ने कॉलेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याएं विस्तार से सुनीं. छात्राओं ने पेयजल, सफाई, इंटरनेट सुविधा, पुस्तकालय, खेल सामग्री की अनुपलब्धता जैसी कई मुद्दों को सामने रखा. उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक बिंदु पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए और आश्वस्त किया कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है. उपायुक्त ने कहा कि शिक्षा केवल कक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि एक अनुशासित, प्रेरक और समावेशी वातावरण में ही छात्र अपना संपूर्ण विकास कर सकते हैं. पॉलिटेक्निक कॉलेज जैसे संस्थानों को तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में आदर्श के रूप में विकसित किया जाना जरूरी है. उन्होंने कहा कि एक अनुशासित और आधुनिक-सुविधासंपन्न संस्थान का निर्माण लक्ष्य है और प्रशासन इसके लिए प्रतिबद्ध है. आने वाले दिनों में एक नया बदलाव देखने को मिलेगा. मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, सिविल सर्जन डॉ. ए.बी. प्रसाद, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता राम प्रवेश राम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला श्रम अधीक्षक रणजीत कुमार, भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता अमृत कुमार, जिला योजना पदाधिकारी राज शर्मा, जिला नियोजन पदाधिकारी बम बैजू, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे.

# बीएसएल के विस्तारीकरण के समर्थन में तीन को संगोष्ठी

शुभम संदेश। बोकारो

बोकारो स्टील प्लांट के सभी ट्रेड यूनियनों ने प्लांट के विस्तारीकरण परियोजना को शुरू करवाने और बीजीएच (बोकारो जनरल अस्पताल) को सुपरस्पेशलिटी अस्पताल बनवाने के लिए चलाए जा रहे महाहस्ताक्षर अभियान का समर्थन किया है. इस अभियान के तहत प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड लिखकर अपनी मांगें भेजी जा रही हैं. अभियान के संयोजक कुमार अमित की पहल पर इंटक के वीरेंद्रनाथ चौबे, किम्स के राजेंद्र सिंह, श्री रामाश्रय प्रसाद, बीएमएस के रंजय कुमार, बीडू के संदीप कुमार, बीएकेएस के हरिओम और बोकारो कर्मचारी पंचायत के रामाकांत वर्मा, बोकारो मज़दूर समाज के राजेश महतो आदि ने प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड लिखे हैं. इनके अलावा, रोटरी क्लब के नरेंद्र सिंह, प्लांट होल्डर एसोसिएशन के राजेंद्र विश्वकर्मा एवं बैंकर्स एसोसिएशन के सिद्धेश नारायण दास ने भी प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड लिखकर बोकारो के विकास के लिए इस अभियान में अपने संगठन का समर्थन दिया है. इससे पहले होमगार्ड, पूर्व सैनिकों, निजी विद्यालयों के एसोसिएशन सहोदया और अयप्पा सेवा संगम ने भी इस अभियान का समर्थन किया था. कुमार अमित ने सभी को आगामी 3 अगस्त को सेक्टर 2 कला केंद्र में इस अभियान के समर्थन में आयोजित होने वाले संगोष्ठी कार्यक्रम में आने का आमंत्रण दिया है. सभी संगठनों ने इस संगोष्ठी में शामिल होने की बात कही है. कुमार अमित ने बताया कि बोकारो के विकास और यहाँ के बेरोजगार एवं विस्थापित युवाओं के रोजगार हेतु विस्तारीकरण और बीजीएच के बेहतरी के लिए चलाए जा रहे इस अभियान के तहत सामाजिक संगठनों से मिलने का क्रम जारी रहेगा. अभियान के तहत दो लाख लोग इसके लिए रजिस्टर पर हस्ताक्षर करेंगे एवं दस हजार लोग प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड लिखकर अपनी भावनाओं से अवगत कराएंगे. इस अवसर पर अतुल सिंह, निवारण महतो, चंद्रप्रकाश, योगेंद्र कुमार, गणेश कुमार आदि भी उपस्थित रहे.

# 'तरंग' में विद्यार्थियों ने नृत्य के जरिए किया नवरस का जीवंत चित्रण

शुभम संदेश। बोकारो

दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो की सीनियर इकाई में चल रहे चार-दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव 'तरंग' के दूसरे दिन, बुधवार को छात्र-छात्राओं ने अपने उत्कृष्ट नृत्य कौशल का परिचय दिया. अंतर-सदन समूह-नृत्य प्रतियोगिता में सभी छह सदनों के विद्यार्थियों ने मानव जीवन के नवरस की अलग-अलग भावनाओं का जीवंत प्रस्तुतीकरण कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया.



**सीआरपीएफ डीआईजी ने किया उद्घाटन, कलात्मक कौशल की सराहना**

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीआरपीएफ (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) के उप महानिरीक्षक (बोकारो परिचालन क्षेत्र) अमित कुमार सिंह, विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार, वरीय उप प्राचार्य अंजनी भूषण एवं उप प्राचार्या शालिनी शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. डीआईजी अमित कुमार सिंह ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए इसे उच्च स्तरीय प्रदर्शन बताया. उन्होंने सभी प्रतिभागियों एवं उनके शिक्षकों सहित पूरे विद्यालय परिवार को बधाई दी. उन्होंने कहा कि इस प्रकार का कलात्मक कौशल विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने और उनके सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है. इस दिशा में डीपीएस बोकारो के कार्य अत्यंत ही सराहनीय हैं. इस अवसर पर निर्धारित विषयवस्तु- नवरस पर आधारित मंच की आकर्षक साज-सज्जा भी देखते ही बन रही थी. नृत्य प्रस्तुतियों की श्रृंखला जमुना सदन की टीम ने नवरस में से एक रौद्र रस पर आधारित नृत्य से शुरू की, जिसमें उन्होंने सती-बलिदान एवं शिव तांडव के माध्यम से क्रोध-भाव को प्रदर्शित किया. इसके बाद चेनाब हाउस के विद्यार्थियों ने शांत-रस पर आधारित अपनी प्रस्तुति में राजकुमार सिद्धार्थ के बुद्ध बनने की यात्रा को दर्शाया. झेलम सदन की टीम ने भयानक रस पर आधारित नृत्य में माँ काली द्वारा रक्तबीज-संहार, तो गंगा सदन के छात्र-छात्राओं ने श्रृंगार रस के तहत भगवान श्रीकृष्ण और राधा के प्रेम को दर्शाया. वहीं, रावी हाउस की टीम ने अपने नृत्य में अद्भुत रस को प्रदर्शित करते हुए भगवान विष्णु के दशावतार, हिरण्यकश्यप-वध आदि का बेहतरीन मंचन कर सबकी भरपूर तालियाँ बटोरीं. अंत में सतलज हाउस की टीम ने वीर रस पर आधारित अपने नृत्य में छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य को दिखाया.

## न्यूज अपडेट

### गोड्डा में एम्बुलेंस चालकों की हड़ताल, मरीज परेशान

**गोड्डा (शुभम संदेश)।** वेतन और पीएफ भुगतान सहित अन्य मांगों को लेकर 108 एम्बुलेंस चालक बुधवार सुबह से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं. इस हड़ताल से मरीजों को अस्पताल पहुंचने में काफ़ी दिक्कतें आ रही हैं और उन्हें ज़्यादा पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं. हड़ताली चालकों ने नई ठेका कंपनी सम्मान फ़ाउंडेशन पर मनमानी का आरोप लगाया है. उनका कहना है कि कंपनी के अधिकारी छोटी-छोटी बातों पर 'शो कॉज़' देकर नौकरी से निकाल देते हैं और फिर पैसे लेकर नई भर्तियाँ करते हैं. जिले के 50 से ज़्यादा ड्राइवरों ने बताया कि उन्हें वर्षों से नियमित वेतन और पीएफ जैसे सरकारी लाभ नहीं मिल रहे हैं, जिससे घर चलाना मुश्किल हो गया है. चालक सरकार और स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं और अपनी मांगें पूरी होने तक हड़ताल जारी रखने पर अड़े हैं.

### भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब जब्त

**कसमार (शुभम संदेश)।** उत्पाद विभाग ने कसमार थाना क्षेत्र के दांतू गांव में एनएच किनारे स्थित एक मकान से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब और निर्माण सामग्री जब्त की है. बरामद सामग्री में इम्पीरियल ब्लू, रॉयल स्टैग, आइकॉनिक, स्टर्लिंग बी7, एमसी डोवेल नंबर वन, ब्लेंडर्स प्राइड सहित विभिन्न ब्रांडों की कुल 3840 बोतलें (लगभग 1100 लीटर, करीब 160 पेटी) शामिल हैं. छापेमारी दल में तेनुघाट के अवर निरीक्षक सन्नी विवेक तिर्की, बेरमो एवं चंद्रपुरा के अवर निरीक्षक महेश दास सहित अन्य बल मौजूद थे.

### विधायक संजय यादव ने सांसद पर साधा निशाना

**गोड्डा।** गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे यह कहते हैं कि वे वोट मांगने भी नहीं जाते और जनता उन्हें चार बार से चुनाव जीता रही है. इस पर टिप्पणी करते हुए झारखंड सरकार के श्रम मंत्री सह गोड्डा विधायक संजय यादव ने बुधवार को ग्राम पैरडीह में ग्रामीणों के बीच कहा कि यह सांसद निशिकांत दुबे का सौभाग्य है और गोड्डा की जनता का दुर्भाग्य है. दरअसल, ग्राम पैरडीह में रेलवे का वाशिंग पिट बनाया जा रहा है और ग्रामीण रास्ते की मांग को लेकर निर्माण स्थल पर आपत्ति जताते हुए विरोध कर रहे हैं. विधायक संजय यादव ग्रामीणों के आंदोलन में साथ देने के लिए निर्माण स्थल पर पहुंचे हुए थे. तीन दिन पूर्व गोड्डा-अजमेर नई ट्रेन के उद्घाटन के अवसर पर सांसद निशिकांत दुबे गोड्डा स्टेशन आए हुए थे. उन्होंने विधायक पर आरोप लगाते हुए कहा था कि विकास को बाधित करने से गोड्डावासियों को ही तकलीफ होगी और लंबी दूरी की नौ गाड़ियों का परिचालन बाधित हो जाएगा.

### अंतिम सोमवारी में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**साहिबगंज।** तालझारी प्रखंड स्थित मोती झरना मोती नाथ धाम में श्रावण मास की अंतिम सोमवारी को लेकर मोतीझरना समिति ने सीओ सह बीडीओ राम सुमन प्रसाद और थाना प्रभारी नितेश कुमार पाण्डेय से मुलाकात की. इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और विधि-व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा हुई. सीओ ने बताया कि अंतिम सोमवारी पर भारी भीड़ की संभावना है, जिसे देखते हुए प्रशिक्षु चौकीदारों की तैनाती की जाएगी. थाना प्रभारी ने बताया कि पार्किंग फुटबॉल मैदान में होगी और महाराजपुर गंगा घाट से मंदिर तक चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल, चौकीदार और समिति के सदस्य तैनात रहेंगे ताकि कोई असुविधा या विवाद न हो. समिति का अनुमान है कि लगभग एक लाख श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए आएँगे.

### मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस पर चला अभियान

**साहिबगंज (शुभम संदेश)।** मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस पर, एक एनजीओ की पहल पर साहिबगंज जिले में बाल संरक्षण और बाल अधिकार से जुड़े प्रमुख हितधारकों ने जागरुकता अभियान चलाया. मालदा रेल खंड के साहिबगंज, राजमहल, तीनपहाड़ और बरहरवा रेलवे स्टेशनों पर यह अभियान केंद्रित था. यह अभियान 1 जुलाई से 30 जुलाई तक उन स्टेशनों पर चलाया गया, जहाँ से अक्सर बच्चों की तस्करी होती है. साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक राज हंस पाठक, बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी, आरपीएफ इंस्पेक्टर गुलाम सरवर, जीआरपी मंगल हांसदा, और चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त टीम ने जन जागरूकता अभियान चलाया. इस दौरान चंदा कुमारी, शोभा कुमारी, बिंदु कुमारी, मोहम्मद इकबाल, संजीव कुमार, अवधेश कुमार, मृदुला कुमारी, रजत कुमार, दीपक कुमार, साक्षी रंजन, नाहिद प्रवीण, नवीन कुमार, सुमन कुमारी सहित कई अधिकारी और सदस्य मौजूद रहे.

### बोक्सा ने लगाया रक्तदान शिविर

**बोकारो (शुभम संदेश)।** सेंट ज़ेवियर्स स्कूल, बोकारो की 60वीं वर्षगाँठ और संत इग्नाशियुस ऑफ लोयोला के पर्व के पावन अवसर पर, बोकारो ओल्ड ज़ेवेरियन्स एसोसिएशन द्वारा स्कूल परिसर में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. इस सामाजिक पहल में सदर अस्पताल, बोकारो का सहयोग प्राप्त हुआ, जो जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमज़ोर रोगियों को निःशुल्क रक्त प्रदान करता है. बोक्सा के अध्यक्ष कृष्ण चंद ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य थैलेसीमिया से ग्रसित बच्चों, दुर्घटनाग्रस्त रोगियों और उन गरीब मरीजों के लिए रक्त एकत्र करना है जो महंगे इलाज का खर्च नहीं उठा सकते. उन्होंने इसे सच्चा जश्न और इग्नाशियन भावना बताया. सेंट ज़ेवियर्स स्कूल के प्रिंसिपल फादर अरुण मिंज ने कहा कि इस आयोजन की प्रेरणा इग्नाशियन मूल्यों से मिली है, जो सेवा, न्याय, करुणा और दूसरों का सहयोग करने की शिक्षा देते हैं. उन्होंने कहा कि इस भावना को साकार करते हुए, सेंट ज़ेवियर्स स्कूल के पूर्व छात्र न केवल शिक्षा में बल्कि समाज सेवा में भी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं. यह रक्तदान शिविर उनके उस संकल्प का प्रमाण है.

### भाजपा का 'एक पौधा माँ के नाम' पौधरोपण अभियान

**कसमार (शुभम संदेश)।** भाजपा ने कसमार स्थित पैक्स भवन परिसर में 'एक पौधा माँ के नाम' पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया. बोकारो जिला बीस सूत्री समिति के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा नेता लक्ष्मण कुमार नायक ने इस अभियान का नेतृत्व किया. नायक ने बताया कि यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ माँ के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है. यह राष्ट्रव्यापी अभियान कसमार प्रखंड की सभी पंचायतों, बूथों और घरों तक चलाया जाएगा. कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने पौधे लगाकर इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया, जिसका उद्देश्य पौधरोपण के प्रति जागरुकता फैलाना है. पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी भी कार्यकर्ताओं को सौंपी गई. इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, बाणेश्वर महतो, परमेश्वर नायक, भवानी मुखर्जी, रामलाल ठाकुर, अजय ठाकुर, ताराचंद महतो सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे.

### तिसरी प्रखंड में छात्रों को मिली निःशुल्क साइकिल

**तिसरी(शुभम संदेश)।** झारखंड सरकार के कल्याण विभाग द्वारा सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के बीच चलाई जा रही निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत बुधवार को तिसरी प्रखंड सह अंचल कार्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित बीडीओ मनीष कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी एस.के. पोद्दार, सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा जिला मंत्री मनोज यादव, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मो. मुनिबुद्दीन, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बर्णवाल, लक्ष्मण मोदी, सोनू हेमब्रम, संतोष गुप्ता के हाथों मुख्यालय स्थित मॉडल स्कूल और मध्य विद्यालय बालक के बच्चों के बीच साइकिलों का वितरण किया गया. बताया गया कि इस कार्यक्रम के तहत तिसरी प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों के कक्षा 8वीं के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं के बीच कुल 2046 साइकिलों का वितरण किया जाना है, जिसकी शुरुआत आज से हो चुकी है.

# मानव तस्करी के विरुद्ध होगी कठोरतम कार्रवाई : उपायुक्त




शुभम संदेश। दुमका

विश्व मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस के अवसर पर दुमका जिला प्रशासन द्वारा एक दिवसीय ज़िला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस दौरान ज़िले में मानव तस्करी रोकने और इसके प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए फ्लैग मार्च भी निकाला गया. कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में जिले से एक भी मानव तस्करी न हो, संबंधित पदाधिकारी इसे सुनिश्चित करेंगे. उन्होंने चेतावनी दी कि मानव तस्करी की सूचना पर जिला प्रशासन किसी भी प्रकार की कोई कोताही बर्दाश्त नहीं करेगा और मानव तस्करों के विरुद्ध त्वरित विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने बाल संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय स्वयंसेवी संस्थाओं को जोखिम वाले क्षेत्रों और परिवारों की मैपिंग कर सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके. उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान ने मानव तस्करी के विरुद्ध ज़िले में व्यापक प्रचार-प्रसार पर ज़ोर दिया और उपस्थित प्रतिभागियों को मानव तस्करी के विरुद्ध शपथ दिलाई.

**जागरुकता रैली और विभिन्न संस्थाओं की भागीदारी**

कार्यशाला में प्रवाह, ग्राम ज्योति और ग्राम साथी जैसी संस्थाओं ने दुमका ज़िले के विभिन्न प्रखंडों में चल रहे बाल दुर्व्यापार विरोधी कार्यों और गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी. ज़िला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश चंद्र की अगुवाई में चाइल्ड हेल्पलाइन एवं स्वयंसेवी संस्थान ग्राम ज्योति, ग्राम साथी, प्रवाह के साथ मिलकर टीन बाजार चौक से ज़िला समाहरणालय तक मानव तस्करी के विरुद्ध जन जागरुकता रैली निकाली गई. इस दौरान पोस्टर और पंपलेट के माध्यम से आमजनों को जागरूक किया गया. कार्यशाला में सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग सुचिता किरण भगत, ज़िला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश चंद्र, बाल कल्याण समिति की किरण तिवारी, सुबीर कुमार भट्टाचार्य, ज़िला समाज कल्याण पदाधिकारी अंजू कुमारी, विशेष किशोर पुलिस पदाधिकारी सह पुलिस उपाधीक्षक (मु०) इकुड डुंगडुंग, श्रम अधीक्षक शैलेंद्र साह, चाइल्ड हेल्पलाइन के सदस्यगण, सभी थानों के बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी, निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल, अधीक्षक बालगृह, नीति आयोग से अमलेश कुमार एवं स्वयंसेवी संस्थान जैसे ग्राम ज्योति, ग्राम साथी, प्रवाह, लोक कल्याण सेवा केंद्र, जन साहस, जनमत शोध संस्थान, आयोआद्री तथा बाल संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्यरत अन्य संस्थाएं मौजूद थीं.

### सहयोगिनी ने बच्चों की सुरक्षा पर दिया जोर

**बोकारो।** मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस के अवसर पर सहयोगिनी की पहल पर बोकारो रेलवे स्टेशन परिसर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बाल संरक्षण और बाल अधिकारों से जुड़े सभी प्रमुख हितधारक एक साथ आए. इस कार्यक्रम में डालसा, बाल कल्याण समिति, रेलवे सुरक्षा बल और बाल संरक्षण इकाई के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और एक स्वर में स्वीकार किया कि बच्चों की ट्रैफिकिंग से निपटने के लिए सभी एजेंसियों व विभागों को साथ मिलकर कार्रवाई करने की सख़्त जरूरत है, ताकि ट्रैफिकिंग गिरोहों में कानून का भय पैदा हो सके. सहयोगिनी देश में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए 250 से भी अधिक नागरिक समाज संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) का सहयोगी संगठन है और बोकारो में बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए काम कर रहा है. जेआरसी बाल श्रम, बच्चों की ट्रैफिकिंग, बाल विवाह और बाल यौन शोषण के शिकार बच्चों की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है. कार्यक्रम में ज़िला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो के सचिव अनुज कुमार ने मानव दुर्व्यापार के विभिन्न रूपों, जैसे यौन शोषण, जबरन मज़दूरी, बाल विवाह और अंग तस्करी आदि पर विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने बताया कि कैसे असहाय और गरीब लोगों को अक्सर इन गिरोहों द्वारा निशाना बनाया जाता है और उन्हें बेहतर जीवन के सपने दिखाकर फंसाया जाता है. बोकारो स्टेशन के मैनेजर अजय कुमार हलदर ने कहा कि मानव दुर्व्यापार के खिलाफ सरकारी–गैर–सरकारी सभी संस्थाओं को मिलकर काम करना होगा. बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष लीलावती देवी ने कहा कि बच्चों की तस्करी करना कानूनी रूप से जुर्म है और इसके खिलाफ हमें एकजुट होकर अभियान चलाने की जरूरत है.

# राष्ट्रपति के कार्यक्रम की अंतिम तैयारियों की डीसी और एसएसपी ने की समीक्षा

## एयरपोर्ट से कार्यक्रम स्थल तक रूट लाइन में बैरिकेडिंग एवं ड्रॉपगेट बनेंगे



**शुभम संदेश। धनबाद**

राष्ट्रपति के आईआईटी आईएसएम में निर्धारित कार्यक्रम की अंतिम तैयारियों को लेकर बुधवार को उपायुक्त आदित्य रंजन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार द्वारा संयुक्त रूप से समाहरणालय स्थित सभागार में बैठक का आयोजन किया गया. बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा एयरपोर्ट पर की गई सभी तैयारियों, रूट लाइन की तैयारियों एवं कार्यक्रम स्थल पर चल रहे अंतिम तैयारियों की समीक्षा की गई. इस दौरान एयरपोर्ट में साफ सफाई, वॉल पेंटिंग, हेलीपैड, हाई मास्क लाइट, पायलट के रुकने के लिए व्यवस्था, एयरपोर्ट गेस्ट हाउस आदि की बारीकी से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए. साथ ही एयरपोर्ट से कार्यक्रम स्थल तक रूट लाइन की ट्राफिक मुवमेंट, साफ सफाई, बैरिकेडिंग, ड्रॉप गेट्स, वॉल पेंटिंग आदि की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारी को तय समय सीमा के अंदर कार्य को समाप्त करने संबंधी दिशा निर्देश दिए गए. उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मजिस्ट्रेट एवं फोर्स की तैनाती को लेकर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर को महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए. कार्यक्रम स्थल के मुख्य द्वार में सुरक्षा व्यवस्था, मंच की सुरक्षा, डी एरिया की सुरक्षा, ग्रीनहाउस की सुरक्षा, मेडिकल रूम, सीटिंग एरिया की सुरक्षा, मीडिया गैलरी की सुरक्षा, गेस्ट हाउस की सुरक्षा, सेफ हाउस की सुरक्षा समेत विभिन्न महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए. इसके अलावा कार्यक्रम स्थल में कंट्रोल रूम बनाने मेडिकल की टीम रखने, पार्किंग व्यवस्था की उचित व्यवस्था करने, सभी तरफ साइनऐज लगाने, सीसीटीवी से सुरक्षा व्यवस्था के मॉनिटरिंग करने समेत कई अन्य दिशा निर्देश दिए गए. बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राम नारायण खालको, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार, डीएसपी मुख्यालय 1 शंकर कामती, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह के अलावा पथ निर्माण वभाग, पीएचईडी 1 एवं 2, भवन प्रमंडल, झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड, अग्निशमन सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे.

### आईएसएम का लिया जायजा

**धनबाद।** उपायुक्त तथा वरीय पुलिस अधीक्षक ने आईआईटी आईएसएम के लोअर ग्राउंड स्थित मुख्य समारोह स्थल पर एग्जिबिशन एरिया, फोटोशूट गैलरी, डी एरिया, ग्रीन रूम, स्टेज, सेफ हाउस, मीडिया गैलरी, माननीय राष्ट्रपति के प्रवेश व निकास द्वार, राष्ट्रपति के वाहन के लिए निर्धारित पार्किंग सहित अंतिम चरण की अन्य तैयारियां का निरीक्षण किया. इसके बाद उपायुक्त ने राष्ट्रपति के स्वागत के लिए तैयार प्रेसिडेंट सुइट, माननीय राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित अन्य गणमान्य अतिथियों के लिए तैयार किए गए आवासन, ग्रीन रूम, कार्यक्रम स्थल तक निर्धारित मार्ग, कार्यक्रम स्थल का प्रवेश एवं निकास द्वार का निरीक्षण किया.

# पंचायत उन्नति सूचकांक पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 5 को

**शुभम संदेश। धनबाद**

सतत् विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को स्थानीय स्तर पर लागू करने और ग्रामीण शासन को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल के तहत, पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विकसित पंचायत उन्नति सूचकांक के आंकड़ों के प्रसार के लिए धनबाद में एक जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देश पर 05 अगस्त को सुबह 11:00 बजे डी०पी०आर०सी०, प्रशिक्षण संस्थान, नावाडीह (बंदोस्त कार्यालय के समीप), धनबाद में होगी। पंचायत उन्नति सूचकांक (पिएई) देश भर की 2.5 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों की प्रगति को मापने का एक परिवर्तनकारी उपकरण है। यह सूचकांक स्थानीयकृत एसडीजी (एलएसडीजी) के नौ प्रमुख विषयों—गरीबी मुक्त और बेहतर आजीविका, स्वस्थ पंचायत, बाल-अनुकूल पंचायत, जल-पर्याप्त पंचायत, स्वच्छ और हरित पंचायत, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाली पंचायत, सामाजिक रूप से न्यायसंगत और सुरक्षित पंचायत, सुशासन युक्त पंचायत, और महिला-अनुकूल पंचायत—के आधार पर पंचायतों के प्रदर्शन का आकलन करता है। ये विषय वैश्विक लक्ष्यों को ग्रामीण वास्तविकताओं से जोड़ते हुए स्थानीय सरकारों को समग्र विकास के लिए नीतियां निर्धारित करने में सहायता प्रदान करते हैं। निदेशानुसार, सभी संबंधित अधिकारियों और हितधारकों को निर्देश दिया गया है कि वे निर्धारित तिथि और समय पर कार्यशाला में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर इसमें सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। यह कार्यशाला पंचायतों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने और सतत् विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

**ये रहेंगे मौजूद**

उपायुक्त ने कार्यशाला में सभी विभाग के अधिकारियों एवं पंचायती राज के जनप्रतिनिधियों को मौजूद रहने का निर्देश दिया है । इसमें जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, डीडीसी, विकास शाखा के अधिकारी, स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, आजीविका, राजस्व, विधि व्यवस्था, आपूर्ति, कृषि, पेयजल एवं स्वच्छता, वन,विद्युत, सांख्यिकी, पंचायत विभाग के अधिकारी के अलावा सभी प्रमुख एवं पंचायत समिति सदस्य उपस्थित रहेंगे ।

# सखी बहनों ने बॉर्डर पर तैनात जवानों को भेजी राखी



**शुभम संदेश। धनबाद**

राखी का त्योहार नजदीक आते ही बहनों में उत्साह का माहौल है. इसी कड़ी में सखी बहीनपा मैथिलानी समूह, धनबाद इकाई द्वारा सीमा पर तैनात भारतीय सैनिकों के लिए राखियां भेजी गई हैं. समूह की ओर से बुधवार को धनबाद पार्सल कार्यालय के पास स्थित डाकघर से राजस्थान-पाकिस्तान बॉर्डर पर सूरतगढ़ में तैनात सैनिकों को राखियां भेजी गईं. समूह की महिलाओं ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी देश की रक्षा में समर्पित वीर जवानों को राखी भेजने की परंपरा को निभाया गया है. राखियों के साथ उन्होंने सैनिकों के उज्ज्वल भविष्य और दीर्घायु की कामना का संदेश भी प्रेषित किया है. इस पहल से एक बार फिर यह संदेश गया है कि देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले वीर सैनिकों को बहनों का स्नेह और आशीर्वाद हमेशा प्राप्त होता रहेगा.

### प्लस टू स्कूल नगरकियारी को सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की सिफारिश

**गोविंदपुर (शुभम संदेश)।** उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय नगरकियारी को राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय का दर्जा दिया जाएगा. डीइओ अभिषेक झा ने राज्य सरकार से इसकी अनुशंसा की है. शिक्षा विभाग की अपील पर जिला प्रशासन ने गोविंदपुर अंचल अधिकारी को इस विद्यालय के लिए दो एकड़ सरकारी जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है. इस संबंध में अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने गोविंदपुर अंचल अधिकारी धर्मेंद्र कुमार दुबे को विगत 25 जुलाई को पत्र दिया है. पत्र में कहा गया है कि प्लस टू उच्च विद्यालय नगरकियारी मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में प्रस्तावित है. विद्यालय में खेल का मैदान, वर्ग कक्ष एवं अन्य सैनिक कार्य के निर्माण हेतु 2 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध जिला शिक्षा पदाधिकारी ने किया है. इसके अलावा मध्य विद्यालय बरवा पश्चिम गोविंदपुर को भी एक एकड़ जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है .

# झामुमो का जिला मिलन सह सम्मान समारोह संपन्न

**शुभम संदेश। धनबाद**



झामुमो धनबाद जिला का कार्यकर्ता मिलन सह सम्मान समारोह बुधवार को द वेडिंग वेल्स होटल एंड रिसोर्ट,बारामुड़ी में बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष लक्खी सोरेन ने की, जबकि संचालन की ज़िम्मेदारी जिला सचिव मन्नू आलम ने निभाई. इस अवसर पर विशेष रूप से सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो उपस्थित रहे. समारोह में झामुमो केंद्रीय समिति के सदस्य, जिला समिति के पदाधिकारी, महानगर समिति के पदाधिकारी, विभिन्न वर्ग संगठन के पदाधिकारी तथा प्रखंड समिति के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे. सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को पारंपरिक गमछा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया. जिलाध्यक्ष लक्खी सोरेन ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि सबका दायित्व है कि मिलकर संगठन को और मजबूत बनाएं तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक जनता तक पहुँचाएं. मुख्य सचेतक सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि संगठन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई पंचायत, वार्ड और बूथ समितियां हैं. इन्हें सशक्त बनाना हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए. सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुँचाने का सबसे प्रभावी माध्यम संगठन ही है. केंद्रीय सदस्य डॉ नीलम मिश्रा ने कहा कि संगठन को और सशक्त करें, जनता की आवाज बनें और सरकारी योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाएं. जिला सचिव मन्नू आलम ने सभी मंच/मोर्चा के पदाधिकारी को जल्द से जल्द समितियों का पूर्ण गठन करने कहा. मौके पर मुख्य रूप से केन्द्रीय सदस्य जग्गू महतो,काजि सिराज अहमद, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, कालीचरण महतो,अजय रवानी, अकबर अंसारी, जिला प्रवक्ता समीर रवानी, गुलाम कुरैशी, संगठन सचिव मनोज रवानी,मनोज महतो,सह सचिव रंजीत महतो, महेश मुर्मू, श्रवण टुडू, कोषाध्यक्ष किशोर मुर्मू, महानगर अध्यक्ष मन्टु चौहान, सचिव रामू मंडल, उपाध्यक्ष बंटी सिंह, मिहिर दत्ता,राजू प्रमाणीक, वरिष्ठ नेता यूद्धेश्वर सिंह,प्रवक्ता आकाश रवानी, टिंकू सरकार, रतिलाल टुडू,महादेव हांसदा, हरीशचंद्र सिंह, सूरज महतो,मिना हेम्ब्रम,लखी देवी,हसिना खातुन,अपर्णा देवी,आजद महतो, अजीमुद्दीन अंसारी,राजू हाड़ी, सद्दाम हुसैन,सुमन देवी, डॉ देवमाल्याबोस, परशुराम सिंह,शिवलाल मुर्मू,फरिद मल्लिक,दिलीप महतो, उमेश राम, संदीप हांसदा, इम्तियाज अहमद नाजमी,मोबीन अंसारी, फारूक अंसारी, रमेश सोरेन,रूपश्री सोनी, कुणाल पाण्डे, स्पर्श चौधरी, मुन्ना साह,लाल मोहन महतो,रोजलीन बास्की, दुलाल चन्द्र बाउरी,संजय हेलिवाल, राजेश जलान, विकास रवानी,वकील दास, नईम अंसारी, मदन राम, राजेश तुरी, कुणाल कुमार, शिवकुमार यादव,सुधीर यादव , कुलदीप महतो, जितेंद्र पासवान, उत्तम कुमार,विक्रांत यादव, फर्कानुल्ह ,शहजाद आलम, चंडीचरण देव,शोभा देवी, सुमित महतो, हलीम अंसारी, रीना पासवान, सुदीप दत्ता, मिलन महतो, उत्तम झांपटी, राम बाबू कुमार ,सप्पू महतो, सोहन महतो, कासीम अंसारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थें.

### यूनियन क्लब में 2 को सावन उत्सव



**धनबाद (शुभम संदेश)।** हीरापुर के लुबी सर्कुलर रोड स्थित यूनियन क्लब में 2 अगस्त गुरुवार को तेरे बगैर साजन, सावन मजा ना देगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. इस संदर्भ में कार्यक्रम की अध्यक्ष साधना सूद ने बुधवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर मीडिया के समक्ष कहा कि साजन के बिना सावन मजा ना देगा की थीम पर यह रोचक कार्यक्रम आयोजित किया गया है. बताया की यह कार्यक्रम बहुत ही शानदार और यादगार होगा. इस कार्यक्रम में मेहंदी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, गेम्स, झूला सेल्फी पॉइंट समेत अन्य व्यवस्थाएं रखी गई है. प्रेस वार्ता में कार्यक्रम की अध्यक्ष साधना सूद, सीमा सिंह, सुनीता सहाय, सुमन मित्तल, रेनू सिंह, नीलू अग्रवाल, नीतू श्रीवास्तव, संगीता सिंघल मौजूद थी.



# फुटपाथ की मांग को लेकर आद्रा में धरना शुरू

## फ्लाईओवर निर्माण शुरू पर पैदल यात्रियों के लिए सुविधा नहीं, लोग परेशान





**शुभम संदेश। पुरुलिया**

लंबे समय से की जा रही मांग के बाद आद्रा के बेनियासोल इलाके में फ्लाईओवर का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है. हालांकि, सर्विस रोड पर फुटपाथ की व्यवस्था नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. सड़क की संकरी चौड़ाई और पैदल पथ की अनुपस्थिति से कार, बाइक और पैदल यात्रियों के लिए दुर्घटना की आशंका बनी रहती है. आए दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो रही हैं. ऐसे में स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर चिंता गहराती जा रही है. इसी समस्या के समाधान की मांग को लेकर आद्रा बचाओ जनगण समिति और बेनियासोल दुर्गा पूजा समिति ने बुधवार सुबह से धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है. प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित फुटपाथ की व्यवस्था नहीं की जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा. समिति के सदस्यों ने प्रशासन से अपील की है कि निर्माण कार्य में आम लोगों की सुविधा का भी ध्यान रखा जाए और सर्विस रोड पर फुटपाथ का निर्माण अविलंब किया जाए. समाचार लिखे जाने तक धरना स्थल पर प्रदर्शन जारी था. स्थानीय प्रशासन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिली है.

### जसरमन कौर बनी अधिवक्ता



**रानीगंज (शुभम संदेश)।** पत्रकार की बेटी जसरमन कौर ने आसनसोल काजी नजरूल विश्वविद्यालय से एलएलबी परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर वकालत में सफलता हासिल की है. इस उपलब्धि पर रानीगंज की कई सामाजिक संस्थाओं और प्रमुख व्यक्तियों ने उन्हें बधाई दी है.आसनसोल नगर निगम के मेयर विधान उपाध्याय और दुर्गापुर नगर निगम की एडमिनिस्ट्रेटर आनंदिता मुखर्जी ने जसरमन को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता उसकी मेहनत, ज्ञान और समर्पण से मिलती है. जसरमन फिलहाल पश्चिम बर्दवान के प्रख्यात क्रिमिनल वकील शेखर कुंडू से वकालत का प्रशिक्षण ले रही हैं. रानीगंज चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रोहित खेतान ने भी उन्हें बधाई देते हुए समाज सेवा की अपेक्षा जतायी.

# रूपनारायणपुर: चोरी के मामले की जांच को पहुंची सीआईडी टीम



**शुभम संदेश। सालानपुर**

रूपनारायणपुर के शांताश्री पल्ली में चोरी की घटना सामने आई थी. घर के मालिक सतीश चंद्र शर्मा 21 तारीख को अपने परिवार के साथ अमरनाथ दर्शन करने गए थे. 27 जुलाई रविवार सुबह जब वे घर लौटे तो उन्होंने मुख्य द्वार का दरवाजा टूटा हुआ, अलमारी टूटी हुई और कुछ सामान बिखरा हुआ पाया. सोने के जेवरात और नकदी चोरी हो चुकी थी. स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस गश्त बढ़ाने और स्ट्रीट लाइट न होने के कारण चोरी के वारदात हुई है. सतीश चंद्र शर्मा, सालानपुर थाना प्रभारी, रूपनारायणपुर प्रभारी, लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने अपराधियों को गिरफ्तार के लिए कड़े कदम मांग की थी. पुलिस निर्देश पर पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के इलाके की सीसीटीवी फुटेज के जांच और संदिग्ध लोगों की से पूछताछ शुरू कर दी है. इसके अलावा बुधवार शाम कोलकाता से आए सीआईडी टीम ने घटनास्थल के दौरा करके नमूने एकत्र किया है, जो की घटना के बाद घर खाली थे, इसीलिए नमूना एकत्र करने में कोई कठिनाई नहीं हुई.

# नाबालिग की हत्या में शुभम की बहन भी गिरफ्तार



**शुभम संदेश। बराकर**

नियामतपुर फाड़ी के लाइनपार इलाके में नाबालिग लड़की की हत्या के मामले में एक और गिरफ्तारी हुई है. पुलिस ने अब आरोपी शुभम बाउरी की बहन को भी गिरफ्तार कर लिया है. बता दें कि 6 जुलाई से नाबालिग लड़की लापता थी. फिर 8 जुलाई को दोपहर में उसका शव शुभम बाउरी के घर के पास एक कुएं से बरामद हुआ था. परिजनों की शिकायत पर पहले ही शुभम और उसके भाई को गिरफ्तार किया जा चुका है. अब, परिजनों की ओर से दी गई जानकारी और शिकायत के आधार पर शुभम की बहन को भी गिरफ्तार किया गया. पुलिस ने उससे लंबी पूछताछ की और फिर नियामतपुर चौकी की टीम ने उसे कुल्टी थाने के जरिए आसनसोल कोर्ट में पेश किया. पुलिस ने कोर्ट से पांच दिन की हिरासत की मांग की है ताकि मामले की और गहराई से जांच की जा सके. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की तह तक जाने की कोशिश कर रही है.

# आसनसोल शहर में दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट ने ट्रैफिक अभियान चलाया



**शुभम संदेश। आसनसोल**

आसनसोल शहर को जाम मुक्त करने के लिए आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के ट्रैफिक विभाग की तरफ से लगातार अभियान चलाया जाता रहा है. बुधवार को आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के ट्रैफिक एसीपी विश्वजीत साहा के नेतृत्व में आश्रम मोड़ से हटन रोड तक अभियान चलाया गया. हाकर ब्लैक टॉप पर अपनी दुकान लगाकर बैठे थे या जिन लोगों ने अपनी गाड़ियों को सड़क के पर पार्क करके रखा था उन पर फाइन किया गया. इस बारे में ट्रैफिक एसीपी ने बताया कि ट्रैफिक विभाग की तरफ से समय-समय पर इस तरह के अभियान आगे भी चलाए जायेंगे. अभियान के तहत 35 वाहन चालकों पर जुर्माना लगाया गया है. जिन लोगों ने पुलिस अधिकारियों की बात मानकर अपनी गाड़ियों को सड़क से हटा लिया उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई. वहीं आसनसोल बस स्टैंड से निकलकर जो बस सड़क पर खड़ी थी ऐसे तीन बसों पर भी जुर्माना लगाया गया.

# रेलवे कर्मचारी ने यात्री का खोया मोबाइल लौटाया



**शुभम संदेश। बर्नपुर**

बर्नपुर के नरसिंहबांध निवासी अनूप प्रसाद मंगलवार को बर्नपुर रेलवे स्टेशन स्थित अनारक्षित टिकट काउंटर में टिकट बुकिंग करने पहुंचे थे. जहां वे हॉल्दिया एक्सप्रेस की टिकट बुकिंग के दौरान बर्नपुर स्टेशन के अनारक्षित टिकट काउंटर पर अपना स्मार्टफोन भूल गए थे. इस दौरान ड्यूटी पर तैनात बुकिंग क्लर्क मंतोष प्रसाद ने तत्परता, सजगता और ईमानदारी का परिचय देते हुए उक्त मोबाइल फोन को काउंटर परिसर से बरामद कर अपने पास सुरक्षित रख लिया. आवश्यक सत्यापन के पश्चात, उक्त मोबाइल फोन को अनुप प्रसाद को सकुशल सुपुर्द कर दिया गया. आद्रा रेल मंडल के रेल अधिकारियों ने बुकिंग क्लर्क मंतोष प्रसाद द्वारा प्रदर्शित ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं संवेदनशीलता की काफी सराहना की. रेल अधिकारियों ने कहा कि यह घटना इस बात का उदाहरण है कि दक्षिण पूर्व रेलवे के कर्मचारी न केवल अपने कर्तव्यों के प्रति सजग हैं, बल्कि यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं विश्वास की रक्षा को भी सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं.


BEFORE THE NOTARY PUBLIC, ASANSOL

**AFFIDAVIT**

I, **BHANU PRATAP GOPE**, S/o. Late Jagannath Gope, aged about-52 years by faith Hindu, by occupation- business, resident of G.T.Road, Barakar, P.0.Barakar, P.S.Kulti, Dist. Burdwan, (WB) do hereby solemnly declare as follows :-

1. That my name has been recorded in my all documents as **BHANU PRATAP GOPE** and other some documents recorded as 'BHANU PRAKASH GOPE
2. That hereby specifically mentioned that aforesaid BHANU PRATAP GOPE & BHANU PRAKASH GOPE both the are same and one identical person.

That the statements made here in above are all true to the best of my knowledge and belief. I sign and swear this Affidavit on this the 9th day of December, 2011 at Asansol court.

शुभम संदेश
धनबाद, गुरुवार 31 जुलाई, 2025





# कैसे करें स्ट्रीम सिलेक्शन

हर विद्यार्थी पढ़ाई के बाद अच्छी सैलरी, अच्छा पे-पैकेज चाहता है। मैनेजमेंट कोर्स करने के बाद उसे अपने सपने पूरे होते दिखाई देते हैं। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि आपकी मैथ्स, कॉमर्स और इकोनॉमिक्स जैसे विषयों में रुचि हो। इसके बाद ही कॉलेज सिलेक्ट करें, क्योंकि भारत में मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट्स की बाढ़-सी आई हुई है। इसलिए कहीं भी एडमिशन से पहले उसकी विश्वसनीयता परख लें कि वह एआईसीटीई (ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन) या यूजीसी (यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमिशन) से मान्यता प्राप्त है या नहीं। फैकल्टी के बारे में फर्स्ट हैंड इंफॉर्मेशन वहां के स्टूडेंट्स से हासिल करें। उनसे इंटर्नशिप और प्लेसमेंट की जानकारी भी लें। आंख मूंदकर सिर्फ कॉलेज की वेबसाइट पर भरोसा न करें।

## कैसे करें सिलेक्शन

आम तौर पर 12वीं में विद्यार्थी साइंस, कॉमर्स या आर्ट्स, जो भी स्ट्रीम सिलेक्ट करते हैं, उससे उनके आगे का करियर तय होता है। इसी आधार पर वे मेडिकल, इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस, सीए, सीएस, एमबीए, होटल मैनेजमेंट, फैशन डिजाइनिंग आदि कोर्सेज में दाखिले की तैयारी करते हैं। यहीं स्टूडेंट्स को यह बताना और समझाना जरूरी हो जाता है कि वे किस आधार पर अमुक कोर्स या कॉलेज का चयन करें।

## पैशन को पहचानें

आपका पैशन क्या है? आप क्या पढ़ना चाहते हैं? किन विषयों में आपकी रुचि है? इन सब पर ध्यान देते हुए ही करियर का चुनाव करें। पैशन को पहचानने का सही समय 10वीं से 12वीं तक होता है। समय पर निर्णय लेंगे, स्ट्रैटेजी, प्लानिंग के साथ आगे बढ़ेंगे, तो ऑप्शंस की कमी नहीं रहेगी।

## दूर करें कंफ्यूजन

कभी भी करियर का फैसला आखिरी समय में न लें। इससे गलतियां होने की आशंका बढ़ जाती है। अगर कंफ्यूजन है, तो अपने टीचर, पैरेंट्स या सीनियर्स से मार्गदर्शन लें। चर्चा करने से समस्याओं का हल निकल आता है।

## दोस्तों की नकल नहीं

हर विद्यार्थी की रुचि और क्षमता अलग होती है। किसी को मैथ्स अच्छा लगता है, किसी को पेंटिंग में मजा आता है, तो कोई डांसर बनना चाहता है। लेकिन जरूरी नहीं कि जो दूसरे कर रहे हों, आप भी वैसा ही करें। जबरन इंजीनियरिंग या मेडिकल की तैयारी में वक्त बर्बाद न करें।





# सेरिकल्चरिस्ट के तौर पर बनाएं सिल्क इंडस्ट्री में भविष्य

**भारत रेशम उत्पादन में दुनिया में दूसरे स्थान पर है और उपभोक्ता के तौर पर पहले. अपेरल इंडस्ट्री की मांगों को पूरा करने के लिए देश में बड़े पैमाने पर कच्चे रेशम के उत्पादन की जरूरत बनी हुई है. हालांकि, भारत के कच्चे रेशम उत्पादन में लगातार वृद्धि देखी गयी है और वर्ष 2017-18 के 31,906 मीट्रिक टन उत्पादन की तुलना में 2023-24 में रेशम उत्पादन 38,913 मीट्रिक टन हो गया. इसके साथ ही सेरीकल्चर के जानकारों के लिए काम करने के मौके भी लगातार बढ़े और यह बेहद डिमांड वाला करियर बन गया. जानें इस कार्यक्षेत्र में मौजूद संभावनाओं के बारे में...**

कच्चा रेशम बनाने के लिए रेशम के कीटों का पालन सेरीकल्चर या रेशम कीट पालन कहलाता है. सेरीकल्चर भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. यह केवल रेशम के कीड़ों के पालन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सिल्क कल्चर से संबंधित अन्य गतिविधियां, जैसे शहतूत रेशम की खेती एवं कच्चे रेशम के कोवा के बाद अपनायी जाने वाली तकनीक भी शामिल है. रेशम ऊंचे दाम में मिलनेवाला, लेकिन कम मात्रा में मौजूद एक उत्पाद है, इसलिए विकासशील देशों में रोजगार सृजन एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विदेशी मुद्रा अर्जित करने के लिए लोग इस उद्योग को तरजीह देते हैं. यह कम समय में अधिक आय का एक बेहतरीन जरिया है. भारत में घरेलू रेशम बाजार की अपनी एक सशक्त परंपरा एवं संस्कृति है. शहतूत रेशम का उत्पादन खासतौर पर कर्नाटक, तमिलनाडु, जम्मू एवं कश्मीर एवं पश्चिम बंगाल में होता है, जबकि गैर- शहतूत रेशम का उत्पादन झारखंड, छत्तीसगढ़, उड़ीसा तथा उत्तर-पूर्वी राज्यों में होता है.

## कौन होते हैं सेरिकल्चरिस्ट

पौधों की पत्तियों पर रेशम के कीड़ों की खेती और पालन-पोषण से लेकर उनसे कच्चे रेशम के रेशों को निकालने तक, हर कदम में एक सेरिकल्चरिस्ट यानी रेशमविज्ञानी शामिल होता है. एक सेरिकल्चरिस्ट के काम में रेशम के कीड़ों के लिए पालन गृहों का निर्माण और रखरखाव, रेशम के कीड़ों के लिए सही पौधों की किस्म का चयन करना, रेशम के कीड़ों को लार्वा अवस्था से कोकून अवस्था तक उठाना, उपयुक्त कीटनाशकों को लागू करना, रेशम के कीड़ों से कच्चे रेशम के रेशों को निकालना और उनकी कताई करना शामिल है.सेरिकल्चरिस्ट रेशम उत्पादन से संबंधित ऐसे कार्यों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जो रेशम के कीड़ों और अन्य संबंधित प्रजातियों के प्रजनन को बढ़ाते हैं, रेशम, मोम और अन्य उत्पादों का उत्पादन करते हैं.

## ऐसे बढ़ सकते हैं आगे

बारहवीं के बाद सेरीकल्चर के बैचलर डिग्री प्रोग्राम में प्रवेश ले सकते हैं. इसके लिए आपका साइंस स्ट्रीम (फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी) से होना जरूरी है. इस विषय में बैचलर डिग्री के दो विकल्प हैं- बीएससी (सेरीकल्चर) एवं बीएससी सिल्क टेक्नोलॉजी (सेरीकल्चर). इसके बाद इस विषय में मास्टर डिग्री हासिल करने एवं पीएचडी का विकल्प है. सेंट्रल सिल्क बोर्ड के तहत आनेवाले संस्थान सेंट्रल सेरीकल्चरल रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट से सेरीकल्चर में पीजीडी कोर्स कर सकते हैं.

### काम करने के मौके हैं यहां

रेशम उत्पादन को सेरिकल्चरिस्ट ने एक उद्योग में बदल दिया है और अब यह देश की एक प्रमुख नकदी फसल बन गया है. यह एक ऐसा क्षेत्र है, जहां सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाएं हैं. यह कार्यक्षेत्र सेरिकल्चरिस्ट, सेरीकल्चर रिसर्चर, सेरीकल्चर प्रोफेसर के तौर पर काम करने का मौका देता है.इनके लिए सरकारी संगठनों, प्राइवेट फर्म, एजेंसियों, अकादमिक संस्थानों, शोध संस्थानों में नौकरी के अवसर उपलब्ध हैं. सेरीकल्चर के पेशेवरों को रोजगार देनेवाले कुछ प्रमुख ऑर्गनाइजेशन हैं- सेंट्रल सेरीकल्चरल रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, बेहरामपुर, पश्चिम बंगाल. सेंट्रल सिल्क बोर्ड, हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, टेक्सटाइल एवं खादी डिपार्टमेंट, इंडियन सिल्क एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल. सेरीकल्चर की पढ़ाई करने के बाद आप रेशम उत्पादक के तौर पर स्वरोजगार का विकल्प भी अपना सकते हैं.





# शानदार करियर विकल्प हो सकता है पर्सनल शॉपर

प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ में संतुलन बनाते हुए अगर खुद ही शादी की शॉपिंग करनी पड़े, तो मुश्किल हो जाती है। खासकर जब आप लेटेस्ट फैशन ट्रेंड से पूरी तरह वाकिफ न हों और मन में उलझन हो कि कहीं आप आउटडेटेड न लगें! ऐसे में पर्सनल शॉपर की सेवाएं बड़ी काम आती हैं। जी हां, विदेशों में अक्सर प्रोफेशनल्स, सेलिब्रिटीज आदि पर्सनल शॉपर्स को हायर करते हैं। इधर वेडिंग प्लानर, ग्रूमिंग एक्सपर्ट के बाद अब भारत में पश्चिम का यह ट्रेंड भी लोकप्रिय हो रहा है। यानी जिनके पास समय की कमी है, वे पर्सनल शॉपर्स की सेवा ले सकते हैं। अब अगर आप भी सामान्य के बजाय कोई 'हटकर'' और क्रिएटिव जॉब करना चाहते हैं, जिसमें आर्थिक स्थिरता के साथ-साथ मजा भी आए, तो पर्सनल शॉपर एक शानदार विकल्प हो सकता है।

## क्लाइंट्स की पसंद अहम

पर्सनल शॉपर को अपने क्लाइंट्स की जरूरत, पसंद-नापसंद, उनकी लाइफस्टाइल और शारीरिक बनावट का ख्याल रखते हुए खरीदारी करनी होती है। साथ ही, एक विश्वास कायम करना होता है कि वे उनकी सलाह को मानें और उनके कहे अनुसार कपड़े या एक्सेसरी खरीदें। उन्हें फैब्रिक, मटेरियल, कट्स और कलर्स की जानकारी भी रखनी होती है। तभी वे लोगों को सही सुझाव दे सकते हैं। जैसे दुल्हन की शॉपिंग के लिए एक निश्चित बजट निर्धारित होता है लेकिन मार्केट में बूटिक, कूटर स्टोर्स, डिजाइनर वेयर्स आदि इतने ऑप्शंस होते हैं कि उन्हें देखते हुए किसी का भी चकरा जाना स्वाभाविक है। ऐसे में एक पर्सनल शॉपर उन्हें सही खरीदारी के बारे में निर्णय लेने में मदद कर सकता है। ब्राइडल शॉपिंग में दुल्हन के अलावा मित्रों और रिश्तेदारों आदि के लिए भी उपहार आदि की शॉपिंग करनी होती है। इसलिए सबकी पसंद की जानकारी रखनी होती है।

## क्वॉलिफिकेशन और स्किल्स

इस फील्ड में आने के लिए किसी विशेष एजुकेशनल क्वॉलिफिकेशन की दरकार नहीं होती। हालांकि फैशन डिजाइनिंग, रिटेल मैनेजमेंट, सेल्स एंड मार्केटिंग आदि में एमबीए करने से फायदा होता है। इसके अलावा, आप पर्सनल शॉपिंग में ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स भी कर सकते हैं। एक पर्सनल शॉपर को काम के दौरान पहले क्लाइंट की पृष्ठभूमि के बारे में रिसर्च करनी होती है। वे कौन-सा ब्रांड पसंद करते हैं, उनका बजट कितना है आदि बातों पर गौर करना पड़ता है। इसके लिए वह क्लाइंट के साथ ईमेल, फोन द्वारा या फिर रूबरू संपर्क बनाए रखता है। हां, आपका अच्छा श्रोता होना जरूरी है। आपके पास क्रिएटिव और इनोवेटिव आइडियाज भी होने चाहिए। एक पर्सनल शॉपर को गोल ओरियेंटेड और सेल्फ मोटिवेटेड होना चाहिए। उसमें धैर्य, कम्युनिकेशन, सेल्स, एंटरप्रेन्योर और ऑर्गनाइजेशनल स्किल्स के साथ-साथ लचीलापन और आत्मविश्वास भी भरपूर होना चाहिए।

## स्पेशलाइज्ड शॉपिंग

पर्सनल शॉपर्स गिफ्ट, क्लोदिंग, फूड, फर्नीचर, ज्वेलरी, खिलौने आदि किसी भी चीज की शॉपिंग में स्पेशलाइजेशन कर सकते हैं। ये बड़े बिजनेस घरानों के लिए डिजाइनर क्लोदिंग, होम फर्नीशिंग्स और दूसरे आइटम्स की शॉपिंग भी करते हैं। इन दिनों कई कंपनियां अपने क्लाइंट्स को गिफ्ट देने के लिए भी पर्सनल शॉपर्स की मदद लेने लगी हैं। वहीं कई वरिष्ठ नागरिक घरेलू सामान की खरीदी के लिए इनकी सहायता ले रहे हैं। इन सबके अलावा, पसर्नल शॉपर्स शादी समारोहों, बेबी शावर (गोद भराई), जन्मदिन पार्टी, वैलेंटाइन डे, त्योहारों आदि के लिए भी शॉपिंग करते हैं।

## काम के अवसर

एक आम शख्स जब पर्सनल शॉपर को हायर करने के बारे में सोचता है, तो पहला ख्याल आता है कि उनकी सेवा सिर्फ एलिट क्लास ही ले सकती है। मगर आज भारत में जिस तरह रिटेल मार्केट बढ़ रहा है, लोगों की मानसिकता बदल रही है, क्रय क्षमता बढ़ रही है, ऐसे में बहुत-से वर्किंग प्रोफेशनल्स भी पर्सनल शॉपर्स को हायर करने लगे हैं। इसके अलावा, बड़े कॉर्पोरेट्स और ब्रांडिंग एजेंसीज अवॉर्ड शोज, कॉन्फ्रेंस आदि के लिए इनकी सेवाएं ले रही हैं। वैसे आप चाहें, तो किसी बूटिक, डिपार्टमेंटल स्टोर या शॉपिंग सेंटर में भी काम कर सकते हैं या फिर खुद का बिजनेस शुरू कर सकते हैं। आम तौर पर पर्सनल शॉपर 25,000 रुपए से 1 लाख रुपए महीना कमा सकते हैं।




**कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) द्वारा केंद्र सरकार के विभिन्न कार्यालयों में ग्रुप बी व सी के पदों पर भर्ती हेतु हर साल कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल (सीजीएल) एग्जाम आयोजित की जाती है। इस परीक्षा में टियर-1 तथा टियर-2 होता है, जबकि इस वर्ष से इंटरव्यू समाप्त कर दिए गए हैं। टियर-1 में इंग्लिश, क्वॉन्टिटेटिव एप्टिट्यूड, लॉजिकल रीजनिंग तथा जनरल अवेयरनेस के खंड शामिल होते है। वहीं टियर-2 में इंग्लिश लैंग्वेज तथा क्वॉन्टिटेटिव एप्टिट्यूड के सेक्शन होते हैं। जाहिर है, इस परीक्षा में इंग्लिश का खास महत्व है। अगर आपकी इंग्लिश अच्छी है, तो आपको टियर-1 तथा टियर-2 दोनों में ही स्कोर करने में मदद मिलेगी।**

# इन तरीकों से मार सकते हैं इंग्लिश में बाजी

## क्या होता है इंग्लिश सेक्शन में?

एसएससी सीजीएल परीक्षा में इंग्लिश सेक्शन एलिमेंट्री स्तर का होता है। मगर यहां आपको ग्रामर के नियमों का खास ध्यान रखना होगा क्योंकि इस सेक्शन में अधिकांश प्रश्न काफी चतुराईपूर्वक पूछे जाते हैं।

### टियर-1

इसमें कुल 50 प्रश्न पूछे जाते हैं और हर प्रश्न का 1 अंक होता है। इसमें रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन, क्लोज टेस्ट, एरर आइडेंटिफिकेशन, वन वर्ड एक्सप्रेशन, फ्रेज एंड ईडियम्स, सिनॉनिम्स एंड एंटॉनिम्स, फिल इन द ब्लैंक्स, मिसस्पेल्ट वर्ड्स, सेंटेंस इंप्रूवमेंट्स आदि से प्रश्न पूछे जाते हैं।

### टियर-2

इस चरण में 1-1 अंक के 200 प्रश्न पूछे जाते हैं। इसमें रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन, क्लोज पैसेज, एरर आइडेंटिफिकेशन, सेंटेंस इंप्रूवमेंट, सिनॉनिम्स एंड एंटॉनिम्स, फिल इन द ब्लैंक्स, एक्टिव एंड पैसिव वॉइस, डायरेक्ट एंड इनडायरेक्ट स्पीच आदि से प्रश्न पूछे जाते हैं। हालांकि ये प्रश्न बेसिक स्तर के लगते हैं लेकिन इन्हें जरा घुमा-फिराकर पूछा जाता है। अगर आप ग्रामर के नियमों के अपवादों तथा स्पेशल रूल्स से परिचित नहीं हैं, तो आपको मुश्किल हो सकती है।

## क्यों अहम है इंग्लिश

इंग्लिश लैंग्वेज एसएससी सीजीएल परीक्षा में इसलिए अहम है कि यह भर्ती प्रक्रिया के दोनों चरणों में शामिल है। यह परीक्षार्थियों के लिए इन कारणों से भी उपयोगी है -

### कम समय की मांग

यह सेक्शन ज्यादा समय नहीं मांगता क्योंकि यहां या तो आपको उत्तर पता होता है या फिर नहीं पता होता। इसमें आपको कोई जोड़-घटाव नहीं करना होता। इसलिए रीजनिंग या क्वॉन्टिटेटिव एप्टिट्यूड के मुकाबले इस सेक्शन के प्रश्न हल करने में कम समय लगता है।

### वेटेज अधिक

टियर-1 में इंग्लिश के 50 प्रश्नों के 50 अंक और टियर-2 में 200 प्रश्नों के 200 अंक होते हैं। इतने अधिक वेटेज के चलते जाहिर है कि अगर आप इस परीक्षा में अधिक से अधिक अंक लाना चाहते हैं, तो इंग्लिश की ओर आपको विशेष ध्यान देना ही होगा।

### दूसरों की कमजोरी, आपकी ताकत

बहुत बड़ी संख्या में परीक्षार्थी इंग्लिश से डरते हैं क्योंकि उनके मन में ग्रामर को लेकर कई शंकाएं होती हैं। ऐसे में यदि आपकी इंग्लिश थोड़ी भी बेहतर है, तो आप उनसे बाजी मार सकते हैं। दूसरों की कमजोरी को आप अपनी ताकत बना सकते हैं।

### प्रश्नों का दोहराव

इंग्लिश लैंग्वेज कुछ नियमों पर आधारित है और अगर ग्रामर के नियम की दृष्टि से देखा जाए, तो एरर आइडेंटिफिकेशन, सेंटेंस इंप्रूवमेंट आदि के प्रश्नों में दोहराव होता ही है। इसलिए यदि आप पिछले वर्षों के प्रश्नपत्र पढ़ चुके हैं और ग्रामर के नियमों तथा उनके अपवादों से भली प्रकार परिचित हैं, तो आप इस सेक्शन में आसानी से स्कोर कर सकते हैं।

### अधिक अभ्यास की जरूरत नहीं

इस सेक्शन में स्कोर करने के लिए आपको मैथ्स की तरह अभ्यास करने की जरूरत नहीं होती। कारण यह कि यहां स्पीड नहीं, ज्ञान मायने रखता है। यदि आपको भाषा का ज्ञान है, तो आपको बार-बार अभ्यास करने की जरूरत नहीं होती।



मंथन

## झारखंड और अमेरिकी सहयोग की नई राहें

झारखंड के विकास पथ पर एक नई दिशा उस समय दिखाई दी, जब राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी और अमेरिकी काउंसलेट जेनरल कैली जाइल डियाज के बीच विस्तृत चर्चा हुई. यह संवाद केवल कूटनीतिक शिष्टाचार नहीं, बल्कि सहयोग, निवेश और साझा विकास की गंभीर संभावनाओं का संकेतक था. खनन, पर्यटन, कृषि, स्वास्थ्य, पर्यावरण संतुलन और श्रम शक्ति जैसे विविध क्षेत्रों में झारखंड की क्षमता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में यह पहल मील का पत्थर साबित हो सकती है. विशेष रूप से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अमेरिकी विश्वविद्यालयों के साथ सहयोग की संभावना पर जो विमर्श हुआ, वह राज्य के युवाओं के लिए वैश्विक अवसरों के द्वार खोल सकता है. मुख्य सचिव अलका तिवारी द्वारा राज्य की श्रम शक्ति को हुनरमंद बनाने और महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से आर्थिक व सामाजिक रूप से सशक्त करने के प्रयासों की जानकारी देना यह दर्शाता है कि झारखंड अपने विकास मॉडल को समावेशी और व्यवहारिक बना रहा है. झारखंड राज्य में निवेश आकर्षित करने के लिए केवल संसाधनों की उपस्थिति पर्याप्त नहीं, बल्कि नीतिगत स्पष्टता और सहयोग की मंशा भी जरूरी होती है. इस दिशा में अमेरिकी काउंसलेट की सकारात्मक प्रतिक्रिया और साझा प्रयासों की शुरुआत का संकल्प राज्य के लिए शुभ संकेत है. यदि इन चर्चाओं को धरातल पर उतारा गया, तो झारखंड अंतरराष्ट्रीय निवेश और नवाचार का एक प्रमुख केंद्र बन सकता है. झारखंड में निवेश की राह में कहीं कोई बाधा भी नजर नहीं आती.

नजरिया

## 108 एंबुलेंस कर्मियों की उपेक्षा घोर चिंता का विषय

झारखंड की आपात चिकित्सा सेवा की रीढ़ मानी जाने वाली 108 एंबुलेंस सेवा इन दिनों गहरे संकट से गुजर रही है. राजधानी रांची में जब एंबुलेंस चालकों और तकनीकी कर्मचारियों ने नंग-धड़ंग प्रदर्शन कर अपनी पीड़ा सार्वजनिक की, तो यह न केवल प्रशासन के लिए एक चेतावनी थी, बल्कि पूरे समाज के लिए चिंता का विषय भी बन गया. 108 एंबुलेंस सेवा का संचालन निजी एजेंसियों के हाथों में है, जिनका प्राथमिक उद्देश्य मुनाफा होता है, न कि सेवा. कर्मियों का आरोप है कि न वेतन तय है, न पीएफ, न बीमा और न ही किसी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा. 12-12 घंटे की सेवा के बावजूद इन्हें सरकारी कर्मचारी जैसा सम्मान या सुविधा नहीं मिलती. सबसे गंभीर बात यह है कि सवाल उठाने पर धमकी और प्रताड़ना दी जाती है, जिससे इन कर्मियों की मनोस्थिति और कार्यक्षमता दोनों पर असर पड़ता है. इस हड़ताल का असर राजधानी के सदर अस्पताल सहित कई सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों पर देखा गया. मरीजों को खुद साधन जुटाकर अस्पताल पहुंचना पड़ा, जिससे आपातकालीन सेवा की विफलता स्पष्ट हो गई. यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि आम जन के जीवन से किया गया खिलवाड़ है. सरकार को चाहिए कि इन कर्मियों की मांगों को गंभीरता से सुने, स्थायी बहाली, उचित मानदेय और सामाजिक सुरक्षा की गारंटी दे. जो लोग दिन-रात मानव सेवा में लगे हैं, उन्हें अनदेखा करना असंवेदनशीलता की पराकाष्ठा होगी.

# प्रेमचंद का कथा संसार विस्तृत और महत्वपूर्ण

विजय केसरी



31 जुलाई : कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की 146वीं जयंती पर विशेष

कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की कृतियां सदा पाठकों के बीच जीवित रहेंगी. प्रेमचंद का रचना संसार बहुत ही विस्तृत और महत्वपूर्ण है . उनकी कहानियों के पात्र आज भी बदलते सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में उसी तरह संघर्ष रत हैं. यह बड़ा सवाल है. इतना कुछ बदल जाने के बावजूद आज भी उनकी कहानियों के पात्र उसी तरह लाचार, बेबस और निसहाय क्यों हैं? हम सब विकास और आधुनिकता की जितनी भी बातें कर लें, लेकिन गांवों और कस्बों की सूरत अभी नहीं बदल पाई है. इन्हीं गांवों और कस्बों की सूरत को बदलने के लिए मुंशी प्रेमचंद अपने पात्रों के माध्यम से समाज को आईना और संघर्ष के लिए उठ खड़े होने की प्रेरणा देते रहे थे. इनकी कृतियां हर कालखंड में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करती रही थीं, रही हैं और रहेंगी. प्रेमचंद हिंदी साहित्य के एक ऐसे लेखक बनकर उभरे, जिन्होंने अपनी कलम और सोच की बदौलत प्रचलित कहानियों की धारा को ही बदल कर रख दी थी.

प्रेमचंद ने इस तिलस्म और ऐय्यारी को ध्वस्त कर रख दिया था. समाज में नित क्या घटनाएं घट रही हैं? समाज किस ओर जा रहा है? समाज में रहने वाले लोगों की स्थिति क्या है? पुरुषों और स्त्रियों की दशा क्या है? उनका जीवन स्तर क्या है? वे किस तरह जीवन निर्वाह कर रहे हैं? समाज में बच्चों की स्थिति क्या है? लड़कियों और बहुओं की स्थिति क्या है? समाज में गरीबी और अमीरी की इतनी खाई क्यों है? समाज में परिवारों के बीच तालमेल कैसा है? लोगों का दांपत्य जीवन का कैसा है? मेहनतकश मजदूरों की स्थिति कैसी है? खून पसीना बहा कर खेती करने वाले कृषकों की स्थिति कैसी है? ये तमाम महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दे हमारी प्रचलित कहानियों से दूर थे. प्रेमचंद ने लगभग तीन सौ कहानियां और बारह उपन्यास लिखा . इन कहानियों और उपन्यासों को पढ़ने से प्रतीत होता है कि उनकी तमाम कृतियां समाजिक यथार्थ से जुड़ी हुई हैं. उनकी कहानियों समाज के दर्पण के रूप में भी जाना जाता है. उनके ही जीवन काल में जब उनकी कहानियां पत्रिकाओं में छप कर आती थीं, देखते ही देखते पाठकों के बीच लोकप्रिय हो जाया करती थी. उनकी कहानियां समाज में एक नई चेतना विकसित करने का काम किया है. समाज में जागृति लाने का काम किया है . प्रेमचंद जिस कालखंड में अपनी कहानियों को दर्ज कर रहे थे. उन्होंने 1921 में महात्मा गांधी के आह्वान पर सरकारी इंस्पेक्टर पद की नौकरी से त्यागपत्र दे दिया और आजीवन स्वतंत्र रूप से लेखन करने का संकल्प लिया था. वे इस संकल्प के साथ पूर्णरूपेण लेखन से जुड़े रहे थे. फिर उन्होंने कभी भी सरकारी नौकरी की ओर मुख नहीं किया था. यह बात लिखने के पीछे उद्देश्य है कि उन्होंने अपनी कहानियों में जिन मूल्यों और सिद्धांतों को प्रस्तुत किया था.

वे आजीवन उन्हीं मूल्यों और सिद्धांतों पर चलते भी रहे थे. वे एक कहानीकार के साथ एक संवेदनशील इंसान भी थी. उनमें अन्य लोगों की अपेक्षा संवेदना ज्यादा थी . यह संवेदना उनकी कहानियों में दिखती है. उनकी एक लोकप्रिय कहानी 'कफन' है,जो तत्कालीन समय, समाज और देश की आर्थिक दशा को प्रस्तुत करती है. ग़रीबी और भूख क्या होती है? इस बात को भी प्रस्तुत करती है. कफन कहानी में प्रसव पीड़ा से कराह रही एक स्त्री की पीड़ा भी मनुष्य सुनाई नहीं पड़ती है . मनुष्य इतना नृशंस कैसे हो सकता है? प्रसव पीड़ा से कराह रही एक स्त्री की पीड़ा तक उसे सुनाई नहीं देती है. प्रेमचंद ने इस नृशंसता की तस्वीर बहुत ही जीवंत रूप में प्रस्तुत किया. कफन कहानी के माध्यम से लेखक ने समाज के बदलते स्वरूप पर प्रहार किया. मनुष्य जब अपनी मनुष्यता छोड़ देता है, तब उसका रूप कितना नृशंस हो जाता है. इस कहानी को पढ़ने वाले किसी भी संवेदनशील पाठक की आंखें नम हो जाती हैं. प्रेमचंद की कहानियों में समाज के अंतर्द्वंद्व, पीड़ा और शोषण की ध्वनि साफ सुनाई पड़ती है. प्रेमचंद के जमाने में गरीबी, बेरोजगारी और भुखमरी अपनी पराकाष्ठा पर थी. उन्होंने समाज के इस दोहरे जीवन पर जमकर प्रहार किया है. एक ओर गरीबी, भुखमरी और लाचारी है, तो दूसरी ओर बड़े-बड़े आलीशान भवनों में रात में पार्टियां चल रही थीं. प्रेमचंद ने अपने आप को कभी भी यह नहीं कहा कि मैं कलम का बादशाह हूं, कलम का जादूगर हूं बल्कि उन्होंने यह दर्ज किया कि मैं कलम का एक सिपाही हूं . उन्होंने स्वयं को कलम का एक मजदूर कहा. इस कथन के पीछे एक बहुत बड़ी बात छुपी हुई है. एक मजदूर जो अपने खून पसीने बहाकर एक इमारत को रूप आकार प्रदान करता है. उस मजदूर का वास्तविक जीवन कैसा होता है? यह भी विचार करने की जरूरत है.

**प्रेमचंद ने अपनी कहानियों के माध्यम से एक नव जागृति लाने का काम किया है. समाज के सभी लोगों को मिलजुल कर रहने संदेश दिया है. नमक का दारोगा, दो बैलों की कथा, पंच परमेश्वर कहानियां समाज के उसी यथार्थ पर बुनी गई हैं.**

मजदूरों के जीवन पर उन्होंने बहुत कुछ लिखा है. उन्होंने मजदूरों के खून पसीने पर समाज का ध्यान आकृष्ट किया है. उन्होंने जात पात पर जोरदार प्रहार किया है. 'सवा सेर गेहूं' कहानी से उन्होंने ब्राह्मणवाद व्यवस्था पर जबरदस्त प्रहार किया है . प्रेमचंद का मानना है कि समाज में रहने वाले हर जाति, धर्म ,वर्ग और वर्ण के लोग एक हैं. सबों को ईश्वर ने बनाया है. जात पात के नाम पर कितनी नृशंसता बढ़ती हैं? किस तरह दलितों, वंचितों को समाज में दबाकर रखा जाता है. सवा सेर गेहूं के माध्यम से कहानीकार प्रेमचंद ने एक हरिजन की पीड़ा और बेबसी को पाठकों के बीच रखा है. उन्होंने अपनी कहानियों के माध्यम से एक नव जागृति लाने का काम किया है. उन्होंने समाज के सभी वर्ग के लोगों को मिलजुल कर रहने का संदेश दिया है. 'नमक का दरोगा' 'दो बैलों की कथा' 'पंच परमेश्वर' आदि कहानियां समाज के उसी यथार्थ पर बुनी गई हैं . बस जरूरत है, उसे समझने की.

## आज का इतिहास

1658: मुगल सम्राट औरंगजेब ने स्वयं को मंगोल का राजा घोषित किया.
1880: प्रसिद्ध हिंदी कहानीकार और उपन्यासकार प्रेमचंद का जन्म.
1933 : गांधी जी ने साबरमती आश्रम छोड़ा.
1940 : स्वतंत्रता सेनानी ऊधम सिंह का निधन.
1980: हिंदी फिल्मों के महान पार्श्व गायक मोहम्मद रफी का निधन.
1982 : सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया.
1993 : भारत के तैरते हुए समुद्री संग्रहालय का कलकत्ता में उद्घाटन.
2006: फिदेल कास्त्रो ने अपने भाई को सत्ता सौंपी.
2006 : श्रीलंका में युद्ध विराम समझौता समाप्त, एलटीटीई के साथ संघर्ष में 50 लोग मारे गये.
2007 : भारतीय मूल के अमेरिकी डॉक्टर सुधीर पारिख को पाल हैरिस अवार्ड मिला.
2010 : पाकिस्तान में बाढ़ से 900 से अधिक लोगों की मौत.

## हजार अच्छाइयों को एक गलती से कभी न परखें

चिंतन

एक राजा था. उसने 10 खूंखार जंगली कुत्ते पाल रखे थे. जिनका इस्तेमाल वह लोगों की गलतियों पर मौत की सजा देने के लिए करता था. एक बार राजा के पुराने मंत्री से कोई गलती हो गयी. क्रोधित होकर राजा ने उसे शिकारी कुत्तों के सम्मुख फिकवाने का आदेश दे डाला. सजा दिए जाने से पूर्व राजा ने मंत्री से उसकी आखिरी इच्छा पूछी.

राजन! मैंने सेवक के रूप में आपकी 10 सालों से सेवा की है.मैं सजा से पहले 10 दिनों की मोहलत चाहता हूं. मंत्री ने राजा से निवेदन किया. राजा ने उसकी बात मान ली.

10 दिन बाद राजा के सैनिक मंत्री को पकड़ कर लाए और राजा का इशारा पाते ही उसे खूंखार कुत्तों के सामने फेंक दिया. परंतु यह क्या कुत्ते मंत्री पर टूट पड़ने की बाजए अपनी पूंछ हिला-हिला कर मंत्री के ऊपर कूदने लगे और प्यार से उसके पैर चाटने लगे. राजा आश्चर्य से यह सब देख रहा था उसने सोचा कि आखिर इन खूंखार कुत्तों को क्या हो गया है? वे इस तरह क्यों व्यवहार कर रहे हैं? आखिरकार राजा ने मंत्री से पूछा, ये क्या हो रहा है, ये कुत्ते तुम्हे काटने की बजाये तुम्हारे साथ खेल क्यों रहे हैं?

राजन! मैंने आपसे जो 10 दिनों की मोहलत ली थी, उसका एक-एक क्षण मैंने इन बेजुबानो की सेवा करने में लगा दिया. मैं रोज इन कुत्तों को नहलाता, खाना खिलाता व हर तरह से उनका ध्यान रखता. ये कुत्ते खूंखार और जंगली होकर भी मेरी 10 दिन की सेवा नहीं भुला पा रहे हैं, परंतु खेद है कि आप प्रजा के पालक हो कर भी मेरी 10 वर्षों की स्वामिभक्ति भूल गए और मेरी एक छोटी सी त्रुटि पर इतनी बड़ी सजा सुन दी.

राजा को अपनी भूल का एहसास हो चुका था, उसने तत्काल मंत्री को आज़ाद करने का हुक्म दिया और आगे से ऐसी गलती ना करने की सौगंध ली.

मित्रों, कई बार इस राजा की तरह हम भी किसी की बरसों की अच्छाई को उसके एक पल की बुराई के आगे भुला देते हैं. यह कहानी हमें क्षमाशील होना सिखाती है, ये हमें सबक देती है कि हम किसी की हज़ार अच्छाइयों को उसकी एक बुराई के सामने छोटा ना होने दें.

## इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. #Tsunami
2. #earthquake
3. #SupremeGodKabir
4. Watch Sant RampalJi YtChannel
5. #Japan
6. #JusticeForRani
7. Life Lessons
8. Spiritual Wisdom
9. Anmol Vachan
10. Alaska

# बहुरंग



### जेनिफर मिस्री ने सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा के निर्माता असित मोदी पर लगाए आरोप

लोकप्रिय शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के निर्माता असित कुमार मोदी एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं. पिछले कुछ वर्षों में कई कलाकारों ने उन पर गंभीर आरोप लगाए हैं. शो में मिसेज रोशन सोढ़ी का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री जेनिफर मिस्त्री भी असित मोदी पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगा चुकी हैं. रिपोर्ट्स की मानें तो जेनिफर ने उनके खिलाफ मामला दर्ज कराया था और यह केस वह जीत भी चुकी हैं. अब एक बार फिर जेनिफर ने असित मोदी को लेकर चौंकाने वाले खुलासे किए हैं, जिससे इंडस्ट्री में हलचल मच गई है.

एक इंटरव्यू के दौरान 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में मिसेज सोढ़ी का किरदार निभा चुकीं जेनिफर मिस्त्री ने शो के निर्माता असित मोदी को लेकर चौंकाने वाले आरोप लगाए. जेनिफर ने बताया कि एक बार वीजा से जुड़ी परेशानी के चलते वह रोने लगी थीं, तब असित मोदी ने फोन पर कहा, ₹तुम क्यों रो रही हो? अगर तुम यहां होती तो मैं तुम्हें गले लगा लेता, बल्कि किस भी कर लेता.₹ जेनिफर ने यह भी खुलासा किया कि साल 2019 में सिंगापुर शूट के दौरान असित मोदी ने उन्हें होटल रूम में आकर व्हिस्की पीने का ऑफर दिया था ताकि वह बोर न हों. इन खुलासों ने एक बार फिर इस चर्चित शो की टीम को विवादों में ला दिया है.

जेनिफर मिस्त्री ने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि सिंगापुर ट्रिप के दौरान असित मोदी ने उनके करीब आकर कहा था, तुम्हारे होंठ बहुत सेक्सी हैं, मन कर रहा है कि तुम्हें पकड़कर किस कर लूं. जेनिफर के इस बयान ने सभी को हैरान कर दिया है. उन्होंने यह बात शो में 'भिड़े' का किरदार निभाने वाले मंदार चंदवादकर को भी बताई थी, लेकिन जेनिफर के मुताबिक, उस वक्त मंदार ने उनका कोई साथ नहीं दिया. इस खुलासे के बाद सोशल मीडिया पर भी दर्शकों की तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं.

## आमिर खान का बड़ा ऐलान, यूट्यूब पर रिलीज होगी सितारे ज़मीन पर



आमिर खान ने घोषणा की कि उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'सितारे ज़मीन पर' अब 1 अगस्त 2025 से उनके यूट्यूब चैनल 'आमिर खान टॉकीज' पर वैश्विक स्तर पर रिलीज़ की जाएगी. यह एक साहसी और क्रांतिकारी पहल है, जिसमें साल 2025 की सबसे सफल फिल्मों में से एक को सीधे दर्शकों के घरों और मोबाइल स्क्रीन तक पहुंचाया जाएगा. इस भावनात्मक फैमिली ड्रामा में आमिर खान और जेनेलिया देशमुख के साथ 10 ऐसे कलाकार भी शामिल हैं जो इंटेलेक्चुअल डिसएबिलिटी के साथ जीवन जी रहे हैं.

भारत में यह फिल्म महज़ 100 में किराए पर उपलब्ध होगी, जबकि अमेरिका, कनाडा, यूके, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, इंडोनेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और स्पेन सहित कुल 38 देशों में यह स्थानीय कीमतों पर देखी जा सकेगी. सितारे ज़मीन पर को 2007 की क्लासिक फिल्म 'तारे ज़मीन पर' की आध्यात्मिक उत्तराधिकारी माना जा रहा है. यह फिल्म प्यार, हास्य और समावेशिता का एक खूबसूरत उत्सव है, जिसने दर्शकों के दिलों को गहराई से छू लिया है. अब तक यह दुनियाभर में 250 करोड़ से अधिक की कमाई कर चुकी है. यूट्यूब पर इसके रिलीज़ होने से हर दर्शक एक छोटी सी राशि में इस फिल्म को रेंट पर लेकर अपने घर को ही थिएटर में बदल सकेगा, जहां हर स्क्रीन बनेगी दिल से जुड़ी एक कहानी की गवाह.फिल्म के यूट्यूब लॉन्च पर बात करते हुए अभिनेता और निर्माता आमिर खान ने कहा, पिछले 15 सालों से मेरे मन में ये सवाल रहा है, उन लोगों तक सिनेमा कैसे पहुंचे जो किसी वजह से थिएटर नहीं जा सकते. अब लगता है वो समय आ गया है जब सारे टुकड़े एक साथ आकर जुड़ गए हैं. सरकार की यूपीआई पहल के चलते भारत आज दुनिया में इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट्स नंबर 1 बन चुका है. इंटरनेट की पहुँच गांव-गांव तक तेजी से बढ़ी है, और यूट्यूब तो लगभग हर डिवाइस का हिस्सा बन चुका है. इन सारी चीज़ों ने मिलकर एक ऐसा प्लेटफॉर्म बना दिया है जिससे हम सिनेमा को दूर-दराज के इलाकों और अंतरराष्ट्रीय दर्शकों तक भी पहुँचा सकते हैं. आमिर खान ने आगे कहा, मेरा सपना है कि सिनेमा सबका हो, वो भी सस्ती कीमत पर, सही समय पर, और अपनी मर्जी से देखने के लिए उपलब्ध हो. अगर ये मॉडल सफल होता है, तो दुनिया भर के क्रिएटिव लोग अपनी कहानियों को बिना सीमाओं की चिंता किए शेयर कर पाएंगे. इससे नए कलाकारों और इंडस्ट्री में कदम रखने वालों को भी मौके मिलेंगे. मुझे लगता है कि अगर ये आइडिया काम कर गया, तो यह सिनेमा के भविष्य के लिए एक गेम-चेंजर साबित हो सकता है.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

मोबाइल नंबर 8210075897

**मेष :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें. किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है. धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा. कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है. इच्छित कार्य सफल होंगे. शुभांक-5-6-8

**वृष :** इच्छित कार्य सफल होंगे. अपने काम पर पैनी नजर रखिए. विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा. अपने काम को प्राथमिकता से करें. आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी. व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. शुभांक-6-7-8

**मिथुन :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी. लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. शुभांक-2-6-9

**कर्क :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी. महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्घ होगा. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. इच्छित कार्य सफल होंगें. आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी. शुभांक-6-7-9

**सिंह :** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे. सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी. आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी. यात्रा शुभ रहेगी. माता पक्ष से विशेष लाभ. कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी. यात्रा का परिणाम मिल जाएगा. शुभांक-4-6-7

**कन्या :** अपने काम पर पैनी नजर रखिए. स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा. लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं. मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा. समय पक्ष का बना रहेगा. कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी. लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे. शुभांक-4-6-8

**तुला :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी. व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी. शुभांक-1-5-7

**वृश्चिक :** अपने काम को प्राथमिकता से करें. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ होंगे. कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है. कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. पुराने मित्र से मिलन होगा. अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें. शुभांक-5-6-8

**धनु :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी. समय पक्ष का बना रहेगा. शुभांक-2-6-8

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा. समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. आलस्य का त्याग करें. कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ संझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. शुभांक-5-6-9

**कुंभ :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी. ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. मित्र से मिलन होगा. शुभांक-3-8-9

**मीन :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है. मान-सम्मान बढ़ेगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी. आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे है. दिन का उत्तरार्ध ज्यादा खुशियां लेकर आएगा. शुभांक-3-5-6

## अभिनेता कायोज ईरानी ने एक्टिंग को कहा-अलविदा



फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' तो आप सभी को याद ही होगी. इस फिल्म ने बॉलीवुड को तीन चमकते सितारे दिए वरुण धवन, सिद्धार्थ मल्होत्रा और आलिया भट्ट. तीनों ने इसी फिल्म से अपने करियर की शुरुआत की थी और आज इंडस्ट्री के सबसे चर्चित चेहरों में शुमार हैं. फिल्म के अन्य कलाकारों को भी दर्शकों ने काफी सराहा था. लेकिन अब उसी फिल्म से जुड़े एक अभिनेता ने अभिनय की दुनिया से संन्यास लेने का फैसला कर लिया है, जिससे उनके फैंस और इंडस्ट्री के लोग चौंक गए हैं. फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' में 'सुडो' का यादगार किरदार निभाने वाले अभिनेता कायोज़ ईरानी ने अब एक्टिंग को अलविदा कहने का फैसला कर लिया है. कायोज़ ने फिल्म में वरुण धवन, आलिया भट्ट और सिद्धार्थ मल्होत्रा के जिगरी दोस्त की भूमिका निभाई थी. हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया, ₹फिलहाल मेरी एक्टिंग में वापसी की कोई योजना नहीं है. कैमरे के पीछे काम करना मेरे लिए कहीं ज्यादा सहज और संतोषजनक है. मुझे यह भी समझ आ गया है कि एक्टिंग मेरे लिए नहीं बनी. अगर मैं किसी फिल्म में नजर नहीं भी आऊं, तो भी आपको मुझे फिल्मों के निर्माण में जरूर देखने को मिलेगा.उन्होंने यह भी कहा, ₹कभी-कभी लगता है कि मैंने लोगों को निराश किया है, लेकिन सच कहूं तो एक्टिंग अब मेरे बस की बात नहीं रही. 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से एक्टिंग डेब्यू करने वाले कायोज ईरानी, जो दिग्गज अभिनेता बोमन ईरानी के बेटे हैं, अब निर्देशन की दुनिया में कदम रख चुके हैं. भले ही कायोज को फिल्म में उनके किरदार के लिए खूब सराहना मिली थी, लेकिन उन्हें वह लोकप्रियता नहीं मिल पाई जिसकी उम्मीद थी. इसके बाद उन्होंने कैमरे के पीछे काम करना शुरू किया और कार्तिक आर्यन की फिल्म 'धमाका' में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर अपनी भूमिका निभाई.

फिल्मी न्यूज

## द राजा साब में संजय दत्त का नया रूप, फर्स्ट लुक जारी



संजय दत्त आने वाले समय में कई बहुप्रतीक्षित फिल्मों में दिखाई देंगे. इन्हीं में से एक है उनकी आने वाली हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'द राजा साब'. इस फिल्म को लेकर पहले से ही चर्चाएं थीं, और अब जब इसका पहला लुक सामने आया है, तो फैंस की उत्सुकता और भी बढ़ गई है. संजय का दमदार अंदाज इस झलक में देखने को मिला है, जो यह साफ करता है. फिल्म 'द राजा साब' को लेकर दर्शकों की उत्सुकता अब चरम पर है. निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 5 दिसंबर को तैयार हो जाइए संजू बाबा की एक खौफनाक मौजूदगी से रूबरू होने के लिए, जो आपके रोंगटे खड़े कर देगी. सामने आए पोस्टर में संजू को एक उम्रदराज, रहस्यमयी लुक में देखा जा सकता है. उनके बढ़े हुए लंबे बाल उनके थके, जर्जर चेहरे के चारों ओर फैले हुए हैं, जिससे उनका लुक और भी भयावह लग रहा है. फिल्म में वह साउथ के सुपरस्टार प्रभास के दादाजी की भूमिका निभा रहे हैं, जिनकी असमय मृत्यु हो जाती है और वो एक भूत बनकर कहानी में लौटते हैं. फिल्म 'द राजा साब' की बात करें तो इसमें प्रभास और संजय दत्त के साथ-साथ निधि, मालविका और योगी बाबू जैसे कलाकार भी नजर आएंगे. यह फिल्म 5 दिसंबर को रिलीज होने जा रही है. उसी दिन संजू की एक और फिल्म 'धुरंधर' भी बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली है, जिसमें रणवीर सिंह मुख्य भूमिका में हैं.

## ब्रीफ न्यूज

### दीघा में पिकअप और ऑटो की टक्कर में एक की मौत

**पटना।** दीघा थाना क्षेत्र के रामजीचक इलाके में मंगलवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई. युवक की मौत की खबर मिलते ही इलाके में आक्रोश फैल गया और स्थानीय लोगों ने दीघा मुख्य सड़क को जाम कर दिया. लोगों ने मौके पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की. मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार रात तेज रफ्तार पिकअप वैन और ऑटो के बीच सीधी टक्कर हो गई थी. इस हादसे में कई लोग घायल हुए थे, जिनमें से एक युवक की हालत गंभीर थी. इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई. मृतक युवक की पहचान दीघा रामजीचक निवासी के रूप में हुई है. स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं है और ट्रैफिक नियंत्रण के उपाय न होने के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं. लोगों ने प्रशासन से सड़क पर यातायात व्यवस्था सुधारने की मांग की है. घटना की सूचना मिलते ही दीघा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शांत कराने की कोशिश की. पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटाने की कोशिश की.

## नीतीश कुमार का ऐलान : आशा और ममता कार्यकर्ताओं की मानदेय राशि बढ़ी

# आशा कार्यकर्ताओं को अब हर महीने मिलेगी तीन हजार रु की प्रोत्साहन राशि

**शुभम संदेश।पटना**



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चुनावी वर्ष में एक और बड़ा फैसला लेते हुए राज्य की आशा और ममता कार्यकर्ताओं को बड़ी सौगात दी है. उन्होंने इनके मानदेय में उल्लेखनीय वृद्धि का ऐलान किया है. मुख्यमंत्री ने मंगलवार सुबह अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस निर्णय की जानकारी साझा की. उन्होंने कहा कि उनकी सरकार नवम्बर 2005 से ही स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है, और इसमें आशा एवं ममता कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है. सीएम नीतीश ने ट्वीट में लिखा, "ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में आशा और ममता कार्यकर्ताओं ने बहुत बड़ा योगदान दिया है. उनके इसी योगदान के सम्मान में उनकी प्रोत्साहन राशि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है." मुख्यमंत्री के अनुसार, अब आशा कार्यकर्ताओं को प्रति माह 1,000 रुपये के बजाय 3,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि मिलेगी. वहीं ममता कार्यकर्ताओं को प्रति प्रसव 300 रुपये की जगह अब 600 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी.

सीएम के इस फैसले से राज्य भर की आशा और ममता कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है. लंबे समय से ये कार्यकर्ता मानदेय बढ़ाने की मांग कर रहे थे, जिसे अब सरकार ने स्वीकार कर लिया है. इससे इनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और इनके काम के प्रति उत्साह भी बढ़ेगा. स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस फैसले से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और अधिक बेहतर होगी. विशेष रूप से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है. यह निर्णय स्वास्थ्य के क्षेत्र में बिहार सरकार की गंभीरता को दर्शाता है और साथ ही महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस फैसले को आगामी विधानसभा चुनाव से पहले एक अहम राजनीतिक कदम भी माना जा रहा है, जो स्वास्थ्य कर्मियों और महिलाओं को साधने की रणनीति का हिस्सा हो सकता है.

वहीं नीतीश के इस फैसले को लेकर तेजस्वी यादव ने तीखा हमला बोला है. तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर एक गाना शेयर करते हुए नीतीश सरकार को ₹नकलची सरकार₹ बताया. गाने के बोल थे, ₹नकल, नकल... जीरो इनकी अक़ल...₹. तेजस्वी ने दावा किया कि जब वे 17 महीने के लिए बिहार के स्वास्थ्य मंत्री थे, तब ही उन्होंने आशा और ममता कार्यकर्ताओं की प्रोत्साहन राशि बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी, जो अंतिम चरण में थी. लेकिन तभी सरकार पलट गई और एनडीए सत्ता में वापस आ गई.तेजस्वी ने आरोप लगाया कि एनडीए सरकार ने इस मुद्दे पर दो साल तक कोई कार्रवाई नहीं की और अब उनकी पुरानी योजना को अपनाकर क्रेडिट लेने की कोशिश कर रही है. उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने ₹चालाकी₹ से इस मांग को पूरी तरह लागू नहीं किया.

उनके मुताबिक, कार्यकर्ताओं को केवल प्रोत्साहन राशि नहीं, बल्कि नियमित मानदेय मिलना चाहिए, जो उनकी सरकार देने के लिए तैयार थी. उन्होंने आगे कहा कि उनकी 17 महीने की सरकार ने विकास मित्र, शिक्षा मित्र, टोला सेवक, तालीमी मरकज़ और पंचायती राज प्रतिनिधियों का मानदेय भी बढ़ाया था. तेजस्वी ने वर्तमान सरकार को ₹थकी-हारी, दृष्टिहीन और विजन रहित₹ करार दिया और कहा कि इस सरकार को अब आंगनवाड़ी सेविकाओं, सहायिकाओं और स्कूल रसोइयों के मानदेय में भी बढ़ोतरी करनी ही पड़ेगी. तेजस्वी यादव ने सवाल उठाया, ₹बीते 20 सालों में क्या ये मूंगफली छील रहे थे?₹ उन्होंने नीतीश सरकार से पूछा कि क्या वे अब हर चीज़ में सिर्फ उनकी नकल ही करते रहेंगे या कभी खुद की सोच भी अपनाएंगे.

## न्यूज अपडेट

### बिहार के मानस वर्मा बने सबसे कम उम्र के कोच

**नालंदा।** जिले के 19 वर्षीय युवा मानस वर्मा ने कम उम्र में बड़ी उपलब्धि हासिल कर राज्य और जिले का नाम रोशन किया है. उन्होंने इंटरनेशनल साइंस स्पोर्ट्स एसोसिएशन की कठिन परीक्षा उत्तीर्ण कर इंटरनेशनल फिटनेस कोच बनने का गौरव प्राप्त किया है. इस उपलब्धि के साथ वे बिहार के सबसे कम उम्र के इंटरनेशनल फिटनेस कोच बन गए हैं. मानस वर्मा ने बताया कि इस परीक्षा में फिटनेस विज्ञान, व्यायाम तकनीक और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े गहन प्रश्न पूछे जाते हैं. कठिन परिश्रम और समर्पण के बल पर उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की. इंटरनेशनल फिटनेस कोच बनने के साथ-साथ मानस ने 27 जुलाई को दिल्ली के रोहिणी में आयोजित स्टेट पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. इंडियन पावरलिफ्टिंग फेडरेशन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में उन्होंने जूनियर वर्ग के 66 किलोग्राम भारवर्ग में स्क्वायड में 155 किग्रा, बेंच प्रेस में 105 किग्रा और डेडलिफ्ट में 200 किग्रा वजन उठाकर कुल 460 किलोग्राम का भार उठाया.

### आक्रोशित ग्रामीणों ने की सड़क पर धान की बुवाई

**सहरसा।** ज़िले के नौहट्टा प्रखंड के सत्तौर पंचायत में चार साल पहले देवका से बरूवाही तक लगभग 24 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण का शिलान्यास सांसद और विधायक ने बड़े समारोह के साथ किया था, लेकिन आज तक यह सड़क अधूरी और बदहाल पड़ी है. ग्रामीणों का आरोप है कि काग़ज़ों पर निर्माण पूरा दिखाकर करोड़ों रुपये की बंदरबांट की गई है. हद तो तब हो गई जब सड़क पर धान की बुवाई कर लोगों ने प्रशासन और सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया. उनका कहना है कि विकास के नाम पर लूट हुई है और आम जनता को सिर्फ कीचड़ और गड्ढों वाली राहें मिली हैं. जर्जर सड़कों से गुजरना ग्रामीणों के लिए किसी सज़ा से कम नहीं. ग़ुस्साए लोगों ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंका और चेतावनी दी कि अगर अब भी कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन करेंगे. स्थानीय लोगों का कहना है कि नेताओं को सिर्फ वोट की चिंता है, काम करने की नहीं. थक-हार कर अब ग्रामीण खुद सड़क मरम्मत का बीड़ा उठा चुके हैं. उन्होंने कहा, ₹हमारे पैसों से घोटाला हुआ और अब हम अपनी मिट्टी से सड़क बनाएंगे.₹ यह मामला स्थानीय प्रशासन की लापरवाही और विकास योजनाओं में गहराए भ्रष्टाचार की खुली बानगी पेश करता है.

### राजद विधायक पर धमकी मामले में जांच तेज

**पटना।** जिले के मनेर से राजद विधायक भाई वीरेंद्र यादव की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं. पंचायत सचिव को धमकी देने के मामले में पुलिस जांच ने रफ्तार पकड़ ली है. वायरल ऑडियो, कॉल डिटेल और पंचायत सचिव संदीप कुमार के बयान—ये तीनों सबूत विधायक के लिए गले की हड्डी बनते दिख रहे हैं. पुलिस ने धमकी वाले कॉल के मोबाइल नंबर की जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाया जा रहा है कि वह नंबर किसके नाम पर रजिस्टर्ड है. इसके अलावा, विधायक को नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है. पुलिस की जांच टीम जल्द ही विधायक का वॉयस सैंपल लेने की तैयारी कर रही है, ताकि वायरल ऑडियो क्लिप से उसका मिलान किया जा सके. गौरतलब है कि पंचायत सचिव संदीप कुमार ने 26 जुलाई को मनेर में शिकायत दर्ज कराई थी. उनका आरोप है कि विधायक ने उन्हें फोन कर पहले फटकार लगाई और फिर धमकी दी.

### रोहतास में अपराधियों ने तीन जगहों पर की गोलीबारी

रोहतास। जिले के तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अपराधियों ने खुलेआम गोलीबारी कर हड़कंप मचा दिया. पहली घटना सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जयपुर गांव की है, जहां दरवाजे पर बैठे विक्रम सिंह को अपराधियों ने गोली मार दी. गोली लगने से विक्रम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया. दूसरी घटना काराकाट थाना क्षेत्र के कौपा गांव में हुई. यहां अपराधियों ने रंजीत पासवान पर गोली चला दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए. घायल रंजीत को इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. तीसरी घटना बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के नदी पुल के पास हुई, जहां पुरुषोत्तम कुमार नामक युवक को अपराधियों ने गोली मारी. घायल युवक को स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है. पुलिस ने घटनाओं की जांच शुरू कर दी है और अपराधियों को जल्द पकड़ने का प्रयास कर रही है.

## बिहार में अवैध खनन पर सरकार का बड़ा एक्शन

# एसपी और थानेदार भी दायरे में आए, होगी गहन जांच

**संवाददाता ।पटना**

बिहार में अवैध खनन के खिलाफ सरकार ने सख्त रुख अपना लिया है. अब तक कार्रवाई केवल खनन माफियाओं तक सीमित थी, लेकिन अब इसमें थाना प्रभारी और एसपी भी जांच के दायरे में आ गए हैं. उपमुख्यमंत्री सह खान एवं भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि किसी जिले से अवैध खनन, परिवहन या भंडारण की शिकायतें मिलती हैं, तो वहां के पुलिस अधिकारियों की भूमिका की गहन जांच की जाएगी. मंत्री सिन्हा ने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने राज्यभर से प्राप्त आंकड़ों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए. बैठक में खनिज राजस्व संग्रहण, बालू घाटों की स्थिति, जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट, अवैध खनन पर कार्रवाई, ऑनलाइन रिटर्न दाखिल करने की स्थिति और खनिज लेवी सहित पर्यावरणीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई. बैठक में यह भी बताया गया कि राज्य में 463 बालू घाटों की नीलामी के लिए अधिसूचना जारी हो चुकी है, जिनमें से 316 घाटों की सफलतापूर्वक नीलामी हो गई है. शेष 147 घाटों की प्रक्रिया जल्द पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं. इसके अलावा, मंत्री ने रेल मार्ग से पत्थर आयात करने वाले मध्यम भंडारण लाइसेंसधारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान के लिए तीन सदस्यीय समिति गठन की घोषणा की. सरकार ने यह भी साफ कर दिया है कि खनिज संसाधनों का संरक्षण और नियमन सर्वोच्च प्राथमिकता है.

## 'हम' पार्टी के अध्यक्ष संतोष सुमन ने मुकेश सहनी को लेकर कहा

# एनडीए में आना चाहें, तो स्वागत होना चाहिए

**शुभम संदेश।पटना**





बिहार की सियासत क्या होगा कुछ कहा नहीं जा सकता है. महागठबंधन के साथ चल रहे विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश सहनी को लेकर एक बड़ा सियासी उलटफेर संभवना नजर आ रही है. हालिया घटनाक्रम और राजनीतिक बयानों ने इस संभावना को और बल दिया है कि मुकेश सहनी एक बार फिर एनडीए में वापसी कर सकते हैं. दरअसल, बीते दिन मुकेश सहनी ने एक ट्वीट कर बड़ा ऐलान किया. उन्होंने लिखा, ₹विकासशील इंसान पार्टी, 2025 में 60 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, शेष सभी सीटों पर हमारे सहयोगी दलों के प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे.₹ उनके इस बयान के बाद महागठबंधन के भीतर असंतोष और खींचतान की स्थिति उत्पन्न हो गई है. वहीं, एनडीए की ओर से उन्हें फिर से गठबंधन में शामिल होने का संकेत दिया जा रहा है.

सबसे अहम बयान बिहार सरकार में मंत्री और 'हम' पार्टी के अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन का आया है. उन्होंने सहनी को खुले दिल से एनडीए में शामिल होने का न्यौता देते हुए कहा, ₹मुकेश सहनी अब उस गठबंधन से ऊब चुके हैं, जहां उन्हें अपेक्षित सम्मान और अवसर नहीं मिल रहा है. अगर वे एनडीए में आना चाहें, तो उनका स्वागत होना चाहिए.₹ सुमन ने यह भी कहा कि निषाद समुदाय, जो मुकेश सहनी का सामाजिक आधार है, अब तेजी से एनडीए की विकासोन्मुखी विचारधारा से जुड़ रहा है. ऐसे में सहनी को भी उसी राह पर चलना चाहिए. राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो यह बयान केवल व्यक्तिगत आमंत्रण नहीं है, बल्कि 2025 के चुनाव में निषाद वोट बैंक को साधने की रणनीति का हिस्सा है.

ज्ञात हो कि मुकेश सहनी खुद को ₹सन ऑफ मल्लाह₹ कहते हैं और निषाद समुदाय में उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है. एनडीए यदि उन्हें फिर से साथ लाता है, तो यह समुदाय एक बार फिर भाजपा और सहयोगी दलों के पक्ष में गोलबंद हो सकता है. वर्तमान में मुकेश सहनी महागठबंधन का हिस्सा हैं, लेकिन उनके हालिया रुख और सीटों की संख्या को लेकर दावे ने साफ कर दिया है कि वे विकल्प खुले रखे हुए हैं. 2022 में उन्होंने एनडीए से नाता तोड़ विपक्ष का रुख किया था, पर अब जब विधानसभा चुनाव नजदीक हैं, तो एनडीए की ओर से उन्हें दोबारा साथ लाने की कवायद शुरू हो गई है.

## कारोबार

### आईएफएल इंटरप्राइजेज लि के शेयर में तेज उछाल

**नयी दिल्ली।** एग्री कमोडिटी एक्सपोर्ट-इंपोर्ट कंपनी, आईएफएल एंटरप्राइजेज लिमिटेड (बीएसई – 540377) के शेयर आज सुबह बीएसई में अपर सर्किट पर बंद हुए. कंपनी के हालिया वित्तीय नतीजों ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया और शेयर की कीमत में तेज वृद्धि देखी गई, हालांकि इसका शेयर मूल्य अभी भी एक रुपये से कम है. कंपनी ने 30 जून को समाप्त पहली तिमाही के वित्तीय परिणाम कल घोषित किए, जिनमें जबरदस्त उछाल दर्ज हुआ है. चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में कंपनी का ऑपरेशनल रेवेन्यू 33.41 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही के मुकाबले 118.5% अधिक है. पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 15.29 करोड़ रुपये था. इसके साथ ही, कंपनी का शुद्ध लाभ भी काफी बेहतर हुआ है. इस तिमाही में शुद्ध लाभ 5.15 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह मात्र तीन लाख रुपये था. यदि पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही से तुलना करें, तो शुद्ध लाभ में 69.41% की वृद्धि हुई है, क्योंकि उस दौरान कंपनी का मुनाफा 3.04 करोड़ रुपये था.

## आईएमएफ ने बढ़ाई भारत की आर्थिक विकास दर की संभावना

# 2025-26 में 6.4% की तेजी बनी रहेगी

**एजेंसी।नयी दिल्ली**



अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत की आर्थिक विकास दर का अपना अनुमान बढ़ा दिया है. आईएमएफ के ताजा वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक अपडेट के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था 2025 और 2026 में 6.4% की दर से बढ़ने की उम्मीद है. इससे पहले अप्रैल में आईएमएफ ने भारत की विकास दर क्रमशः 6.2% और 6.3% रहने का अनुमान जताया था. यह सुधार वैश्विक और बाहरी आर्थिक परिस्थितियों में सुधार को दर्शाता है. आईएमएफ ने कहा है कि भारत अगले दो वर्षों तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा. इसके विपरीत, चीन की आर्थिक वृद्धि दर 2025 में 4.8% और 2026 में 4.2% रहने का अनुमान है. वहीं, अमेरिका की अर्थव्यवस्था 2025 में 1.9% और 2026 में 2.0% की दर से बढ़ेगी. आईएमएफ ने अमेरिका में ₹वन बिग ब्यूटीफुल बिल एक्ट₹ के लागू होने से थोड़ी तेजी की संभावना जताई है. आईएमएफ ने यह भी बताया कि भारत को बाहरी स्थिरता का लाभ मिल रहा है, जिससे आर्थिक गतिविधियां मजबूत हो रही हैं. इसके अलावा, वित्तीय वर्ष के आंकड़ों के अनुसार भारत की विकास दर 2025 के लिए 6.7% और 2026 के लिए 6.4% रहने का अनुमान है. उभरती अर्थव्यवस्थाओं में भारत के साथ-साथ चीन और इंडोनेशिया भी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं. वैश्विक स्तर पर आईएमएफ ने 2025 में वैश्विक आर्थिक विकास दर 3.0% और 2026 में 3.1% रहने का अनुमान लगाया है, जो पहले के अनुमान से थोड़ा अधिक है. हालांकि, यह अभी भी कोरोना महामारी से पहले के 3.7% के स्तर से कम है. आईएमएफ ने बताया कि इस सुधार के पीछे अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने, बेहतर वित्तीय स्थितियों और टैरिफ के कम प्रभाव रहने जैसे कारण हैं.

आईएमएफ ने यह भी बताया कि अप्रैल में अमेरिका ने जो टैरिफ बढ़ाने की घोषणा की थी, उसकी तुलना में वास्तव में कम टैरिफ लगाए गए हैं. इससे वैश्विक व्यापार पर नकारात्मक प्रभाव कम पड़ा है. इसके अलावा, कुछ देशों में सरकारों ने खर्च बढ़ाकर आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित किया है. हालांकि, आईएमएफ ने आर्थिक जोखिमों के प्रति चेतावनी भी जारी की है. यदि टैरिफ दरें पुनः बढ़ती हैं या वैश्विक अनिश्चितता बढ़ती है, तो इससे विकास दर कमजोर हो सकती है. इसके अलावा, बिना किसी समझौते के टैरिफ बढ़ाने की समय सीमा समाप्त होने से भी आर्थिक गतिविधियों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है. महंगाई की बात करें तो आईएमएफ ने अनुमान लगाया है कि वैश्विक महंगाई दर 2025 में 4.2% और 2026 में 3.6% रहेगी. लेकिन यह दर अलग-अलग देशों में भिन्न होगी. रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका में महंगाई दर अभी भी अपने लक्ष्य से ऊपर बनी रहेगी, जबकि अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में यह नियंत्रित रहेगी. वैश्विक व्यापार की मात्रा में भी 2025 में 0.9% की वृद्धि का अनुमान है, लेकिन 2026 में यह 0.6% तक घट सकती है. यह संकेत है कि टैरिफ बढ़ने की आशंका में जो फायदा हुआ था, वह समय के साथ कम हो सकता है. संक्षेप में, आईएमएफ की ताजा रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत की अर्थव्यवस्था आने वाले वर्षों में मजबूत वृद्धि की राह पर है, जबकि वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुधार के साथ-साथ चुनौतियां भी बनी हुई हैं. आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए वैश्विक और घरेलू दोनों स्तरों पर सतर्कता जरूरी होगी.

# टाटा मोटर्स इटली की कंपनी को खरीदने की तैयारी में है

**नयी दिल्ली।** देश के सबसे बड़े औद्योगिक घराने टाटा ग्रुप की ऑटो कंपनी टाटा मोटर्स इटली की ट्रक निर्माता कंपनी इवेको को 4.5 बिलियन डॉलर में खरीदने जा रही है. यह टाटा ग्रुप की अब तक की दूसरी सबसे बड़ी खरीदारी होगी. इससे पहले टाटा स्टील ने 2007 में कोरस को 12 अरब डॉलर में खरीदा था. वहीं, टाटा मोटर्स का यह ऑटोमोबाइल सेक्टर का सबसे बड़ा सौदा होगा, क्योंकि 2008 में कंपनी ने जगुआर लैंड रोवर को 2.3 बिलियन डॉलर में खरीदा था. टाटा मोटर्स और इवेको के बोर्ड आज इस सौदे को मंजूरी देंगे. इटली के ट्यूरिन में मुख्यालय रखने वाली इवेको की 27.1% हिस्सेदारी टाटा मोटर्स एग्जोर से खरीदेगी. एग्जोर, जो अगनेली परिवार की निवेश कंपनी है, इवेको के वोटिंग अधिकारों का 43.1% रखती है. इसके बाद टाटा मोटर्स अन्य छोटे शेयरधारकों से भी हिस्सेदारी खरीदने के लिए टेंडर ऑफर जारी करेगी. इवेको अपने डिफेंस बिजनेस को अलग कर रही है, जो इस सौदे का हिस्सा नहीं होगा. टाटा ग्रुप को उम्मीद है कि वह Iveco का 100% अधिग्रहण कर लेगा. इस खबर से मंगलवार को इवेको के शेयरों में 7.4% तक की तेजी आई और इस साल कंपनी के शेयर दोगुने से अधिक बढ़ गए हैं, जिससे उसकी बाजार पूंजीकरण 6.15 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई है. एग्जोर और इवेको के बोर्ड टाटा मोटर्स के साथ सौदे के पक्ष में हैं क्योंकि अगनेली परिवार की टाटा ग्रुप के साथ घनिष्ठ संबंध रहे हैं. इस खरीदारी से टाटा मोटर्स का अंतरराष्ट्रीय ट्रक व्यवसाय मजबूत होगा और कंपनी वैश्विक स्तर पर अपनी पहुंच और उत्पादन क्षमता बढ़ा सकेगी. यह कदम टाटा ग्रुप के विस्तार और वैश्विक महत्वाकांक्षाओं को दर्शाता है.

## तैयारी | रिलायंस इंडस्ट्रीज ला सकती है भारत का सबसे बड़ा आईपीओ

# जियो के 5 प्रतिशत शेयर होंगे बिक्री के लिए

**एजेंसी।नयी दिल्ली**



मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज देश का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ लाने की तैयारी में है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, रिलायंस अपनी टेलीकॉम कंपनी जियो इन्फोकॉम का आईपीओ ला रही है, जिसमें कंपनी पहली बार अपने शेयर आम लोगों को बेचने वाली है. आईपीओ का मतलब है इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग, यानी कंपनी अपने शेयर सार्वजनिक रूप से बेचती है. ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, रिलायंस जियो में सिर्फ 5% हिस्सेदारी बेचना चाहती है, जिससे कंपनी को लगभग 6 अरब डॉलर (52,200 करोड़ रुपये) की राशि मिलेगी. अगर यह आईपीओ सफल होता है, तो यह भारतीय इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओहोगा. वर्तमान में यह रिकॉर्ड हुंडई इंडिया के पास है, जिसका आईपीओ पिछले साल 28,000 करोड़ रुपये का था.

रिलायंस इस आईपीओ के लिए मार्केट रेगुलेटर सेबी से बातचीत कर रही है. सेबी के नियमों के अनुसार, कंपनी को कम से कम 25% शेयर आम जनता को बेचने होते हैं, लेकिन रिलायंस का तर्क है कि बाजार में इतनी बड़ी मात्रा में शेयर खरीदने वाले निवेशक मौजूद नहीं हैं. इस आईपीओ से बड़ी टेक कंपनियों को भी लाभ होगा, जैसे मेटा प्लेटफॉर्म्स (फेसबुक) और अल्फाबेट इंक (गूगल), जिन्होंने 2020 में रिलायंस के डिजिटल कारोबार में 20 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया था. उस समय जियो प्लेटफॉर्म्स की वैल्यू 58 बिलियन डॉलर आंकी गई थी. जियो प्लेटफॉर्म्स में रिलायंस का डिजिटल और टेलीकॉम कारोबार शामिल है.

हालांकि, कुछ समय पहले रॉयटर्स ने खबर दी थी कि रिलायंस इस साल जियो का आईपीओ नहीं लाएगी. जानकारों का मानना है कि जियो की वैल्यू अब 100 बिलियन डॉलर से ऊपर पहुंच चुकी है. कंपनी चाहती है कि आईपीओ से पहले उसकी कमाई और ग्राहक संख्या बढ़े, साथ ही डिजिटल कारोबार को भी विस्तार दिया जाए ताकि वैल्यू और अधिक बढ़ सके. अब सबकी नजरें रिलायंस की अगली एजीएम मीटिंग पर टिकी हैं, जिसमें कंपनी के कामकाज और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा होगी. एजीएम की तारीख अभी घोषित नहीं हुई है, लेकिन अगस्त में होने की उम्मीद जताई जा रही है.

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि एजीएम में जियो की लिस्टिंग को लेकर सभी की निगाहें रहेंगी. हालांकि कुछ देरी की खबरें भी आ रही हैं, लेकिन संभावना है कि सेबी आईपीओ नियमों में बदलाव कर जियो को लाभ पहुंचाए. 2025 की शुरुआत में रिलायंस के शेयरों ने अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन पहली तिमाही के नतीजे उम्मीद के अनुरूप नहीं रहे.

## पेज एक का शेष

### रूस में 8.8 तीव्रता के भूकंप से हिली दुनिया...

**प्रशांत महासागर और ओखोत्सक सागर क्यों हैं खतरनाक?:** प्रशांत महासागर और उसका हिस्सा ओखोत्सक सागर दुनिया के सबसे सक्रिय भूकंपीय क्षेत्रों में आते हैं. यहां कुछ कारण हैं कि ये इतने खतरनाक हैं...

टेक्टोनिक प्लेट्स की हलचलः प्रशांत महासागर में प्रशांत प्लेट, उत्तरी अमेरिकी, दक्षिण अमेरिकी और यूरेशियन प्लेट्स एक-दूसरे से टकराती हैं. ओखोत्सक सागर के पास कुरील-कामचटका ट्रेंच है, जो 9600 मीटर गहरा है और भूकंप का केंद्र है. यह टकराव भूकंप और सुनामी का कारण बनता है.

सुनामी की तेज गतिः गहरे समुद्र में सुनामी की लहरें 800 किमी/घंटा की रफ्तार से चलती हैं, जो एक जेट विमान की गति के बराबर है. तट के पास पहुंचकर ये लहरें धीमी हो जाती हैं (20-30 किमी/घंटा), लेकिन उनकी ऊंचाई बढ़ जाती है.

**ऐतिहासिक तबाहीः** 2004 का हिंद महासागर सुनामी (9.1 तीव्रता) और 2011 का तोहोकु भूकंप (9.0 तीव्रता) प्रशांत रिंग ऑफ फायर की ताकत को दिखाते हैं. 2004 में 14 देशों में 2,27,898 लोग मारे गए थे. 2011 में जापान में 18,000 से ज्यादा मौतें हुईं. ओखोत्सक सागर में भी 1952 का कामचटका भूकंप (9.0 तीव्रता) एक बड़ा उदाहरण है, जिसने भारी तबाही मचाई थी.

ज्वालामुखी और भूस्खलनः प्रशांत महासागर और ओखोत्सक सागर में ज्वालामुखी और भूस्खलन भी सुनामी पैदा कर सकते हैं. 1958 में अलास्का के लितुया बे में भूस्खलन से 524 मीटर ऊंची सुनामी लहर उठी थी.

जलवायु परिवर्तन का प्रभावः ओखोत्सक सागर में जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है, जो वैश्विक औसत से तीन गुना तेज है. इससे बर्फ का निर्माण कम हो रहा है, जो समुद्री जीवन और सुनामी की गतिशीलता को प्रभावित करता है.

भारत पर प्रभावः भारतीय राष्ट्रीय समुद्र सूचना सेवा केंद्र ने पुष्टि की है कि इस भूकंप से भारत या हिंद महासागर क्षेत्र में कोई सुनामी खतरा नहीं है. फिर भी, भारत के तटीय इलाकों में भूकंप और सुनामी के लिए तैयार रहना जरूरी है, जैसा कि 2004 के हिंद महासागर सुनामी ने दिखाया था.

### संसद में लफ्फाजी के बीच आक्रामक शब्दों ...

तो फिर जब भारतीय जांबाज सैनिक युद्धक्षेत्र में आगे बढ़ रहे थे, विजय प्राप्त ही करने वाले थे, तब एकाएक युद्धविराम हुआ ही क्यों? क्या एक डीजीएमओ के कहने पर युद्धविराम करना उचित था? मोदी ने अपने भाषण में एक बार भी यह क्यों नहीं कहा कि ट्रंप एक नंबर के झूठे हैं और युद्ध रुकवाने वाली बात भी सफेद झूठ है. भाजपा के एक कट्टर समर्थक ने अपने वीडियो में कहा भी कि जब हम विजयश्री का वरण करने के लिए आगे बढ़ रहे थे, तभी जैसे इमरजेंसी ब्रेक लगा दिये गए हों और युद्ध को रोक दिया गया. यह मुझे सालों-साल तक खलेगा कि हम पीओके ले सकते थे, पाकिस्तान को उसके ही घर में मात दे सकते थे, लेकिन हमने ऐसा किया नहीं. भाजपा और उसकी एक सहयोगी पार्टी के विधायकों ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि हम लोग पीओके ले ही लेते, अगर फैसला सही होता और ट्रंप का फैक्टर बीच में न आया होता.

### झारखंड की शमा परवीन बेंगलुरु से....

शमा की गिरफ्तारी उन सुरागों के आधार पर हुई, जो हाल ही में गिरफ्तार किए गए चार संदिग्ध आतंकियों, मोहम्मद फरदीन, सैफुल्लाह कुरैशी, जीशान अली और मोहम्मद फैक से पूछताछ में सामने आए थे. फिलहाल शमा परवीन को ट्रांजिट रिमांड पर गुजरात लाया गया है, जहां उससे पूछताछ की जा रही है. जांच एजेंसियों को उम्मीद है कि वह आतंकी नेटवर्क से जुड़ी कई अहम जानकारियां दे सकती है.

**लोकतंत्र खत्म करने की थी साजिश :** एटीएस का दावा है कि यह मॉड्यूल भारत में शरिया कानून लागू करने की साजिश रच रहा था. सोशल मीडिया के जरिए युवाओं को भड़काया जा रहा था. एजेंसियों के मुताबिक, शमा परवीन काफी हद तक कट्टरपंथी बन चुकी थी और उसका सोशल मीडिया अकाउंट लंबे समय से निगरानी में था. सुरक्षा एजेंसियों को उम्मीद है कि उससे आतंकियों के नेटवर्क के बारे में और अहम जानकारियां मिलेंगी.

### इंग्लैंड के खिलाफ पांचवां टेस्ट आज से, भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का बाहर होना तय

# किसकी होगी एंट्री, क्या कुलदीप को मिलेगा मौका



एजेंसियां। लंदन

भारत और इंग्लैंड के बीच सीरीज के पांचवें और आखिरी टेस्ट की शुरुआत 31 जुलाई, गुरुवार से होगी. लंदन के द ओवल मैदान में खेला जाने वाला यह मैच टीम इंडिया के लिए बेहद महत्वपूर्ण है. सीरीज हार से बचने के लिए भारत को हर हाल में यह मैच जीतना होगा. इंग्लैंड ने फिलहाल 2-1 की बढ़त बनाई हुई है. शुभमन गिल की अगुआई में भारत ने इस दौरे पर कमाल का प्रदर्शन किया है. लीड्स और लॉर्ड्स, जिन दो टेस्ट मैचों में भारतीय टीम हारी, वो बेहद करीबी रहे. टीम इंडिया के बल्लेबाजों ने मैनचेस्टर टेस्ट को बचाने के लिए गजब का साहस दिखाया. भारतीय बल्लेबाज इस सीरीज में फॉर्म में रहे हैं. हालांकि, आखिरी टेस्ट में भारत की सबसे बड़ी समस्या गेंदबाजों के चयन को लेकर होगी. पिछले टेस्ट में भारतीय गेंदबाज फेल रहे थे. वहीं, आखिरी टेस्ट में एक नई बॉलिंग लाइन अप के साथ टीम इंडिया उतर सकती है.

**बुमराह को मिल सकता है आराम :** भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच से बाहर रहना तय माना जा रहा है. वहीं, अंशुल कंबोज भी पिछले टेस्ट में प्रभावित करने में नाकाम रहे थे. ऐसे में आकाश दीप की प्लेइंग-11 में वापसी हो सकती है. वह चोट की वजह से पिछला मैच नहीं खेले थे. इसके अलावा अंशुल की जगह अर्शदीप सिंह को टेस्ट डेब्यू करने का मौका मिल सकता है.

दोनों ने मंगलवार को प्रैक्टिस सेशन में जमकर पसीना बहाया था. सिराज तीसरे तेज गेंदबाज हो सकते हैं. हालांकि, सिराज पर भी चार टेस्ट खेलने की वजह से थकान हावी है और अगर उन्हें आराम दिया जाता है, तो प्रसिद्ध कृष्णा खेलते दिखाई पड़ेंगे.

**मैनचेस्टर में लय में नहीं दिखे थे बुमराह :** दुनिया के नंबर एक गेंदबाज 31 वर्षीय बुमराह ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए चौथे टेस्ट मैच में लय में नहीं दिखे थे. उन्हें अपनी गति को लेकर भी संघर्ष करना पड़ा था. वे इस टेस्ट में सिर्फ एक विकेट ले सके थे. ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के मुताबिक, 'बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने बुमराह को बता दिया है कि यह फैसला उनकी पीठ को चोट से बचाने और भविष्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है. रिपोर्ट में कहा गया है कि कमर में दर्द के कारण चौथे टेस्ट से बाहर रहे आकाश दीप को प्लेइंग-11 में बुमराह की जगह शामिल किया जा सकता है.

**टीम संयोजन के बारे में अभी तक फैसला नहीं :** इससे पहले मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा था कि टीम संयोजन के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया गया है और बुमराह सहित सभी गेंदबाज फिट हैं. मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट के बाद गंभीर ने कहा था, 'हमने आखिरी टेस्ट के लिए टीम संयोजन पर कोई बातचीत नहीं की है. जसप्रीत बुमराह खेलेंगे या नहीं, इस पर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है. जो भी खेलेगा, वह देश के लिए अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेगा.

**पंत की जगह जुरेल की हो सकती है एंट्री :** बल्लेबाजी में ऋषभ पंत को छोड़कर किसी तरह के बदलाव की संभावना बेहद कम है. पंत पैर की अंगुली टूटने की वजह से सीरीज से बाहर हो चुके हैं. ऐसे में उनकी जगह ध्रुव जुरेल को मौका मिल सकता है. पंत की गैरमौजूदगी में इस सीरीज में उन्होंने कई मौकों पर विकेटकीपिंग की है और अपने किरदार को बखूबी निभाया है. इसके अलावा रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर का भी खेलना तय है. दोनों ने मैनचेस्टर में टेस्ट बचाने के लिए विपरीत परिस्थितियों में भी शानदार बल्लेबाजी की थी.

भारत की संभावित प्लेइंग-11: शुभमन गिल (कप्तान), केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर/कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह/आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज/प्रसिद्ध कृष्णा.

### बुमराह की रफ्तार में दिखी थी कमी

चौथे टेस्ट में भारत के 358 रन के जवाब में इंग्लैंड ने 669 रन का विशाल स्कोर बनाकर 311 रन की बढ़त हासिल की थी. भारत यह मैच ड्रॉ करने में सफल रहा था। बुमराह ने चौथे टेस्ट की पहली पारी में 33 ओवर फेंके. उन्होंने पहली बार किसी एक पारी में इतने ओवर किए. बुमराह ने 103 रन देकर दो विकेट लिए. यह उनके करियर में पहला अवसर था जब उन्होंने एक टेस्ट पारी में 100 से अधिक रन दिए. इस सीरीज के दौरान उनकी रफ्तार में कमी भी देखी गई. इसके बावजूद उन्होंने सीरीज के जो तीन टेस्ट मैच खेले उनमें 14 विकेट लिए जो टीम के एक अन्य प्रमुख तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के बराबर हैं.

### कोच की आलराउंडर रखने की वकालत

भारत के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने मंगलवार को अपने बयान में ऑलराउंडर को रखे जाने का वकालत की थी. उन्होंने एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज की जगह ऑलराउंडर को तरजीह दिए जाने की बात की थी. ऐसे में शार्दुल ठाकुर का खेलना तय माना जा रहा है. शार्दुल ने मैनचेस्टर टेस्ट की पहली पारी में बहुमूल्य 41 रन भी बनाए थे, लेकिन उनकी गेंदबाजी पर सवाल उठ रहे हैं. कई दिग्गजों ने चार टेस्ट के दौरान कुलदीप यादव को खिलाने की मांग की थी. टीम मैनेजमेंट शार्दुल की जगह कुलदीप को खिलाने पर भी विचार कर सकता है. कुलदीप अटैकिंग स्पिनर हैं और भारत की पिछले टेस्ट में गेंदबाजी को देखते हुए उन्हें मौका मिल सकता है.

### कप्तान बेन स्टोक्स हुए आउट, आर्चर को आराम

इस बीच, भारत के खिलाफ लंदन के ओवल में खेले जाने वाले पांचवें और निर्णायक टेस्ट मैच से पहले इंग्लैंड को बड़ा झटका लगा है. टीम के कप्तान बेन स्टोक्स कंधे की चोट के कारण इस मुकाबले से बाहर हो गए हैं. अब ओली पोप इंग्लैंड की कप्तानी करेंगे. इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को इसकी पुष्टि की. पांच मैचों की सीरीज़ में फिलहाल इंग्लैंड 2-1 से आगे है और यह निर्णायक मुकाबला होगा. स्टोक्स इस सीरीज़ में कुल 140 ओवर डाल चुके हैं और 17 विकेट के साथ अभी तक सीरीज़ के सबसे सफल गेंदबाज़ रहे हैं. स्टोक्स ने प्री मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैं सीरीज़ का अंत नहीं कर पाने से बेहद निराश हूं. स्कैन रिपोर्ट में साफ हो गया कि मैं गेंदबाज़ी नहीं कर सकता. मेडिकल टीम और कोच ब्रेंडन मैकुलम से बात करने के बाद यह फैसला लेना पड़ा. ऑलराउंडर जैकब बेथेल इस साल का अपना पहला टेस्ट खेलेंगे और वह स्टोक्स की जगह लेंगे. वहीं, स्पिनर लियाम डॉसन को टीम से बाहर कर दिया गया है, जिससे इंग्लैंड किसी भी स्पेशलिस्ट स्पिनर के बिना मैदान में उतरेगा.

**पांचवें टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम:** ज़ैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप (कप्तान), जो रूट, हैरी ब्रुक, जैकब बेथेल, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, गस एटकिंसन, जेमी ओवरटन, जोश टंग.

---

### सीएएफए नेशंस कप 2025

## भारत लेगा मलेशिया की जगह, ईरान ताजिकिस्तान जैसी टीमों से होगी भिड़ंत

एजेंसियां। नयी दिल्ली

भारतीय फुटबॉल टीम अब सेंट्रल एशियन फुटबॉल एसोसिएशन (सीएएफए) नेशंस कप 2025 में भाग लेगी, जहां वह मलेशिया की जगह लेगी, जिसने लॉजिस्टिक कारणों से टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया है.

सीएएफए ने एक आधिकारिक बयान में कहा, मलेशिया की भागीदारी पहले ही तय हो गई थी और उन्हें टूर्नामेंट की तारीखों (29 अगस्त से 8 सितंबर) की पूरी जानकारी थी, जो कभी बदली नहीं गयी, लेकिन इस देर से हुए नाम वापसी ने आयोजन की तैयारियों को प्रभावित किया है, क्योंकि योजनाएं पहले ही उन्नत चरण में थीं.अब भारत 'हरिमाउ मलाया' (मलेशिया की टीम) की जगह लेगा. यह टूर्नामेंट भारतीय टीम के लिए एक नए युग की शुरुआत भी होगा, क्योंकि हाल ही में मैनोलो मार्केज़ के साथ पारस्परिक सहमति से करार खत्म हो गया था. भारत को जिन टीमों के साथ ग्रुप में रखा गया है, वे ईरान (डिफेंडिंग चैंपियन), ताजिकिस्तान (2023 एशियन कप क्वार्टरफाइनलिस्ट) और अफगानिस्तान हैं.

इस टूर्नामेंट में भारत के पास ईरान और ताजिकिस्तान जैसी ऊंची रैंकिंग वाली टीमों को हराकर मूल्यवान रैंकिंग अंक अर्जित करने का सुनहरा अवसर होगा. टूर्नामेंट फॉर्मेट के अनुसार, हर ग्रुप की शीर्ष दो टीमें प्लेऑफ स्टेज में पहुंचेंगी. 8 सितंबर को दो मुकाबले खेले जाएंगे, तीसरे स्थान के लिए मुकाबला (ग्रुप रनर-अप के बीच)दुशांबे में और फाइनल मुकाबला (ग्रुप विजेताओं के बीच) ताशकंद में होगा.

भारतीय फुटबॉल टीम पिछले 16 महीनों में किसी भी प्रतिस्पर्धात्मक मैच में जीत दर्ज करने में असफल रही है. 2024 एशियन कप में ग्रुप स्टेज से ही बाहर होने के बाद पहले इगोर स्टिमैक और फिर मैनोलो मार्केज़ को कोच पद से हटाया गया. वर्तमान में भारत की फीफा रैंकिंग 133 है, जो पिछले एक दशक में सबसे निचला स्तर है. अब टीम एक नई शुरुआत की ओर देख रही है, और 1 अगस्त को नया मुख्य कोच नियुक्त किया जाना तय है. संभावित उम्मीदवारों में खालिद जमील, स्टीफन कॉन्स्टेंटाइन, और स्टेफ़न टार्कोविक के नाम शामिल हैं.



**भारत का संभावित कार्यक्रम**
- भारत बनाम ताजिकिस्तान – 29 अगस्त
- भारत बनाम ईरान – 1 सितंबर
- भारत बनाम अफगानिस्तान – 4 सितंबर

### भारत चैंपियंस का कमाल, 14 ओवर के अंदर 145 रन चेज कर अंतिम-चार में बनाई जगह

# किया इनकार, पाक से नहीं खेलेंगे

एजेंसियां। लंदन

विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 का रोमांच फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है. मंगलवार को युवराज सिंह की अगुआई वाली भारत चैंपियंस टीम ने वेस्टइंडीज चैंपियंस को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली. वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट पर 144 रन बनाए. भारतीय टीम को अंतिम-चार में स्थान पक्का करने के लिए यह लक्ष्य 14.1 ओवर में चेज करना था, लेकिन टीम इंडिया ने 13.2 ओवर में पांच विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया. भारत की जीत के हीरो स्टुअर्ट बिन्नी और यूसुफ पठान रहे.

**आज ही खेले जाएंगे दोनों सेमीफाइनल :** अब सेमीफाइनल में भारत का सामना 31 जुलाई को पाकिस्तान चैंपियंस से होना था, लेकिन भारत ने पाकिस्तान के साथ खेलने से साफ मना कर दिया है. भारत ने लीग राउंड में भी पाकिस्तान से मुकाबले का बहिष्कार किया था और खेलने से इनकार कर दिया था. अब फिर भारत ने साफ कर दिया है कि वह पाकिस्तान के साथ मैच नहीं खेलेगा. वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में एबी डिविलियर्स की अगुआई वाली दक्षिण अफ्रीका चैंपियंस टीम ब्रेट ली की अगुआई वाली ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस टीम से 31 जुलाई को ही भिड़ेगी. अंक तालिका में पाकिस्तान शीर्ष पर रहा, जबकि दक्षिण अफ्रीका दूसरे, ऑस्ट्रेलिया तीसरे और भारत चौथे स्थान पर रहा.



#### वेस्टइंडीज चैंपियंस की पारी

भारत चैंपियंस की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया. वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही. टीम ने 43 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे. लेंडल सिमंस दो रन, कप्तान क्रिस गेल नौ रन और ड्वेन ब्रावो नौ रन बनाकर आउट हुए. वहीं, चैडविक वॉल्टन, डेव मोहम्मद और विलियम पर्किंस खाता नहीं खोल सके. ड्वेन स्मिथ ने 21 गेंद में एक चौका और एक छक्के की मदद से 20 रन बनाए. एश्ले नर्स आठ रन बनाकर आउट हुए. कीरोन पोलार्ड ने 43 गेंद में तीन चौके और आठ छक्कों की मदद से नाबाद 74 रन की तूफानी पारी खेली. उनकी बल्लेबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज की टीम 144 के स्कोर तक पहुंच पाई. निकिता मिलर तीन रन बनाकर आउट हुए, जबकि शेल्डन कॉटरेल नाबाद रहे. भारत की ओर से पीयूष चावला ने तीन विकेट लिए, जबकि वरुण एरॉन और बिन्नी को दो-दो विकेट मिले. पवन नेगी ने एक विकेट लिया.

#### भारत चैंपियंस की पारी

भारत को सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करने के लिए इस लक्ष्य को 14.1 ओवर में हासिल करना था. टीम इंडिया की शुरुआत खराब रही. 52 रन तक भारत ने चार विकेट गंवा दिए थे. रॉबिन उथप्पा आठ रन, गुरकीरत सिंह मान सात रन और सुरेश रैना सात रन बनाकर आउट हुए. शिखर धवन ने 18 गेंद में दो चौके और दो छक्कों की मदद से 25 रन बनाए. इसके बाद स्टुअर्ट बिन्नी ने कप्तान युवराज सिंह के साथ पांचवें विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी निभाई. युवराज 11 गेंद में दो चौके और एक छक्के की मदद से 21 रन बनाकर आउट हुए. इसके बाद बिन्नी ने यूसुफ के साथ मिलकर टीम इंडिया को जीत दिलाई. यूसुफ ने सात गेंद में एक चौका और दो छक्कों की मदद से नाबाद 21 रन और बिन्नी ने 21 गेंद में तीन चौके और चार छक्कों की मदद से नाबाद 50 रन बनाए. टीम इंडिया ने 13.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया. वेस्टइंडीज की ओर से ड्वेन स्मिथ और ड्वेन ब्रावो ने दो-दो विकेट लिए, जबकि कॉटरेल को एक विकेट मिला. स्टुअर्ट बिन्नी प्लेयर ऑफ द मैच रहे.

### कनाडियन ओपन 2025

## एक माह बाद कोर्ट पर लौटे अलेक्जेंडर ज्वेरेव की विजयी वापसी

एजेंसियां। टोरंटो



कनाडियन ओपन 2025 (एटीपी टोरंटो मास्टर्स) में टॉप सीड जर्मन खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने एक महीने बाद कोर्ट पर वापसी करते हुए शानदार प्रदर्शन किया. उन्होंने मंगलवार को खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के एडम वॉल्टन को 7-6 (8/6), 6-3 से हराकर तीसरे दौर में जगह बना ली. विंबलडन के पहले दौर में हारने के बाद ज्वेरेव ने मानसिक थकावट के कारण खेल से ब्रेक लिया था. इस दौरान उन्होंने राफेल नडाल की मल्लोर्का अकादमी का दौरा भी किया, जहां उन्होंने सलाह और करियर से जुड़े विचार-विमर्श किए. पहले सेट के टाईब्रेकर में वह 4-1 से पीछे थे, लेकिन शानदार वापसी करते हुए सेट अपने नाम किया. मैच के दौरान उन्होंने एक 52 शॉट्स की लंबी रैली भी खेली. जीत के बाद अब उनके करियर में कुल 499 मैच जीत हो चुकी हैं. ज्वेरेव ने मैच के बाद कहा, "कभी-कभी केवल जीत ही मायने रखती है. यह सबसे सुंदर मैच नहीं था, लेकिन जीत जरूरी थी." अब उनका सामना इटली के माटेओ अर्नाल्डी से होगा, जिन्होंने त्रिस्टन स्कूलकेट को 6-3, 3-6, 6-3 से हराया. अन्य मुकाबलों में तीसरे वरीय लोरेन्जो मुसेत्ती और पांचवें वरीय होल्गर रून ने भी सीधे सेटों में जीत दर्ज की. मुसेत्ती ने ऑस्ट्रेलियाई क्वालिफायर जेम्स डकवर्थ को 7-5, 6-1 से हराया.

रून ने फ्रांस के जियोवानी म्पेत्शी पेरिकरड को 7-6 (9/7), 6-3 से मात दी. आठवें वरीय कैस्पर रूड ने रोमन सफियुल्लिन को 6-3, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया. पूर्व चैंपियन और 10वें वरीय दानील मेदवेदेव ने डलिबोर स्विसना को 7-6 (7/3), 6-4 से हराया. स्विसना ने इस मैच में 40 से अधिक अनफोर्स्ड एरर्स किए. 11वें वरीय कारेन खाचानोव ने अर्जेंटीना के जुआन पाब्लो फिकोविच को 6-4, 6-2 से हराया. कनाडाई खिलाड़ी डेनिस शापोवालोव की घरेलू टूर्नामेंट में खराब फॉर्म जारी रही. उन्हें अमेरिका के लर्नर टिएन के खिलाफ 7-6 (7/4), 7-5 से हार का सामना करना पड़ा. शापोवालोव की यह घरेलू धरती पर लगातार हार का सिलसिला 2019 से जारी है.

---

## हरदीप ने रचा इतिहास, अंडर-17 ग्रीको-रोमन कुश्ती के 110 किग्रा वर्ग में बने विश्व चैंपियन

**नयी दिल्ली :** एथेंस (ग्रीस) में आयोजित अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत के हरदीप ने 110 किलोग्राम ग्रीको-रोमन वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया. फाइनल मुकाबले में हरदीप ने ईरान के यज़दान रज़ा डेलरूज़ को कड़े मुकाबले में क्लाइटेरिया के आधार पर हराया, क्योंकि मैच 3-3 की बराबरी पर खत्म हुआ था. हरदीप ने क्वालिफिकेशन राउंड में कजाखस्तान के बाकतुर सोवेतखान को 2-0 से हराया. राउंड ऑफ 16 में उन्होंने पोलैंड के माटेउस यारोस्लाव टोमेल्का को 4-2 से मात दी. इसके बाद क्वार्टरफाइनल में यूक्रेन के अनातोली नोवाचेंको को 9-0 से पराजित किया. सेमीफाइनल में हरदीप ने तुर्किए के एमरुल्लाह कापकान को 4-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया और अंततः ऐतिहासिक स्वर्ण पदक अपने नाम किया.



### एवर्टन ने मोरक्कन डिफेंडर आदम अजनोउ से किया करार

**लंदन** । इंग्लिश फुटबॉल क्लब एवर्टन ने 19 वर्षीय मोरक्कन अंतरराष्ट्रीय डिफेंडर आदम अजनोउ को बायर्न म्यूनिख से साइन कर लिया है. बाएं फ्लैंक पर खेलने वाले अजनोउ ने क्लब के साथ चार साल का करार किया है. हालांकि ट्रांसफर फीस का आधिकारिक खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह राशि लगभग 8 मिलियन पाउंड (लगभग 10.7 मिलियन अमेरिकी डॉलर) मानी जा रही है. एवर्टन के कोच डेविड मोयेस ने रविवार को अमेरिका में खेले गए प्री-सीजन फ्रेंडली मुकाबले में बर्नमाउथ से हारने के बाद अजनोउ में रुचि होने की पुष्टि की थी. पिछले सीजन में अजनोउ ने बायर्न म्यूनिख की सीनियर टीम के लिए चार मुकाबले खेले थे, इसके बाद वह सीजन के दूसरे भाग में ला लीगा क्लब वायाडोलिड को लोन पर भेजे गए थे, जहां उन्होंने 13 मैचों में हिस्सा लिया.

एवर्टन की आधिकारिक वेबसाइट पर अजनोउ ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, मैं यहां आकर बेहद खुश हूं और इस टीम का हिस्सा बनकर गर्व महसूस कर रहा हूं. जो प्रोजेक्ट मुझे दिया गया, वह शानदार है.

## ई-स्पोर्टस वर्ल्ड कप 2025: अर्जुन एरिगैसी शतरंज इवेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

एजेंसियां। नयी दिल्ली

रियाद (सऊदी अरब) में चल रहे ई-स्पोर्टस वर्ल्ड कप 2025के शतरंज इवेंट में भारत के ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने मंगलवार को क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली. एरिगैसी (ग्रुप बी) के साथ अन्य ग्रुप विजेता लेवोन अरोनियन (ग्रुप ए), अलीरेज़ा फिरोज़ा (ग्रुप सी) और मैग्नस कार्लसन (ग्रुप डी) भी अंतिम आठ में पहुंचे हैं. कुल 16 खिलाड़ियों की इस प्रतियोगिता में कुल इनामी राशि 15 लाख अमेरिकी डॉलर है. क्वार्टरफाइनल के शेष चार स्थान 'लूजर्स ब्रैकेट' के विजेताओं को मिलेंगे. ग्रुप ए में इयान नेपोमनियाची, व्लादिस्लाव अर्तेमिएव और आंद्रे एसिपेंको शामिल हैं. ग्रुप बी में अनीश गिरी, निहाल सरीन और मैक्सीम वाचिए-लाग्राव हैं. ग्रुप सी में जावोखिर सिंदारोव, वेई यी और हिकारू नाकामुरा जबकि ग्रुप डी में नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव, फाबियानो करूआना और जान-क्रिज़टोफ डूडा शामिल हैं.



---

**क्रिकेट मुकाबला** | दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिचेल ओवेन को पहली बार वनडे टीम में जगह, लाबुशेन बरकरार

# पैट कमिंस व स्टार्क आराम पर, मिचेल मार्श होंगे कप्तान

एजेंसियां। मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले जाने वाले वनडे और टी20 श्रृंखला के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है. युवा ऑलराउंडर मिचेल ओवेन को पहली बार वनडे टीम में मौका मिला है, वहीं तेज गेंदबाज लांस मॉरिस की 50 ओवर प्रारूप में वापसी हुई है. टी20 में वेस्टइंडीज के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद मिचेल ओवेन को वनडे टीम में शामिल किया गया है. उन्होंने उस सीरीज़ में 192.30 के स्ट्राइक रेट से 125 रन बनाए थे, जिसमें जमैका में पदार्पण मैच में अर्धशतक भी शामिल है. इसके अलावा उन्होंने पिछले वनडे कप सीज़न में तस्मानिया की ओर से साउथ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 69 गेंदों में 149 रन की धमाकेदार पारी खेली थी. वेस्टइंडीज दौरे पर टेस्ट टीम से बाहर किए गए मार्नस लाबुशेन को वनडे टीम में बरकरार रखा गया है. स्टीव स्मिथ और ग्लेन मैक्सवेल के वनडे से संन्यास लेने के बाद यह टीम पहले बड़े बदलावों के दौर से गुजर रही है. स्पेंसर जॉनसन चोट के कारण बाहर हैं, जबकि जेक फ्रेजर-मैकगर्क, कूपर कोनॉली, एरॉन हार्डी, टैनीवर संगा, और सीन एबॉट को टीम से बाहर कर दिया गया है.



**हेड और हेज़लवुड की वापसी, कमिंस-स्टार्क को आराम :** ट्रैविस हेड और जोश हेज़लवुड की टी20 और वनडे दोनों में वापसी हुई है. वहीं पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क को घरेलू समर सीज़न से पहले आराम दिया गया है. मिचेल मार्श दोनों प्रारूपों में कप्तानी की ज़िम्मेदारी संभालेंगे. ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा,वेस्टइंडीज सीरीज़ में लचीलापन और गहराई का जो परिचय मिला, वह नतीजों से परे एक सकारात्मक संकेत था. बल्लेबाजी क्रम की लचीलापन और गेंदबाजों की विविधता विशेष रूप से प्रभावशाली रही. उन्होंने आगे कहा, लांस मॉरिस को सावधानी से प्रबंधित किया गया है, लेकिन हमें भरोसा है कि वे तीनों प्रारूपों में प्रभावी हो सकते हैं.

**कार्यक्रम**

टी20 मैचः 10 और 12 अगस्त को डार्विन में, 16 अगस्त को केर्न्स में

वनडे सीरीजः 19 अगस्त (केर्न्स), 22 और 24 अगस्त (मैकाय)

### ऑस्ट्रेलिया टी20 टीम बनाम दक्षिण अफ्रीका

मिचेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, टिम डेविड, बेन द्वार्शुइस, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेज़लवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मैट कुनेमैन, ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल ओवेन, मैथ्यू शॉर्ट, एडम जांपा.

**ऑस्ट्रेलिया वनडे टीम बनाम दक्षिण अफ्रीका :** मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, एलेक्स कैरी, बेन द्वार्शुइस, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेज़लवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मार्नस लाबुशेन, लांस मॉरिस, मिचेल ओवेन, मैथ्यू शॉर्ट, एडम एडम जांपा.

### खो-खो को एआईईएससीबी के खेल कैलेंडर में मिली मान्यता

# उपलब्धि: पारंपरिक भारतीय खेल के लिए नया स्वर्ण युग शुरू हुआ

एजेंसियां। नयी दिल्ली

भारतीय पारंपरिक खेल खो-खो ने खेल जगत में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण बोर्ड (एआईईएससीबी) के वार्षिक खेल कैलेंडर में अपनी आधिकारिक जगह बना ली है. यह निर्णय एआईईएससीबी की मुंबई में आयोजित वार्षिक आम सभा बैठक में लिया गया, जहां खो-खो को क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, कबड्डी, बैडमिंटन और टेनिस जैसे अन्य 16 प्रमुख खेलों के समकक्ष स्थान दिया गया. एआईईएससीबी भारत में ऊर्जा और विद्युत क्षेत्रों से जुड़े विभागों की प्रमुख खेल संस्था है, जो वर्षों से विभिन्न खेलों को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभा रही है. अब एआईईएससीबी की मान्यता मिलने के बाद, खो-खो खिलाड़ियों को न केवल प्रतिस्पर्धात्मक मंच मिलेगा, बल्कि उन्हें खेल कोटे के माध्यम से करियर के स्थायी अवसर भी मिल सकेंगे. इससे पहले सेनाएं (सर्विसेज) और भारतीय रेल (रेलवे) जैसे संस्थागत निकाय भी खो-खो को अपने आधिकारिक खेल कैलेंडरों में शामिल कर चुके हैं. खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने इस अवसर को ₹केवल प्रतीकात्मक मान्यता नहीं, बल्कि खेल की बढ़ती राष्ट्रीय प्रासंगिकता की पुष्टि₹ बताया. उन्होंने कहा, "हम देख रहे हैं कि कैसे एक परंपरागत भारतीय खेल अब शीर्ष संस्थागत मंचों तक पहुंच रहा है. यह बदलाव ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत के युवाओं को खो-खो को एक व्यावसायिक करियर विकल्प के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करेगा." उन्होंने कहा कि यह विकास खो-खो के उस पेशेवर कायांतरण को रेखांकित करता है, जिसमें अब यह खेल रोजगार, सम्मान और भविष्य का माध्यम बनता जा रहा है. सरकारी विभागों में खो-खो टीमों के गठन और खिलाड़ियों को नियुक्ति में प्राथमिकता मिलने से इस दिशा में ठोस आधार बनता जा रहा है.

## ब्रीफ न्यूज

### प्रेम विवाहिता की संदिग्ध मौत, पति हिरासत में

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के गावां थाना अंतर्गत 19 वर्षीय विवाहिता प्रेरणा साहू उर्फ साजिया परवीन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. शव दो दिनों तक घर में पड़ा रहा, जिसकी सूचना पुलिस को मिली. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कोडरमा सदर अस्पताल भेज दिया. मृतका का शव पहले गावां थाना क्षेत्र के किराए के घर में दफनाने का प्रयास किया गया, लेकिन स्थानीय कब्रिस्तान कमेटी ने अनुमति नहीं दी. इसके बाद शव लेकर वह जयनगर आया, जहां भी दफन की अनुमति नहीं मिली. पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर युवक के घर से शव बरामद कर उसे हिरासत में लिया है.

### ग्रामीणों को सीपीआर का प्रशिक्षण दिया गया

**रामगढ़।** चितरपुर दक्षिण एवं पश्चिम पंचायत सचिवालय में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में ग्रामीणों को कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) का प्रशिक्षण दिया गया. उपायुक्त के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से CPR की तकनीक जैसे छाती पर सही दबाव, माउथ-टू-माउथ श्वसन, और त्वरित प्राथमिक उपचार की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई. एएनएम अमिता कुजूर, गंगोत्री होरो, और अन्य विशेषज्ञों ने व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया. ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं और युवाओं ने सक्रिय भागीदारी दिखाई.

### दिनदहाड़े अपार्टमेंट से 15 लाख रु कैश चोरी

**हजारीबाग।** कोर्रा थाना क्षेत्र में मंगलवार को दिनदहाड़े एक अपार्टमेंट के पांचवें तल्ले से करीब 15 लाख रुपये कैश चोरी हो गया. यह घटना धोबिया तालाब स्थित नीलांबर इनक्लेव में हुई. निजी कंपनी के निदेशक दीपक और उनके सहयोगी दोपहर करीब 1 बजे कार्यालय के लिए निकले थे. दोपहर 3.18 बजे दो युवक लिफ्ट से अपार्टमेंट में प्रवेश करते हैं, पहले तीसरे तल्ले में उतरकर फिर सीढ़ियों से पांचवें तल्ले तक पहुंचते हैं. दो मिनट के भीतर फ्लैट का ताला तोड़कर अंदर घुसते हैं और तीन मिनट में अलमारी से कैश निकाल फरार हो जाते हैं. चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. पुलिस ने फोरेंसिक टीम से फिंगरप्रिंट भी उठवाए हैं और आरोपित युवकों की उम्र 22-25 वर्ष बताई जा रही है. पुलिस कई थानों से संपर्क कर उन्हें पकड़ने की कोशिश कर रही है.

---

डीएमएफटी के तहत चल रहे विकास कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा, कहा

# पर्यटन स्थलों पर हो रहे विकास कार्यों को पूरा करें

**शुभम संदेश।रामगढ़**



उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में पर्यटन विकास एवं डीएमएफटी के माध्यम से जिले में हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. इस दौरान उपायुक्त ने डीएमएफटी के तहत संचालित विभिन्न कार्यकारी एजेंसियों द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली और सभी एजेंसियों को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए. बैठक में उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए स्वीकृत योजनाओं को समय पर पूरा करने पर विशेष जोर दिया. साथ ही उपस्थित सभी सहायक अभियंताओं को योजनाओं का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए गए. पर्यटन विकास के क्षेत्र में चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने जिले के पर्यटन स्थलों पर हो रहे विकास कार्यों को शीघ्र पूरा करने का भी निर्देश दिया. उन्होंने जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ट्रेकिंग साइट, इको टूरिज्म साइट जैसे नए पर्यटन स्थलों के चिन्हांकन एवं विकास को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. इसके अतिरिक्त, बैठक में रामगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिला और प्रखंड स्तर पर खेल स्टेडियम एवं सांस्कृतिक दृष्टिकोण से अखरा निर्माण को लेकर भी चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए. बैठक में उप विकास आयुक्त आशिष अग्रवाल, सिविल सर्जन डॉ. महालक्ष्मी प्रसाद, गोपनीय प्रभारी रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला स्तरीय पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

---

स्वतंत्रता दिवस 2025 की तैयारियों को लेकर डीसी ने की बैठक, कहा

# कार्यक्रम स्थल पर अग्निशमन दस्ता और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित हो

**शुभम संदेश।चतरा**



स्वतंत्रता दिवस 2025 के भव्य एवं सफल आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त कीर्तिश्री जी की अध्यक्षता में चतरा समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक में जिले के सभी विभागों के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यालय प्रमुख उपस्थित थे. बैठक में उपायुक्त ने बताया कि इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह जिले के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा. मुख्य कार्यक्रम प्रातः 9:05 बजे ध्वजारोहण से शुरू होगा. इसके बाद झंडोतोलन, राष्ट्रगान, सलामी परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. उपायुक्त ने अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, रंग-रोगन, लाउडस्पीकर व्यवस्था, पेयजल की उपलब्धता, बैठक की सुव्यवस्था, अग्निशमन दस्ता की तैनाती तथा समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट निर्देश दिए. उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान की भी विशेष व्यवस्था करने को कहा.

इसके अतिरिक्त, फांसी तालाब एवं रेड क्रॉस परिसर में भी ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया जाएगा. इस संबंध में उन्होंने फांसी तालाब शहीद स्मारक पर प्रातः 8:15 बजे, पोस्ट ऑफिस चौक बाबा भीमराव अम्बेडकर मूर्ति पर प्रातः 8:25 बजे, तथा रेड क्रॉस भवन चतरा में प्रातः 8:30 बजे झंडोतोलन की तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए. स्वतंत्रता दिवस के दिन सुबह 8:00 बजे समाहरणालय परिसर में भी ध्वजारोहण किया जाएगा, जिससे पूरे जिले में उत्साह एवं गौरव का माहौल बन सके. परेड की तैयारी को लेकर उपायुक्त ने बताया कि इसकी पूर्वाभ्यास 5 अगस्त 2025 से रोजाना सुबह 9:00 बजे से शुरू होगी, और अंतिम पूर्ण ड्रेस रिहर्सल 12 अगस्त को सुबह 9:00 बजे आयोजित की जाएगी. इससे परेड में किसी भी तरह की कमी नहीं रह जाएगी और कार्यक्रम प्रभावशाली होगा. बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में दोपहर 1:00 बजे से 3:00 बजे तक जिला प्रशासन एवं पत्रकार एकादश के मध्य एक फैंसी फुटबॉल मैच का आयोजन किया जाएगा. इस प्रकार खेल के माध्यम से भी उत्सव को और अधिक आनंदमय बनाया जाएगा.

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 15 अगस्त की संध्या को शाम 6:00 बजे जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल में एक सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएगी. इस कार्यक्रम में देशभक्ति आधारित गीत, नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी, जो स्वतंत्रता दिवस की गरिमा और संदेश को जन-जन तक पहुंचाएंगी. सांस्कृतिक संध्या के सफल आयोजन के लिए एक समर्पित समिति का गठन भी किया गया है, जिसमें विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल हैं. समिति को आयोजन स्थल की सजावट, प्रकाश व्यवस्था, अतिथियों के स्वागत, दर्शकों की व्यवस्था एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है.

बैठक में पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, डीआरडीए निदेशक अलका कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे. उपायुक्त ने सभी विभागों को स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी में पूर्ण समर्पण एवं तत्परता दिखाने को कहा ताकि 15 अगस्त का दिन जिले के लिए यादगार बन सके.

उन्होंने कहा कि समय से सभी तैयारियों को पूरा कर परंपरागत एवं आधुनिकता के साथ देशभक्ति का संदेश पूरे जोश के साथ प्रसारित किया जाए. इस प्रकार उपायुक्त की यह बैठक स्वतंत्रता दिवस 2025 को भव्य और सफल बनाने के लिए निर्णायक साबित होगी. सभी संबंधित अधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करेंगे और जिला प्रशासन के समन्वित प्रयास से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न होगा.


### डीसी ने सीएसआर मद से संचालित योजनाओं की समीक्षा की

**रामगढ़।** सांसद मद, विधायक मद एवं कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) मद से संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा हेतु बुधवार को उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न वित्तीय वर्षों में सांसद, विधायक और सीएसआर मद के तहत शुरू की गई योजनाओं की वर्तमान स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया. उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया और यह सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी परिस्थिति में योजनाओं का दोहरीकरण न हो. सीएसआर मद से संचालित योजनाओं की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने जिला प्रशासन को निर्देशित किया कि वे पिछले पांच वर्षों में सीएसआर एजेंसियों द्वारा किए गए कार्यों का विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं. बैठक में सांसद एवं विधायक मद से संचालित योजनाओं की प्रगति को प्रखंडवार आधार पर प्रखंड विकास पदाधिकारियों से लिया गया. उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके. बैठक में उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, सिविल सर्जन डॉ. महालक्ष्मी प्रसाद, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

---

## एक नजर

### संसद में गूंजा सहारा इंडिया निवेशकों का दर्द



**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने संसद के शीतकालीन सत्र में सहारा इंडिया के करोड़ों निवेशकों और अभिकर्ताओं की लंबित भुगतान समस्या को प्रमुखता से उठाया. उन्होंने केंद्र सरकार की सहारा इंडिया के फंसे हुए पैसे जब्त करने की पहल का स्वागत किया और सरकार से अपील की कि भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाई जाए ताकि निवेशकों को जल्द राहत मिल सके. सांसद ने बताया कि सहारा इंडिया में निवेश करने वाले करोड़ों लोग गरीब, मजदूर, किसान और सामान्य परिवार हैं, जिन्होंने अपनी छोटी-छोटी बचत बच्चों की शिक्षा, शादी या घर बनाने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए जमा की थी. ये निवेशक और अभिकर्ता वर्षों से अपनी राशि की वापसी का इंतजार कर रहे हैं और लगातार आर्थिक एवं मानसिक दबाव में हैं.

### दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला- 2025 का सफल आयोजन

**कोडरमा।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग और जिला नियोजनालय के संयुक्त प्रयास से दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला – 2025 का आयोजन समाहरणालय परिसर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. रोजगार मेले का उद्घाटन उपायुक्त श्री ऋतुराज, जिला परिषद अध्यक्ष श्री रामधन यादव एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती निर्मला देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. उपायुक्त ऋतुराज ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार युवाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है. उन्होंने बताया कि यह रोजगार मेला हर तीन माह में आयोजित किया जाता है, जिसमें युवाओं को प्रतिष्ठित कंपनियों से सीधे जुड़ने और रोजगार पाने का अवसर मिलता है. उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक आवेदन करने और ऑनलाइन कक्षाओं के जरिए अपने कौशल को बढ़ाने की भी अपील की.

### कार्मेल स्कूल की तानाशाही पर भड़के विधायक



**हजारीबाग।** माउंट कार्मेल स्कूल की मनमानी और अमानवीय रवैये ने एक बार फिर विवादों को जन्म दिया है. बुधवार को स्कूल में पढ़ने वाले एक छात्र की अचानक तबीयत बिगड़ गई. परिजन जब बच्चे को लेने बड़े पापा के रूप में पहुंचे, तो स्कूल प्रशासन ने गार्जियन के पास पेरेंट्स कार्ड न होने के कारण उसे बच्चा सौंपने से इनकार कर दिया. गार्जियन ने बताया कि कार्ड भूलवश घर में रह गया है, जबकि बच्चे के पिता ने स्वयं स्कूल को फोन कर बड़े पापा की पहचान की पुष्टि की. बावजूद इसके, स्कूल प्रशासन ने जिद नहीं छोड़ी और बीमार बच्चे को गार्जियन को सौंपने से इंकार करता रहा. स्थिति बिगड़ने पर गार्जियन ने हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद को जानकारी दी. विधायक ने तुरंत स्कूल पहुंचकर प्रशासन को कड़ी फटकार लगाई.

### जल्द मिलेगी दो बड़ी सड़क परियोजनाओं की सौगात



**हजारीबाग।** सांसद मनीष जायसवाल के प्रयास से हजारीबाग को दो महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का तोहफा मिलने जा रहा है. सांसद ने संसद भवन में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर हजारीबाग में 20 किमी लंबी रिंग रोड निर्माण और सुल्ताना-सिमरिया-चतरा मार्ग के चौड़ीकरण की मांग रखी. इस दौरान सांसद ने मंत्री को इन परियोजनाओं का ज्ञापन भी सौंपा. केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सांसद की मांगों को सकारात्मक तौर पर स्वीकार करते हुए संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्यवाही के निर्देश दिए हैं. हजारीबाग रिंग रोड का निर्माण चतरा रोड से लेकर नगवां फ्लाईओवर और सिलवार एनएच-522 तक होगा, जिसकी अनुमानित लागत 450 करोड़ है. इस रिंग रोड के बनने से शहर के अंदर यातायात जाम, प्रदूषण और दुर्घटनाओं में कमी आएगी.

### अंतिम सोमवारी पर रजरप्पा में भक्ति जागरण



**रामगढ़।** सावन की अंतिम सोमवारी के अवसर पर मां छिन्नमस्तिका सेवा समिति, रजरप्पा द्वारा भव्य भक्ति जागरण और सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा. मंदिर परिसर में लगे इस शिविर में कांवरियों और श्रद्धालुओं को फल, चना, गुड़ और शरबत वितरित किया जाएगा ताकि यात्रा के दौरान उन्हें ऊर्जा मिल सके. समिति अध्यक्ष राजीव जायसवाल ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया. उन्होंने बताया कि हर साल की तरह इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की सेवा हेतु विशेष प्रयास किए जा रहे हैं. सावन की अंतिम सोमवारी पर रजरप्पा धाम पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ होती है, इसलिए समिति सुनिश्चित करेगी कि किसी को कोई असुविधा न हो.

---

# ओबीसी कांग्रेस ने किया धरने का ऐलान

**संवाददाता ।हजारीबाग**



प्रदेश ओबीसी कांग्रेस ने 6 अगस्त को रांची राजभवन के सामने 27% ओबीसी आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर बड़ा धरना प्रदर्शन आयोजित करने का ऐलान किया है. हजारीबाग परिसदन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश ओबीसी कांग्रेस के अध्यक्ष सुरजीत नागवाला ने बताया कि झारखंड बनने के समय ओबीसी वर्ग को 27% आरक्षण मिला था, लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने इसे 14% पर सीमित कर दिया. इस कारण ओबीसी वर्ग को आरक्षण का सही लाभ नहीं मिल पाया है और उनकी सामाजिक, शैक्षणिक व आर्थिक स्थिति दयनीय बनी हुई है. उन्होंने बताया कि 2022 में झारखंड विधानसभा ने ओबीसी आरक्षण को 27% तक बढ़ाने का विधेयक पारित किया था, लेकिन राज्यपाल ने इसे कानूनी राय के हवाले से वापस लौटा दिया. इसके लिए राज्यपाल और केंद्र सरकार की सहमति न होना जिम्मेदार है. प्रदेश प्रवक्ता डॉ. प्रकाश कुमार ने बताया कि इस धरना प्रदर्शन में राज्य भर से बड़ी संख्या में लोग जुड़ेंगे, जिसमें हजारीबाग से 400 कांग्रेस नेता भी शामिल होंगे. धरना प्रदर्शन का उद्देश्य 27% आरक्षण लागू कराने के साथ-साथ जाति जनगणना, पिछड़ा वर्ग मंत्रालय का गठन, निजी क्षेत्र में आरक्षण और 50% आरक्षण सीमा हटाने की मांग भी है. प्रदेश ओबीसी कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सुरजीत नागवाला ने कहा कि इस आंदोलन के जरिए ओबीसी वर्ग के अधिकारों की रक्षा की जाएगी. 25 जुलाई को दिल्ली में आयोजित ओबीसी राष्ट्रीय कांग्रेस के न्याय सम्मेलन में भी इन मांगों को बल मिला है, जहां कांग्रेस ने जातिगत जनगणना और सामाजिक-आर्थिक समावेशन पर जोर दिया. प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश इंटेक सचिव धीरज सिंह, जिला महासचिव सुनील साहू, जिला उपाध्यक्ष मंसूर आलम सहित कई कांग्रेस नेता मौजूद थे. 6 अगस्त को राजभवन घेराव में दस हजार से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति की पांचवीं वर्षगांठ पर समारोह

**संवाददाता ।हजारीबाग**



राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर बुधवार को पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय, बीएसएफ मेरु, हजारीबाग में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए.

समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें विधायक समेत विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों एवं अतिथियों ने भाग लेकर मां सरस्वती से ज्ञान और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा का आशीर्वाद प्राप्त किया. इसके बाद विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक शिक्षा प्रणाली की झलक प्रस्तुत की. कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा सौर ऊर्जा पर आधारित विज्ञान प्रदर्शनी रही, जिसका उद्घाटन विधायक प्रदीप प्रसाद ने किया. उन्होंने बच्चों द्वारा बनाए गए वैज्ञानिक मॉडल्स को ध्यानपूर्वक देखा और उनके नवाचार एवं रचनात्मकता की सराहना की. विधायक ने विद्यालय परिसर में पी एम श्री योजना के अंतर्गत निर्मित शिलापट का भी अनावरण किया. अपने संबोधन में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का आभार प्रकट करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव बताया. उन्होंने कहा कि यह नीति बच्चों को मातृभाषा में शिक्षा पाने, विषयों के चयन में लचीलापन और रोजगारोन्मुख कौशल विकसित करने का अवसर देती है. उन्होंने नई शिक्षा नीति को ₹ज्ञान और संस्कार का संतुलन₹ बताते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों में सोचने, खोजने, बनाने और बदलने की शक्ति विकसित करती है. कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ. विधायक ने विद्यालय परिवार को सफल आयोजन की बधाई देते हुए विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहने का संदेश दिया.

## पेज-3 का शेष

### नीरज के शव के साथ किसने...

जिसमें मृतक नीरज के भाई अभिषेक सिंह, शिवम सिंह गवाह हैं, यहां तक कि अभिषेक सिंह ने ही डॉक्टर से शव को प्राप्त किया है. उन्होंने डॉक्टर और पुलिस के सारे सवालों का जवाब भी दिया तो सवाल उठता है कि उसे एफआईआर करने से किसने रोका था? इसका साफ मतलब है कि एफआईआर एक सोची समझी साजिश के तहत फंसाने के लिए की गई. जिसे एफआईआर नहीं बल्कि अनुसंधान के दौरान दिया गया बयान ही माना जा सकता है क्योंकि उस समय अनुसंधान काफी आगे निकल गया था. इतना ही नहीं अमर सिंह ने भी अपने बयान में कहा कि उसने पुलिस व मीडिया को बताया था कि चार लोग आए और गाड़ी में सवार चार लोगों को मारकर भाग गए तो अमर सिंह के बयान को एफआईआर क्यों नहीं बनाया गया? उन्होंने अनुसंधानकर्ता निरंजन तिवारी और मामले के सूचक अभिषेक सिंह के बीच सांठगांठ होने की बात करते हुए कहा कि किसके आदेश से निरंजन तिवारी को मामले का अनुसंधानकर्ता बनाया गया था, यह बात रिकॉर्ड पर उपलब्ध नहीं है क्योंकि दोनों का थाना क्षेत्र अलग-अलग था. सरायढेला थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह थे जबकि निरंजन तिवारी चिरकुंडा थाना के थाना प्रभारी थे, ऐसे में निरंजन तिवारी किसके आदेश से इस मामले के अनुसंधानकर्ता बने रिकॉर्ड पर यह तथ्य नहीं है. यह अभिषेक सिंह और निरंजन तिवारी के बीच सांठगांठ होने की बात को दर्शाता है. उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले के अनुसंधान में कानून के सभी प्रावधानों की अनुसंधानकर्ता ने धज्जियां उड़ाकर रख दी. मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट किसके आदेश से बनाई गई? यह भी रिकॉर्ड पर नहीं है . शव के साथ छेड़छाड़ करने के उद्देश्य से एक अयोग्य व्यक्ति द्वारा मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट बनाई गई. नीरज सिंह के शरीर के ऊपरी भाग का कोई कपड़ा उनके शरीर में नहीं था, यह कैसे संभव हो सकता है. क्योंकि घटना के तुरंत बाद मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट बनी थी और उसे सेंट्रल अस्पताल ले जाया गया था तो फिर कपड़ा कहां और कैसे गायब हो गया.अदालत ने बचाव पक्ष को बहस करने के लिए पुनः31 जुलाई की तारीख निर्धारित की है.

### जिला प्रशासन से पंद्रह एकड़...

डीटीओ ने अनुरोध किया है कि उक्त योजनाओं के लिए 15 एकड़ जमीन चिह्नित कर शीघ्र प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाए. यह पहल सड़क सुरक्षा और ड्राइविंग प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार के लिए महत्वपूर्ण है.

---

**बैठक** डीसी ने जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति की समीक्षा की, कहा

# पेयजल परियोजनाओं की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए

**शुभम संदेश।हजारीबाग**



जिला समाहरणालय सभागार में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में इन योजनाओं की अद्यतन प्रगति, जलापूर्ति की स्थिति और पेयजल से जुड़ी समस्याओं के निराकरण पर विस्तार से चर्चा की गई. उपायुक्त ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रही पेयजल आपूर्ति योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित कार्यों का शीघ्र निष्पादन किया जाए. उन्होंने कहा कि विद्युत से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कर पेयजल परियोजनाओं की सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित की जाए.

सिंह ने अधिकारियों को क्षेत्रीय भ्रमण कर जलापूर्ति योजनाओं में आ रही समस्याओं की भौतिक जांच करने और एफएचटीसी कवरेज एवं आरएस मैपिंग के भौतिक सत्यापन के माध्यम से लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. इसके साथ ही ₹हर घर जल योजना₹, सिंगल विलेज और मल्टी विलेज स्कीम की नियमित मॉनिटरिंग पर भी बल दिया गया. स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत पीवीटीजी (अत्यंत पिछड़ा जनजातीय समूह) समुदायों के लिए शौचालय निर्माण की कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश भी दिया गया. उपायुक्त ने ओडीएफ प्लस के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया. बैठक में पेयजल आपूर्ति से संबंधित कार्यों, जल स्रोतों की वर्तमान स्थिति, जल टंकियों की दशा, मरम्मत कार्यों और योजनाओं की प्रगति की प्रखंडवार समीक्षा की गई. बैठक में उप विकास आयुक्त इस्तियाक अहमद, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे.

### फाइलेरिया के उन्मूलन के लिए दवा का सेवन है जरूरी

**हजारीबाग।** जिला समाहरणालय सभागार में बुधवार को उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए ₹एमडीए-आईडीए अभियान 2025₹ की तैयारी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. इस अभियान का आयोजन आगामी 10 अगस्त से 25 अगस्त तक जिले भर में किया जाएगा. बैठक में स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया. उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि फाइलेरिया जैसी गंभीर संक्रामक बीमारी की रोकथाम और उन्मूलन के लिए सभी नागरिकों को दवा सेवन कराना आवश्यक है. उन्होंने कहा कि यह अभियान जनहित में अत्यंत जरूरी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि तत्काल प्रभाव से अभियान की सभी तैयारियां शुरू की जाएं. विशेषकर जनजागरूकता, प्रचार-प्रसार और सामुदायिक सहभागिता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि लोगों को दवा खाने के लिए प्रेरित करना सबसे महत्वपूर्ण है.अभियान के दौरान जिले के आंगनबाड़ी केंद्र, वार्ड कार्यालय, स्वास्थ्य उपकेंद्र, प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, विद्यालय, महाविद्यालय, तकनीकी संस्थान, निजी और सरकारी कार्यालयों में एमडीए-आईडीए की दवाएं निःशुल्क वितरित की जाएंगी. साथ ही, जो लाभार्थी छूट जाएंगे, उन्हें स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर दवाएं देंगे.

शुभम संदेश
रांची, गुरुवार 31 जुलाई, 2025






# वाराणसी की मुस्लिम महिलाओं ने प्रधानमंत्री मोदी को भेजी राखी

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता पर मुस्लिम महिलाओं ने खुशी जताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राखियां भेजी हैं. मुस्लिम महिलाओं ने ऑपरेशन सिन्दूर के लोगो के साथ सितारा व गोटा आदि से सजाकर यह राखियां अपने हाथों से बनाई हैं. मुस्लिम महिलाओं ने राखी भेज कर प्रधानमंत्री के विरोधियों को स्पष्ट संदेश दिया कि वो मोदी से रिश्तों से बंधी हैं. मुस्लिम महिला फाउंडेशन एवं विशाल भारत संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में लमही स्थित सुभाष भवन में जुटी मुस्लिम महिलाओं ने ढोलक की थाप पर प्रधानमंत्री के लिए गीत गाये. फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नाज़नीन अंसारी ने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर के जरिए प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान को घुटने पर लाकर बहन बेटियों का सिन्दूर उजाड़ने वालों को सबक सिखाया. कहा कि सिन्दूर की कीमत एक भाई से बढ़कर और कौन जान सकता है, जो हर कीमत पर अपनी बहन के सम्मान और उसके सिन्दूर की रक्षा के लिए अपनी जान की बाजी लगा देता है. सिन्दूर भारत की महान संस्कृति, परम्परा और उच्च चरित्र का प्रतीक है. नाजनीन ने कहा कि जो भारत की संस्कृति को मानता ही नहीं, जिनके घरों में सिन्दूर का सम्मान नहीं है, ऐसे लोग इसका विरोध करके पाकिस्तान को लाभ पहुचायेंगे. ऑपरेशन सिन्दूर का विरोध करना राष्ट्रद्रोह है. सेना से गोपनीय बातों को पूछना दुश्मनों को लाभ पहुंचाने की तरह है. विशाल भारत संस्थान की राष्ट्रीय महासचिव डॉ. अर्चना भारतवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की लाज रखी. जिन्होंने सिन्दूर उजाड़ा था, उनको दोजख में भेज दिया. प्रधानमंत्री एक भाई की तरह बहनों का ख्याल रखते हैं.

## न्यूज अपडेट

### छत्तीसगढ़ के दुर्ग में मोक्षित कॉर्पोरेशन के ठिकानों पर छापेमारी

**रायपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) एवं आर्थिक अपराध अन्वेषण विंग (ईओडब्ल्यू) की संयुक्त टीम ने छत्तीसगढ़ के दुर्ग में बड़ी कार्रवाई की है. टीम ने बुधवार को मोक्षित कॉर्पोरेशन के दुर्ग स्थित 3 आवासीय परिसरों और उनके कार्यालय पर छापा मारा है. आधिकारिक सूत्रों के अनुसार इस बड़ी कार्रवाई में 24 से अधिक अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं. छापे की कार्रवाई के दौरान ईडी की टीम के साथ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान भी बड़ी संख्या में सुरक्षा के लिहाज से मौके पर मौजूद हैं. यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीजीएमएससी) में हुए 650 करोड़ रुपये से अधिक के कथित घोटाले से जुड़ी बताई जा रही है.

### वायनाड हादसे के पीड़ितों का कर्ज माफ करे केंद्र : प्रियंका गांधी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने वायनाड क्षेत्र में पिछले साल हुए हादसे पर केंद्र सरकार के रवैये पर सवाल उठाया है. उन्होंने कहा कि एक साल बाद भी वायनाड हादसे के पीड़ित लोग संघर्ष कर रहे हैं. यह बेहद दुखद है कि सरकार ने पीड़ितों के लिए भेजी गई सहायता को ऋण के रूप में भेजा. पीड़ितों का कर्ज माफ किया जाना चाहिए. प्रियंका गांधी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा, ₹वह लोग उस ऋण को कैसे चुकाएंगे? केंद्र सरकार के लिए यह एक छोटी सी राशि है, प्रधानमंत्री को यह पैसा माफ कर देनी चाहिए.₹ प्रियंका ने कहा कि वह संसद में चल रही बहस के कारण वायनाड नहीं पहुंच सकीं, लेकिन उन्होंने वहां के लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं.

### 127 साल बाद भारत लौटी भगवान बुद्ध की पवित्र पिपरहवा अस्थियां

**नयी दिल्ली।** भगवान बुद्ध की पवित्र पिपरहवा अस्थियां 127 वर्षों के बाद भारत वापस लौट आई हैं. इस ऐतिहासिक पल की जानकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी. उन्होंने कहा कि यह हर भारतीय के लिए अत्यंत गर्व का विषय है. प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा- हर भारतीय को गर्व होगा कि भगवान बुद्ध की पवित्र पिपरहवा अस्थियां 127 साल बाद फिर भारत लौट आई हैं. ये अस्थियां भारत और भगवान बुद्ध के बीच गहरे ऐतिहासिक और आध्यात्मिक संबंधों को दर्शाती हैं. यह हमारी समृद्ध संस्कृति के संरक्षण और सम्मान के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक भी है. बता दें कि पिपरहवा उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले में स्थित एक ऐतिहासिक स्थल है. वर्ष 1898 में यहां की गई खुदाई में भगवान बुद्ध की अस्थियां प्राप्त हुई थीं.

### तिथि बढ़ा: अब 15 अगस्त तक कर सकेंगे पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन

**नयी दिल्ली।** इस वर्ष के पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन/अनुमोदन जमा करने की अंतिम तारीख 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 अगस्त, कर दी गई है. गृह मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन/अनुमोदन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (https://awards.gov.in) पर ऑनलाइन प्राप्त की जाएंगी. गणतंत्र दिवस, 2026 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार-2026 के लिए नामांकन/अनुमोदन इस वर्ष की प्रक्रिया इस वर्ष 15 मार्च से चल रही थी, जो गुरूवार (31 जुलाई) को समाप्त होने वाली थी. पद्म पुरस्कार, अर्थात- पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं.

### सपा कार्यकर्ताओं ने मौलाना साजिद रशीदी को मारा थप्पड़

**नोएडा।** सेक्टर 126 थाना क्षेत्र स्थित एक निजी न्यूज चैनल के स्टूडियो में उस समय हंगामा हो गया, जब ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी को समाजवादी पार्टी (सपा) के कार्यकर्ताओं ने थप्पड़ मार दिया. यह घटना एक टीवी डिबेट शो के बाद हुई, जिसमें मौलाना ने सपा सांसद डिंपल यादव के मस्जिद में पहनावे को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी. मौलाना ने आरोप लगाया कि कार्यक्रम समाप्त होते ही दो-तीन युवक मंच पर आए और उन्हें बिना किसी बात के पीटना शुरू कर दिया. कुछ लोगों के बीच-बचाव करने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए. मौलाना ने इस संबंध में नोएडा के थाना सेक्टर 126 में शिकायत दर्ज कराई है.

### मणिपुर दौरे पर पहुंचे भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी

**इम्फाल।** भारतीय थलसेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने मणिपुर का एक दिवसीय दौरा किया, जिसमें उन्होंने राज्य की वर्तमान सुरक्षा स्थिति और सेना की परिचालन तत्परता की समीक्षा की. इस दौरान उन्होंने असम राइफल्स और सेना के जवानों से मुलाकात की और जमीनी हालात की जानकारी ली. गुवाहाटी स्थित रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार, सेना प्रमुख को राज्य में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए चल रहे प्रयासों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई. जनरल द्विवेदी ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में जवानों के अनुशासन, धैर्य और समर्पण की सराहना की. दौरे के दौरान सेना प्रमुख ने मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से शिष्टाचार भेंट की. इस बैठक में राज्य की सुरक्षा और विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई.

## भारत ने बहाल किए सीरिया से राजनयिक संबंध, कूटनीति पर चर्चा

# अल-जोलानी सरकार से बढ़ाया सहयोग

एजेंसी। दमिश्क

भारत ने सीरिया की नई सरकार के साथ अपने डिप्लोमेटिक संबंध बहाल कर लिए हैं. इस ऐतिहासिक पहल के तहत भारत के विदेश मंत्रालय के पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका के ज्वाइंट सेक्रेटरी सुरेश कुमार ने दमिश्क में सीरियाई विदेश मंत्री असद हसन अल-शिबानी से मुलाकात की. यह भारत की तरफ से सीरिया की नई सरकार के साथ पहली आधिकारिक बातचीत मानी जा रही है. भारतीय प्रतिनिधिमंडल और सीरियाई अधिकारियों के बीच हुई इस बैठक में दोनों देशों के बीच रिश्तों को गहरा करने, आपसी हितों को मजबूत करने और कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई. खासतौर पर स्वास्थ्य सहयोग, दवा निर्यात, चिकित्सा प्रशिक्षण, नर्सिंग एवं फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया.
सीरिया में दिसंबर 2024 में बशर अल-असद की सरकार का पतन हो गया था, जिसके बाद अहमद अल-शरा, जिन्हें अल-जोलानी के नाम से भी जाना जाता है, ने देश पर नियंत्रण कर लिया.

अल-जोलानी का नाम पहले अल-कायदा और आईएसआईएस से जुड़ी आतंकी गतिविधियों में उभर कर सामने आया था, लेकिन अब वे देश के राष्ट्रपति बन चुके हैं. पश्चिमी देशों सहित कई अन्य देशों ने भी अब तक अल-जोलानी की सरकार को मान्यता नहीं दी थी. हालांकि, हाल ही में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सऊदी अरब के रियाद में अल-जोलानी से मुलाकात की थी, जो एक बड़ा राजनीतिक संकेत माना गया था. इसके बाद भारत ने भी अपनी कूटनीतिक रणनीति में बदलाव करते हुए नई सरकार के साथ संबंध स्थापित किए हैं.

भारत ने दशकों से सीरिया के साथ पारंपरिक तौर पर दोस्ताना संबंध बनाए रखे हैं. पूर्व में असद सरकार के साथ भारत के संबंध अच्छे रहे, लेकिन भारत ने सीरिया के आंतरिक संघर्ष में किसी भी पक्ष के साथ खुलकर गठबंधन करने से बचा. भारत ने सीरिया में किसी भी फाड़ को बढ़ावा नहीं दिया और इस विवाद में तटस्थता बनाए रखी. भारत ने लंबे समय तक गोलान हाइट्स को लेकर सीरिया का पक्ष लिया है, जो इजरायल के नियंत्रण में है. इस मुद्दे पर भारत ने स्पष्ट रूप से कहा कि यह क्षेत्र सीरियाई संप्रभुता का हिस्सा है. बदले में, असद सरकार ने कश्मीर मुद्दे पर भारत का समर्थन किया और कश्मीर को भारत का अभिन्न हिस्सा बताया. अब सवाल यह उठ रहा है कि नई सरकार का कश्मीर मुद्दे पर क्या रुख होगा, खासतौर पर जब इसका नेतृत्व ऐसे व्यक्ति कर रहे हैं जिनका नाम पहले आतंकी संगठनों से जुड़ा रहा है. इसके बावजूद भारत ने इस नई सरकार के साथ संबंध मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाया है, जिससे यह संकेत मिलते हैं कि भारत अपनी रणनीति में दक्षिण एशिया से बाहर पश्चिम एशिया में भी अपनी उपस्थिति और प्रभाव बढ़ाना चाहता है.



मुलाकात में सीरियाई स्वास्थ्य मंत्री मुसाब अल-अली से भी भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने बातचीत की. दोनों पक्षों ने युद्ध से जर्जर हुई सीरियाई स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को पुनर्जीवित करने के लिए सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई. भारत ने दवा निर्यात बढ़ाने, सीरियाई डॉक्टरों के लिए चिकित्सा प्रशिक्षण, नर्सिंग और फार्मा इंडस्ट्री में सहयोग जैसे विषयों को आगे बढ़ाने पर चर्चा की. सीरिया में चल रहे लंबे युद्ध ने स्वास्थ्य व्यवस्था को पूरी तरह से प्रभावित किया है. यहां की स्वास्थ्य सेवाएं न केवल अवसंरचना की कमी से जूझ रही हैं, बल्कि वित्तीय और मानव संसाधन की कमी भी बड़ी चुनौती बनी हुई है.

भारत की मदद से सीरियाई स्वास्थ्य सेवा को पुनर्निर्मित करने का प्रयास दोनों देशों के लिए फायदेमंद होगा. यह पहली बार है जब भारत ने सीरिया की नई सरकार के साथ इतनी निकटता दिखाई है. इससे भारत की पश्चिम एशिया में बढ़ती महत्वाकांक्षा और कूटनीतिक सक्रियता का पता चलता है. भारत ने अब तक इस क्षेत्र में अपनी भूमिका सीमित रखी थी, लेकिन इस कदम से यह स्पष्ट होता है कि भारत इस जटिल क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाना चाहता है.

भारत की यह नीति न केवल सीरिया के साथ बेहतर रिश्ते स्थापित करने पर केंद्रित है, बल्कि इससे भारत को क्षेत्रीय स्थिरता और सुरक्षा में भी भूमिका निभाने का अवसर मिलेगा. भारत इस क्षेत्र में ऊर्जा सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी सहयोग और आर्थिक साझेदारी को लेकर भी सक्रिय है. सीरिया की नई सरकार के साथ भारत का यह कदम नई राजनीतिक और कूटनीतिक युक्ति का संकेत है. अल-जोलानी की सरकार से जुड़ने का मतलब है कि भारत मध्य पूर्व में अपनी रणनीति को न केवल टिकाऊ बनाना चाहता है, बल्कि वहां की बदलती राजनीतिक परिस्थितियों के साथ तालमेल भी बैठाना चाहता है. भारत की इस नीति का असर न केवल भारत-सीरिया संबंधों पर पड़ेगा, बल्कि पूरे पश्चिम एशिया क्षेत्र की राजनीति में भी इसका अहम योगदान होगा. आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि कश्मीर सहित अन्य संवेदनशील मुद्दों पर नई सीरियाई सरकार का रुख क्या होगा और भारत अपनी नई रणनीति के तहत किस तरह से क्षेत्रीय शांति एवं विकास में योगदान देगा.

### ईरान ने वार्ता में हस्तक्षेप के ट्रंप के दावे को किया खारिज

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे को सख्ती से खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान ने इजराइल और हमास के बीच गाजा संघर्षविराम वार्ता में हस्तक्षेप किया है. ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माईल बघई ने मंगलवार को जारी एक आधिकारिक बयान में इस आरोप को "पूरी तरह निराधार" बताया. यह बयान उस वक्त आया जब ट्रंप ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री किअर स्टारमर के साथ मुलाकात के दौरान दावा किया कि "मुझे लगता है कि ईरान ने इस वार्ता में हस्तक्षेप किया है, हमास को इशारे और आदेश दिए जा रहे हैं." हालांकि ट्रंप ने इस आरोप के समर्थन में कोई ठोस प्रमाण नहीं दिया. इसी के जवाब में बघई ने कहा, "यह आरोप केवल अमेरिका की उस भूमिका से ध्यान भटकाने का प्रयास है, जो उसने इजराइल के फिलीस्तीनी जनता के खिलाफ किए गए 'अत्याचारों' में निभाई है." उन्होंने कहा कि हमास के वार्ताकार "गाजा की जनता के हितों को पहचानने और उनका पालन करने में पूरी तरह सक्षम हैं, उन्हें किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है.

### कारगिल युद्ध के पूर्व सैनिक को बताया 'बांग्लादेशी'

**पुणे।** चंदननगर इलाके में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां कारगिल युद्ध में लड़ चुके पूर्व सैनिक हकीमुद्दीन शेख के परिवार पर शनिवार देर रात कुछ हिंदुत्ववादी संगठन के लोगों ने कथित रूप से हमला किया. पीड़ित परिवार का आरोप है कि हमलावर जबरन उनके घर में घुसे और नागरिकता साबित करने के लिए आधार कार्ड दिखाने को कहा. पुणे में रहने वाले हकीमुद्दीन के भाई इरशाद शेख ने बताया कि देर रात कुछ अज्ञात लोग उनके घर का दरवाजा खटखटाकर अंदर घुस आए और आधार कार्ड की मांग की. जब उन्होंने पहचान पत्र दिखाए, तो उन्हें फर्जी बताकर परिवार को 'बांग्लादेशी' कहा गया. इरशाद शेख ने दावा किया कि उन्होंने समझाने की कोशिश की कि उनका परिवार दशकों से पुणे में रह रहा है और उनके बड़े भाई हकीमुद्दीन शेख भारतीय सेना में सेवा दे चुके हैं. उनके दो चाचा भी सेना में रह चुके हैं. इरशाद ने आरोप लगाया कि हमलावर 'जय श्री राम' के नारे लगा रहे थे और उन्हें जबरन पुलिस स्टेशन चलने के लिए मजबूर कर रहे थे.

### मेघालय विस से कांग्रेस का सफाया, रोनी एनपीपी में

**शिलॉन्ग।** मेघालय में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है. राज्य विधानसभा में कांग्रेस के एकमात्र बचे विधायक रोनी वी लिंगदोह ने भी पार्टी छोड़कर सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) का दामन थाम लिया है. माइलीम निर्वाचन क्षेत्र से विधायक लिंगदोह ने विधानसभा अध्यक्ष थॉमस ए संगमा को पार्टी बदलने संबंधी पत्र सौंपा और बुधवार को एनपीपी में शामिल हो गए. वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने पांच सीटों पर जीत दर्ज की थी. हालांकि, समय के साथ उसके विधायक पार्टी छोड़ते गए. इनमें से एक विधायक सलेंग ए संगमा तुरा से लोकसभा चुनाव जीतकर संसद चले गए. वहीं, तीन अन्य विधायक—सेलेस्टाइन लिंगदोह (उमसनिंग), गेब्रियल वाह्लांग (नोंगस्टोइन), और चार्ल्स मार्नगर (मावहती)—ने 19 अगस्त 2024 को एनपीपी की सदस्यता ले ली थी. उनके दलबदल को विधानसभा अध्यक्ष ने दलबदल विरोधी कानून के तहत मान्यता दी थी.

## ऑनलाइन जुए पर राष्ट्रीय कानून की मांग तेज

एजेंसियां। नयी दिल्ली

देशभर में तेजी से फैल रहे ऑनलाइन जुए (रियल मनी गेमिंग) के कारण हजारों करोड़ रुपये की लूट और लाखों परिवारों के बर्बाद होने की घटनाएं सामने आ रही हैं. इस गंभीर विषय पर नियंत्रण हेतु हिंदू जनजागृति समिति के 'सुराज्य अभियान' द्वारा गोवा और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों से भेंट कर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 252 के तहत केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजने की मांग की गई. दोनों मुख्यमंत्रियों ने इस प्रस्ताव को केंद्र को भेजने का सकारात्मक आश्वासन दिया है. छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में श्री सुनील घनवट, श्री रणजीत सावरकर सहित कई अन्य प्रतिनिधि शामिल थे. वहीं गोवा में



डॉ. प्रमोद सावंत से मिलने वाले शिष्टमंडल में श्री राजेंद्र देसाई, श्री नारायण नाडकर्णी आदि सम्मिलित थे. दोनों मुख्यमंत्रियों ने इस विषय की गंभीरता को स्वीकारते हुए शीघ्र ही केंद्र को प्रस्ताव भेजने की घोषणा की.
ऑनलाइन जुए से समाज को हो रहे नुकसान के आंकड़े भी चौंकाने वाले हैं. गोवा मेडिकल कॉलेज के अनुसार, 8% मेडिकल छात्रों में गेमिंग की लत पाई गई है, वहीं जीएससीपीसीआर के अनुसार 20% किशोर इस लत के जोखिम में हैं. जून 2025 में एक 19 वर्षीय युवक ने जुए में नुकसान के बाद आत्महत्या कर ली. छत्तीसगढ़ में भी आत्महत्याएं, अवैध ऐप्स का खुलासा और करोड़ों की जब्ती हो चुकी है. ऑनलाइन जुए के प्रचार में फिल्मी सितारों की भागीदारी और 'ड्रिम11' जैसे ऐप्स के जरिए लाखों युवाओं से धोखाधड़ी की घटनाएं चिंता का विषय बन चुकी हैं. केंद्र सरकार ने जीएसटी चोरी के मामले में कई कंपनियों को नोटिस भेजे हैं, जिसमें केवल 'ड्रिम11' पर ही 25,000 करोड़ बकाया है. सुराज्य अभियान का स्पष्ट मत है कि केवल राज्यस्तरीय कानून पर्याप्त नहीं, बल्कि राष्ट्रव्यापी कठोर कानून ही इस संकट का समाधान है. इसके लिए अधिक राज्यों से अनुच्छेद 252 के अंतर्गत प्रस्ताव भेजने की आवश्यकता है

### ईडी ने 386 करोड़ रुपए की संपत्तियां लौटाईं

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), मुंबई आंचलिक कार्यालय ने करनाला नगरी सहकारी बैंक लिमिटेड, पनवेल से जुड़े धनशोधन मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए 386 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां एमपीआईडी के सक्षम प्राधिकारी (महाराष्ट्र सरकार द्वारा नियुक्त) को वापस सौंप दी हैं. यह संपत्तियां उन जमाकर्ताओं को वितरित की जाएंगी जिन्होंने इस बैंक में अपना पैसा खो दिया था. यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 5 के तहत की गई, जिसके अंतर्गत ईडी ने उक्त संपत्तियों को 17 अगस्त 2021 और 12 अक्टूबर 2023 को अस्थायी रूप से कुर्क किया था.

## अजब-गजब

# भिखारी की दो बीवियों ने मचाया हंगामा

### कलेक्टर से बोला भिखारी- साहब 3 हज़ार रोज़ कमाता था अब धंधा हो गया चौपट

एजेंसियां। नयी दिल्ली

मध्य प्रदेश के खंडवा में एक जनसुनवाई के दौरान ऐसा वाकया हुआ, जिसने वहां मौजूद सभी लोगों को हैरान कर दिया। कलेक्टर सहित तमाम बड़े अधिकारी वहां बैठे थे, तभी एक दिव्यांग भिखारी ने अपनी दो बीवियों की लड़ाई की ऐसी शिकायत की, जिसे सुनकर हर कोई दंग रह गया।

**भिखारी की अजीब समस्या :** दिव्यांग भिखारी शफीक शेख ने कलेक्टर को बताया कि उसकी दो बीवियां हैं, जो आपस में हर वक्त झगड़ती रहती हैं। इस झगड़े की वजह से उसका भीख मांगने का धंधा पूरी तरह चौपट हो रहा है। शफीक ने साफ कहा कि वह दोनों बीवियों को छोड़ना नहीं चाहता, बल्कि उन्हें एक ही छत के नीचे साथ रखना चाहता है। उसकी इस बात को सुनकर कलेक्टर ऋषव कुमार गुप्ता और वहां मौजूद अन्य अधिकारी हैरान रह गए। कलेक्टर ने इस अनोखी शिकायत को जांच के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग को भेज दिया है। अब विभाग शफीक की दोनों पत्नियों को बुलाकर मामले को सुलझाने की कोशिश करेगा।

**दो साल में दो निकाह :** शफीक ने बताया कि उसकी पहली बीवी का नाम शबाना है, जिससे उसका निकाह 2022 में हुआ था। वहीं, दूसरी बीवी फरीदा से उसने 2024 में निकाह किया। शफीक नेत्रहीन है और खंडवा से महाराष्ट्र के बीच चलने वाली ट्रेनों और बसों में भीख मांगकर अपना गुजारा करता है। उसने बताया कि वह रोजाना भीख मांगकर दो से तीन हजार रुपये कमा लेता है और दोनों बीवियों को पालने में सक्षम है। लेकिन बीवियों के बीच लगातार होने वाले झगड़ों ने उसकी जिंदगी मुश्किल कर दी है।

#### 'कलेक्टर साहब, बीवियों को समझाइए'

शफीक ने कलेक्टर से गुहार लगाई कि उनकी बीवियों को समझाया जाए ताकि वे आपस में झगड़ा न करें। उसने कहा कि बीवियों के झगड़े की वजह से वह भीख मांगने नहीं जा पाता, जिससे उसकी कमाई पर भी असर पड़ रहा है। शफीक का कहना है कि वह दोनों बीवियों को एक साथ रखना चाहता है, लेकिन उनके झगड़ों ने उसका जीना मुहाल कर दिया है।

#### कलेक्टर ने ये कहा

शफीक की इस अनोखी फरियाद को सुनकर कलेक्टर कुछ देर के लिए तो सन्न रह गए। फिर मुस्कुराते हुए उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को इस मामले को सुलझाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शफीक की दोनों पत्नियों को बुलाकर उन्हें समझाइश दी जाए। शफीक ने साफ कहा कि वह दोनों बीवियों को एक ही घर में रखना चाहता है, लेकिन उनके आपसी झगड़ों की वजह से वह परेशान है। इन झगड़ों को निपटाने में उसका समय और कमाई दोनों बर्बाद हो रहे हैं।

## घोर कलयुग

### साहित्यकार श्रीनाथ खंडेलवाल का लोगों ने चंदा लेकर किया अंतिम संस्कार, देखने तक नहीं आए बेटा-बेटी

# 80 करोड़ की संपत्ति के मालिक पद्मश्री श्रीनाथ की वृद्धाश्रम में हुई मौत

एजेंसियां। नयी दिल्ली

एक पुरानी कहावत है कि पूत कपूत तो का धन संचय, पूत सपूत तो का धन संचय, ये सच कर देने वाली कहावत इस समय एक कीड़े की तरह फैल हो रही है। क्योंकि इस आधुनिक भरे जमाने में परिवार के साथ कोई नहीं रहना चाहता है, चाहे वो अपने मां-बाप ही क्यों न हों।
संतान अपने स्वार्थ के चलते मां-बाप के प्यार को भी दरकिनार करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। इसका जीता-जागता उदाहरण आप वृद्धाश्रम में रह रहे लोगों के बीच देख सकते हैं।
ऐसा ही दिल दहला देने वाला मामला वाराणसी में देखने को मिला है।



जिसमें पद्मश्री से सम्मानित आध्यात्मिक साहित्यकार श्रीनाथ खंडेलवाल, जो 80 करोड़ संपत्ति के मालिक थे, लेकिन इसके बावजूद उनके बेटे-बच्चों ने उन्हें वृद्धाश्रम में रहने के लिए मजबूर कर दिया। और 80 वर्ष की आयु में उनकी वृद्धाश्रम में मौत हो गई। हद तो तब हुई जब अपने पिता के आखिरी दर्शन करने के लिए और उन्हें कंधा देने के लिए उनका कोई भी परिजन उनके पास नहीं पहुंचा।

#### 2023 में पद्मश्री से सम्मानित

काशी के रहने वाले श्रीनाथ खंडेलवाल ने सौ से अधिक किताबें लिखी हैं। जिसके चलते उन्हें 2023 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। परिवार में उनके दो बेटे और एक बेटी है। उनका बेटा बिजनेमैन है और बेटी सुप्रीम कोर्ट में वकील है। वे साहित्यकार होने के साथ एक आध्यात्मिक पुरुष भी थे।

#### बेटे-बेटी ने हड़प ली सारी जायदाद

श्रीनाथ खंडेलवाल के पास करोड़ों की संपत्ति थी। वह दिन-रात अपने साहित्य और अध्यात्म में डूबे रहते थे। और इसी बात का फायदा उठा कर उनके बेटे और बेटी ने उनकी सारी जायदाद हड़पकर उन्हें बीमार अवस्था में बेसहारा सड़क पर छोड़ दिया। इसके बाद समाजसेवी लोग उन्हें काशी कुष्ठ वृद्धाश्रम में ले आए। जहां उनकी निशुल्क सेवा होती रही और वह काफी खुश थे, लेकिन एक बार भी कोई परिजन वहां उनका हाल लेने नहीं आया।

#### चंदा लेकर हुआ अंतिम संस्कार

वृद्धाश्रम में ही उनका स्वास्थ्य बिगड़ने के बाद उन्हें आईसीयू में एडमिट किया गया और अंत में वह दुनिया को अलविदा कह गए। सबसे बड़ी विडंबना तो यह थी कि श्रीनाथ खंडेलवाल जी के मृत्यु की खबर जब उनके बच्चों को दी गई, तो व्यस्तता का हवाला देकर बेटों ने अंतिम दर्शन तक करने से इनकार कर दिया, और बेटी ने भी मुंह फेर लिया। अंत में समाजसेवी अमन ने चंदा इकट्ठा कर श्रीनाथ खंडेलवाल जी का पूरे विधि विधान से अंतिम संस्कार किया।

स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार**).
आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.